आषाढ़ शुक्ल प्रतिपदा 01:24 तक उपरांत द्वितीया विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 26 जून 2025
वर्ष 5, अंक 125, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

www.amritvichar.com

अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

अमेरिका के कैनेडी स्पेस सेंटर से उड़ान भरता फाल्कन 9 रॉकेट

शुभांशु शुक्ला सहित चार अंतरिक्ष यात्री आईएसएस के लिए रवाना, 41 साल बाद भारत की वापसी

अंतरिक्ष में लहराएगा तिरंगा

अंतरिक्ष के लिए रवाना होने से पहले हाथ हिलाकर उत्साह जताते शुभांशु शुक्ला

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने एक्सिओम स्पेस द्वारा संचालित वाणिज्यिक मिशन के तहत बुधवार को तीन अन्य अंतरिक्ष यात्रियों के साथ अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की यात्रा के लिए रवाना होकर इतिहास रच दिया। रूसी अंतरिक्ष यान के जरिए भारतीय अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा की अंतरिक्ष यात्रा के 41 साल बाद किसी भारतीय की यह यात्रा हो रही है। स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट ने दोपहर 12:01 बजे एक्सिओम मिशन के अंतरिक्ष यात्रियों के लेकर फ्लोरिडा के केनेडी स्पेस सेंटर से आईएसएस के लिए उड़ान भरी। शुक्ला के माता-पिता लखनऊ स्थित सिटी मोंटेसरी स्कूल में इस ऐतिहासिक उड़ान के गवाह बने। इसी स्कूल से शुक्ला ने पढ़ाई की है। प्रक्षेपण के 10 मिनट बाद अंतरिक्ष यात्रियों ने धरती का चक्कर काटना शुरू कर दिया, जिसके बाद शुक्ला ने अपने संदेश में कहा कि 41 साल बाद भारत की मानव अंतरिक्ष यात्रा में वापसी। ड्रैगन अंतरिक्षयान के धरती से ऊपर 200 किलोमीटर की ऊंचाई पर कक्षा में प्रवेश करने के तुरंत बाद शुक्ला ने कहा कि कमाल की राइड (यात्रा) थी। करीब 28 घंटे की यात्रा के बाद यान के गुरुवार शाम साढ़े चार बजे आईएसएस पहुंचने की उम्मीद है। लखनऊ में जन्मे शुक्ला, अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा की अंतरिक्ष यात्री पूर्व मिशन कमांडर पैगी व्हिटसन, हंगरी के अंतरिक्ष यात्री टिबोर कपू एवं पोलैंड के स्लावोज उज्नान्स्की-विस्नीव्स्की एक्सिओम-4 मिशन का हिस्सा हैं, जो भारत, पोलैंड और हंगरी के लिए मानव अंतरिक्ष यान की ओर वापसी को साकार करेगा। कक्षा में पहुंचने के बाद अंतरिक्ष यात्रियों ने अपने नए कैप्सूल का नाम 'ग्रेस' बताया। अंतरिक्ष यात्री अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में 14 दिन बिताएंगे और अपने मिशन के दौरान 60 प्रयोग करेंगे।

स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान में सवार होकर अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए रवाना होते शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य यात्री।

यह भारत के लिए गौरव का क्षण : योगी आदित्यनाथ

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में जन्मे ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को अंतरिक्ष में उड़ान भरने के लिए हार्दिक बधाई दी है। इसे भारत के लिए गौरव का क्षण बताते हुए भारत की वैज्ञानिक क्षमता की उपलब्धि कहा।

शुभांशु के साथ 140 करोड़ भारतीयों की शुभेच्छा : मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक्सिओम-4 मिशन के सफल प्रक्षेपण का स्वागत किया और कहा कि इस मिशन में भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला अपने साथ 140 करोड़ भारतीयों की शुभेच्छाएं, उम्मीदें और आकांक्षाएं लेकर गए हैं। मोदी ने 'एक्स' पर कहा कि हम भारत, हंगरी, पोलैंड और अमेरिका के अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर रवाना हुए अंतरिक्ष मिशन के सफल प्रक्षेपण का स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा कि ग्रुप कैप्टन शुक्ला अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर जाने वाले पहले भारतीय बनने की राह पर हैं। वह अपने साथ 1.4 अरब भारतीयों की शुभेच्छाएं, उम्मीदें और आकांक्षाएं लेकर गए हैं। उन्हें और अन्य अंतरिक्ष यात्रियों को शुभकामनाएं।

अंतरिक्ष से शुभांशु बोले क्या कमाल की राइड थी

नई दिल्ली। स्पेसएक्स का ड्रैगन अंतरिक्ष यान फ्लोरिडा में नासा के अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपण के 10 मिनट के भीतर पृथ्वी की कक्षा में प्रवेश कर गया और इसमें रवाना हुए भारत के अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने कहा कि कमाल की राइड (सफर) थी! अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले दूसरे भारतीय बने शुक्ला ने 41 वर्षों के अंतराल के बाद भारत की अंतरिक्ष में वापसी की घोषणा हिन्दी में की तथा सभी से उनकी यात्रा का हिस्सा बनने का आग्रह किया। शुक्ला (39) ने पृथ्वी की कक्षा से अपनी पहली टिप्पणी में कहा कि मेरे कंधों पर तिरंगा मुझे बताता है कि मैं अकेला नहीं हूं और मैं आप सभी के साथ हूं। उन्होंने कहा, नमस्कार, मेरे प्यारे देशवासियों। क्या सफर था! हम 41 साल के अंतराल के बाद अंतरिक्ष में लौटे हैं और क्या कमाल की राइड थी!

अंतरिक्ष की उड़ान ...पेज-10

संविधान की भावना का उल्लंघन भूलने वाला नहीं

आपातकाल के 50 साल

इमरजेंसी देश के लोकतांत्रिक इतिहास का सबसे काला अध्याय : प्रधानमंत्री

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि कोई भी भारतीय यह कभी नहीं भूलेगा कि आपातकाल के दौरान संविधान की भावना का कैसे उल्लंघन किया गया। उन्होंने संवैधानिक सिद्धांतों को मजबूत करने की अपनी सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। आपातकाल के 50 साल पूरे होने पर सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कई पोस्ट कर मोदी ने कहा कि यह भारतीय लोकतंत्र के इतिहास के सबसे अंधकारमय अध्याय में से एक है। कहा कि आपातकाल में संविधान में निहित मूल्यों को दरकिनार कर दिया गया, मौलिक अधिकारों को निलंबित कर दिया गया, प्रेस की स्वतंत्रता को दबा दिया गया और बड़ी संख्या में राजनीतिक दलों के नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, छात्रों और आम नागरिकों को जेल में डाल दिया गया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐसा लग रहा था जैसे उस समय सत्ता में बैठी कांग्रेस सरकार ने लोकतंत्र को बंधक बना लिया था। मोदी सरकार ने पिछले साल घोषणा की थी कि आपातकाल की बरसी को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाया

जाएगा। उन्होंने कहा कि 42वें संशोधन में संविधान में व्यापक परिवर्तन किए गए जो 25 जून 1975 को आपातकाल लगाने वाली कांग्रेस सरकार की चालों का एक प्रमुख उदाहरण है, जिसे जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार ने बाद में पलट दिया था। मोदी ने कहा कि हम अपने संविधान में निहित सिद्धांतों को मजबूत करने और विकसित भारत के अपने दृष्टिकोण को साकार करने के लिए मिलकर काम करने की अपनी प्रतिबद्धता भी दोहराते हैं।

हम प्रगति की नई ऊंचाइयों को छूएं और गरीबों तथा दलितों के सपनों को पूरा करें। आपातकाल के खिलाफ लड़ाई में डटे रहने वाले हर व्यक्ति को सलाम करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि ये लोग पूरे भारत से, हर क्षेत्र से, हर विचारधारा से थे, जिन्होंने देश के लोकतांत्रिक ढांचे की रक्षा करने के लिए मिलकर कार्य किया।

केंद्रीय मंत्रिमंडल का संकल्प, पीड़ितों का करेंगे सम्मान

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को आपातकाल का विरोध करने वाले लोगों के बलिदान का स्मरण और सम्मानित करने का संकल्प लिया। मंत्रिमंडल ने आपातकाल का विरोध करने वालों को श्रद्धांजलि देने के लिए कुछ क्षणों का मौन रखा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने उन लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए दो मिनट का मौन रखा, जिनके संविधान प्रदत्त लोकतांत्रिक अधिकार छीने गए और जिन्हें अकल्पनीय यातनाओं का सामना करना पड़ा। प्रस्ताव में कहा गया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने उन अनगिनत व्यक्तियों के बलिदान को स्मरण और सम्मानित करने का संकल्प लिया, जिन्होंने आपातकाल और भारतीय संविधान की भावना को कुचलने के प्रयासों का साहसपूर्वक विरोध किया। यह दमनचक्र 1974 में नवनिर्माण आंदोलन और संपूर्ण क्रांति अभियान को कुचलने के प्रयासों से शुरू हुआ था।

एक व्यक्ति की तानाशाही का परिणाम था आपातकालः धामी

लोकतंत्र सेनानी का सम्मान करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- मुख्यमंत्री ने किया लोकतंत्र सेनानियों से संवाद

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में 25 जून 1975 का दिन हमेशा एक काले अध्याय के रूप में याद किया जाएगा। 50 वर्ष पूर्व इसी दिन देश पर आपातकाल थोपा गया था और संविधान की आत्मा को कुचलने का प्रयास किया गया था। और यह सब एक व्यक्ति की हठधर्मिता और तानाशाही रवैए का परिणाम था।

मुख्यमंत्री धामी ने मुख्य सेवक सदन में आयोजित संविधान हत्या दिवस कार्यक्रम में लोकतंत्र सेनानियों व उनके परिवारजनों का अभिनंदन किया। आपातकाल में मीसा एवं डीआईआर बंदियों के साथ संवाद किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 1977 के उस आम चुनाव में देश की जनता ने पहली बार किसी गैर कांग्रेसी सरकार को चुनकर लोकतंत्र की नई सुबह का सूत्रपात किया। आजादी की लड़ाई के बाद वो दूसरी सबसे बड़ी जनक्रांति थी जिसने भारत को सत्ता के एकाधिकार से मुक्ति दिलाने का कार्य किया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं आपातकाल के समय भूमिगत रहकर लोकतंत्र की लड़ाई में अग्रणी भूमिका निभा रहे थे।

आकाली नेता बिक्रम मजीठिया गिरफ्तार

चंडीगढ़। पंजाब सतर्कता ब्यूरो ने मादक पदार्थों से जुड़े एक मामले में बुधवार को राज्य में 25 स्थानों पर छापेमारी के बाद वरिष्ठ अकाली नेता बिक्रम सिंह मजीठिया को गिरफ्तार कर लिया। जिन स्थान पर छापे मारे गए उनमें मजीठिया का अमृतसर स्थित आवास भी शामिल है।

- मादक पदार्थ से जुड़े मामले में सतर्कता ब्यूरो ने की कार्रवाई

मजीठिया की पत्नी और अकाली दल की विधायक गनीव कौर मजीठिया ने दावा किया कि बिक्रम के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया गया है। हालांकि, ब्यूरो ने अभी तक उस मामले के विवरण की पुष्टि नहीं की है। ब्यूरो ने पुलिस के साथ मिलकर पंजाब में 25 स्थानों पर छापे मारे, जिनमें अमृतसर और चंडीगढ़ में मजीठिया के आवास समेत नौ स्थान शामिल हैं। शिरोमणि अकाली दल (शिअद) प्रमुख सुखबीर सिंह बादल उनके बहनोई हैं। मजीठिया 2021 के एक मादक पदार्थ मामले में भी जांच का सामना कर रहे हैं। मजीठिया और उनकी पत्नी ने दावा किया कि सतर्कता ब्यूरो के सदस्य अमृतसर के ग्रीन एवेन्यू स्थित घर में जबरन घुस आए।

सीबीएसई 10वीं की परीक्षा 2026 से साल में दो बार होगी

नई दिल्ली, एजेंसी

- फरवरी में होने वाला पहला चरण अनिवार्य, दूसरा चरण वैकल्पिक
- दोनों चरणों के परिणाम क्रमशः अप्रैल और जून माह में घोषित होंगे

सीबीएसई के 10वीं कक्षा के छात्र 2026 से एक शैक्षणिक सत्र में दो बार बोर्ड परीक्षा दे सकेंगे, हालांकि फरवरी में होने वाले पहले चरण की परीक्षा में शामिल होना अनिवार्य होगा। अधिकारियों ने बुधवार को कहा कि मई में होने वाला दूसरा चरण उन छात्रों के लिए वैकल्पिक होगा जो अपना प्रदर्शन सुधारना चाहते हैं। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 10वीं कक्षा के लिए वर्ष में दो बार बोर्ड परीक्षा आयोजित करने के मानदंडों को मंजूरी दे दी है, जिसकी नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) में अनुशंसा की गई है।

सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने कहा कि पहला चरण फरवरी में और दूसरा मई में आयोजित किया जाएगा। दोनों चरणों के परिणाम क्रमशः अप्रैल और जून में घोषित किए जाएंगे।

छात्रों के लिए पहले चरण में शामिल होना अनिवार्य होगा, जबकि दूसरा चरण वैकल्पिक होगा। छात्रों को विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान और भाषाओं में से किसी भी तीन विषयों में अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने का मौका मिल सकेगा।

तय मानदंडों के अनुसार, शीतकाल में बंद रहने वाले स्कूलों के दसवीं कक्षा के छात्रों को किसी भी चरण में उपस्थित होने का विकल्प मिलेगा। इसके अनुसार, शैक्षणिक सत्र के दौरान आंतरिक मूल्यांकन केवल एक बार किया जाएगा।

सीबीएसई ने फरवरी में मसौदा मानदंडों की घोषणा की थी और हितधारकों की प्रतिक्रिया मांगी गई थी। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति की सिफारिश के मुताबिक, बोर्ड परीक्षाओं की उच्च अपेक्षा वाले पहलू को खत्म करने के लिए सभी छात्रों को किसी भी शैक्षणिक वर्ष के दौरान दो मौकों पर परीक्षा देने की अनुमति दी जाएगी।

हल्द्वानी में नहर में गिरी कार नवजात समेत 4 की मौत

संवाददाता, हल्द्वानी

- किच्छा निवासी परिवार के साथ भारी बारिश में हादसा, 3 घायल

अमृत विचार : हल्द्वानी में बुधवार सुबह भारी बारिश के दौरान कार नहर में जा गिरी। इस हादसे में नवजात समेत परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गए।

पुलिस के अनुसार, गांव बरा, किच्छा ऊधमसिंह नगर निवासी राकेश की पत्नी रामा ने सोमवार बेटे को जन्म दिया था। बुधवार को राकेश व उसका परिवार रामा को सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल से डिस्चार्ज कराकर घर ले जा रहे थे। सुबह करीब सात बजे परिवार कार से किच्छा के लिए निकला। तेज बारिश के दौरान करीब 500 मीटर आगे फायर स्टेशन के सामने मोड़ के पास कार बेकाबू होकर उफान पर आई नहर में जा गिरी। सूचना पर पास ही फायर स्टेशन से जवान मौके पर पहुंचे और नहर में कूद गए। हादसे में रामा के पति राकेश (32), मां कमला (51), जेठानी नीतू (34) और नवजात की मौत हो गई। दमकलकर्मियों ने रामा के जेठ रमेश (42) और कार चालक श्यामलाल (40) को बचा लिया। बचाव के दौरान एक दमकलकर्मी भी बहते-बहते बचा। श्यामलाल की हालत नाजुक बताई गई, वह आईसीयू में भर्ती है। प्रारंभिक जांच में दुर्घटना का कारण कार की तेज गति बताया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य की कामना की है।

विडंबना लोग आगे आए, संस्थाएं आईं, अभियान चले ... फिर भी नहीं हो सका नदी का कायाकल्प

आज भी अपने अस्तित्व को तलाश रही गोमती की धारा

श्रीकांत सिंह, पसगवां (लखीमपुर खीरी)

अमृत विचार : देश में नदियों को बचाने, उनकी अविरलता को कायम रखने के लिए समय-समय पर तमाम अभियान चलाए जाते रहे हैं, लेकिन इन सबके बीच आदि गंगा के नाम से प्रसिद्ध पौराणिक नदी गोमती लखीमपुर में आज भी अपने अस्तित्व को तलाश रही है। गोमती की अविरल जलधारा के लिए भी लोग आगे आए, अभियान चले, लेकिन इस नदी का कायाकल्प नहीं हो सका।

जिले में बरवर (मोहम्मदी क्षेत्र) से गुजरती नदी में घटता जलस्तर, व्याप्त गंदगी, जनता, जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अनदेखी भारी पड़ रही है। गोमती अपने गरिमामयी इतिहास पर आंसू बहा रही है। राज्य चिह्न में सुशोभित मछली भी गोमती नदी का स्वरूप है। पीलीभीत के माधोटांडा से उद्गमित गोमती का लगभग 40 किमी सफर लखीमपुर जिले में है। मोहम्मदी से थोड़ा पहले शुरू होकर बरवर, जहानीखेड़ा, रहजनियां होते हुए मैगलगंज से छह किमी दूर प्रसिद्ध मढ़िया घाट से एक किमी सीतापुर जिले में प्रवेश करती है। अत्यधिक जलदोहन, अतिक्रमण व खनन से सिकुड़ रहा भौगोलिक क्षेत्र गोमती के अस्तित्व व जलस्रोत के लिए संकट बन गया है। बरवर, अमरी घाट, सेमरा, जतनगंज और रहजनियां में इसमें बहुत गंदगी है, जिसके कारण इसकी धारा अवरुद्ध हो जाती है।

नदी क्षेत्र में अजबापुर चीनी मिल है। इस नदी में दो प्रमुख नाले आकर मिलते हैं, जिनमें एक छोहा है और दूसरा अंधरा छोहा है। छोहा अजबापुर चीनी मिल के किनारे से आकर सोहौना गांव होते हुए गोमती नदी में मिलता है। अंधरा छोहा मोहम्मदी के पास से निकलकर मकसूदपुर और बरवर के बीच निकलकर गोमती में मिलता है।

मोहम्मदी क्षेत्र में इस तरह नजर आती है गोमती नदी।

प्रयास हुए पर अपेक्षित परिणाम नहीं

सुशील सीतापुरी मैं तुम्हारी गोमती हूं अभियान चला रहे हैं। वॉटर वुमन शिप्रा पाठक गोमती के किनारे यात्रा करते हुए नागरिकों से रूबरू हुईं। अंतर्राष्ट्रीय वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर सतपाल सिंह ने मोहम्मदी में गोमती सेवा समाज की स्थापना की। पैदल यात्राएं कीं और अभी हाल ही में उन्होंने गोमती उद्गम से गोमती के गंगा में मिलने तक एक यात्रा की। गोमती मित्र और पर्यावरण प्रेमी हरेंद्र वर्मा ने भी गोमती यात्राएं कीं। ये दोनों गोमती के किनारे जैव विविधता का भी अध्ययन करते हैं और अनवरत प्रयास करते हैं, लेकिन प्रशासनिक और जन सहयोग न मिलने से तमाम प्रयासों का परिणाम अपेक्षित नहीं मिला। वर्ष 2018 में आए बालीवुड अभिनेता राजपाल यादव ने गोमती के उद्धार के लिए बड़ी-बड़ी घोषणाएं की थीं, लेकिन लौटकर नहीं आए।

विधायक ने उठाया था गोमती बचाओ का मुद्दा

मोहम्मदी से भाजपा विधायक और पंचायती राज विभाग के सभापति लोकेन्द्र प्रताप सिंह ने गोमती नदी के अस्तित्व को बचाने के लिए मई 2022 में विधानसभा सत्र में अपना पक्ष रखा था। उन्होंने कहा था कि गोमती उद्गम स्थल और शारदा नदी में बहुत लंबी दूरी नहीं है। ऐसी स्थिति में शारदा का अतिरिक्त पानी गोमती में छोड़े जाने पर गोमती को जीवनदान मिल जाएगा। नहर निर्माण से शारदा को बाढ़ से राहत, गोमती को निर्मलता और अविरलता के साथ ही मनरेगा मजदूरों को रोजगार भी मिलेगा।

लोकतंत्र को नष्ट करने वाले भूकंप से कम नहीं आपातकाल

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को किया कुमाऊं विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती समारोह को संबोधित

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि पचास वर्ष पहले आज ही के दिन जिस आपातकाल को थोपने का प्रयास किया गया, वह लोकतंत्र को नष्ट करने वाले भूकंप से कम नहीं था।

बुधवार को नैनीताल में कुमाऊं विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती समारोह में छात्रों और संकाय सदस्यों को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि, इसी दिन विश्व का सबसे पुराना, सबसे बड़ा और अब सबसे जीवंत लोकतंत्र एक गंभीर संकट से गुजरा था। यह संकट अप्रत्याशित था, जैसे लोकतंत्र को नष्ट कर देने वाला एक भूकंप। यह आपातकाल का थोपना था। वह रात अंधेरी थी, कैबिनेट को किनारे कर दिया गया था। उस समय की प्रधानमंत्री, जो उच्च न्यायालय के एक प्रतिकूल निर्णय का सामना कर रही थीं, ने पूरे राष्ट्र की उपेक्षा कर व्यक्तिगत हित के लिए निर्णय लिया। राष्ट्रपति ने संवैधानिक मूल्यों को कुचलते हुए आपातकाल की घोषणा पर हस्ताक्षर कर दिए। इसके बाद जो 21–22 माह का कालखंड आया, वह लोकतंत्र के लिए अत्यंत अशांत और अकल्पनीय था। यह हमारे लोकतंत्र का सबसे अंधकारमय काल था। उन्होंने आगे कहा कि, 1.40 लाख लोगों को जेलों में डाल दिया गया। उन्हें न्याय प्रणाली तक कोई पहुंच नहीं मिली। वे अपने मौलिक अधिकारों की रक्षा नहीं कर सके। नौ उच्च न्यायालयों ने साहस दिखाया और कहा कि आपातकाल हो या न हो, मौलिक अधिकार स्थगित नहीं किए जा सकते। हर नागरिक के पास न्यायिक हस्तक्षेप के जरिए अपने अधिकारों को प्राप्त करने का अधिकार है। दुर्भाग्यवश, सर्वोच्च न्यायालय, देश की सर्वोच्च अदालत धूमिल हो गई। उसने नौ उच्च न्यायालयों के निर्णयों को पलट दिया। उसने दो बातें तय की, आपातकाल की घोषणा कार्यपालिका का निर्णय है।

कुमाऊं विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती समारोह को संबोधित करते उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़।

शैक्षणिक संस्थान- नवाचार के स्वाभाविक जैविक स्थल

नैनीताल : उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने परिसर आधारित शिक्षा की भूमिका पर ज़ोर देते हुए कहा कि शैक्षणिक संस्थान केवल डिग्रियां या प्रमाणपत्र प्राप्त करने के स्थान नहीं हैं, अन्यथा वर्चुअल लर्निंग और परिसर आधारित लर्निंग में अंतर क्यों होता? आप जानते हैं, आपके साथियों के साथ बिताया गया समय आपके सोचने के तरीके को परिभाषित करता है। ये स्थान वह परिवर्तन उत्पन्न करने के लिए हैं जिसकी आवश्यकता है, जो परिवर्तन आप चाहते हैं, जो राष्ट्र आप चाहते हैं। ये विचार और नवाचार के स्वाभाविक जैविक स्थल हैं। उन्होंने कहा कि, विचार आते हैं, लेकिन विचारों पर विचार होना भी ज़रूरी है। अगर कोई विचार असफलता के डर से आता है, तो आप उसमें नवाचार या प्रयोग नहीं करते। तब हमारी प्रगति रुक जाती है। ये वे स्थान हैं जहां दुनिया हमारे युवाओं से ईर्ष्या करती है। उनके पास न केवल अपना भविष्य गढ़ने का अवसर है, बल्कि भारत की नियति गढ़ने का भी और इसलिए, कृपया आगे बढ़िए। उपराष्ट्रपति ने आगे कहा कि, एक कॉर्पोरेट उत्पाद की टैगलाइन है जिसे आप जानते होंगे– जस्ट डू इट। क्या मैं सही हूं? मैं उसमें एक और जोड़ना चाहूंगा–डू इट नाऊ (अभी करो)।

50 वर्ष पहले आज ही के दिन जिस आपातकाल को थोपने का प्रयास किया गया

आग्रह: देवभूमि से हो पूर्व छात्र संघ की शुरुआत

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने पूर्व छात्रों और उनके योगदान के महत्त्व को रेखांकित करते हुए कहा कि पिछले 50 वर्षों में आपके पास बड़ी संख्या में पूर्व छात्र हैं। किसी संस्थान के पूर्व छात्र उसके लिए अत्यंत महत्वपूर्ण घटक होते हैं।

आप सोशल मीडिया या गूगल पर देखिए, कई विकसित देशों के संस्थानों के पास 10 अरब डॉलर से अधिक का पूर्व छात्र फंड है। किसी के पास तो 50 अरब डॉलर से अधिक का भी है। यह कोई एक बार में नहीं आता, यह बूंद-बूंद से जमा होता है। मैं उदाहरण दूं कि यदि इस महान संस्थान के 1,00,000 पूर्व छात्र हर साल केवल 10,000 रुपये का योगदान करें, तो सालाना राशि 100 करोड़ रुपये होगी और सोचिए, अगर यह हर साल होता रहे, तो आपको कहीं और देखने की आवश्यकता नहीं होगी। आप आत्मनिर्भर होंगे। यह आपको संतोष देगा। साथ ही, पूर्व छात्र अपने अल्मा मेटर से जुड़ सकेंगे। वे आपको मार्गदर्शन देंगे, वो आपको संभालेंगे इसलिए मैं आग्रह करता हूं कि देवभूमि से पूर्व छात्र संघ की शुरुआत हो।

दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत करते उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, साथ में मौजूद राज्यपाल गुरमीत सिंह व अन्य।

राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण: गवर्नर

संवाददाता, नैनीताल

- राज्यपाल गुरमीत सिंह ने किया स्वर्ण जयंती समारोह को संबोधित
- विवि के शैक्षणिक व प्रशासनिक समुदाय के प्रयासों की सराहना की

अमृत विचार: राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने कुमाऊं विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षकों की भूमिका राष्ट्र निर्माण में सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। वे केवल ज्ञान नहीं देते, बल्कि व्यक्तित्व गढ़ते हैं, नेतृत्व को जन्म देते हैं और विचारों में संस्कारों का सिंचन करते हैं। शिक्षकों का कार्य केवल पाठ्यक्रम की पूर्ति तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उन्हें शोध और अध्यापन दोनों में दक्ष होना चाहिए, तकनीक का समुचित उपयोग करना चाहिए, विद्यार्थियों को मूल्य आधारित विचारधारा से जोड़ना चाहिए और उनमें 'राष्ट्र प्रथम' की भावना उत्पन्न करनी चाहिए।

उन्होंने विश्वविद्यालय के शैक्षणिक और प्रशासनिक समुदाय के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह स्वर्ण जयंती केवल उत्सव नहीं, बल्कि आत्ममंथन, संकल्प और पुनर्निर्माण का अवसर है। बीते पचास वर्षों में इस विवि ने न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता हासिल की है, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक ज्ञान की रोशनी पहुंचाने का भी कार्य किया है। यह विवि उत्तराखंड के युवाओं को नवाचार, अनुसंधान और नेतृत्व के लिए निरंतर प्रेरित करता रहा है।

राज्यपाल ने कहा कि भारत एक युवा देश है और इसकी 65 प्रतिशत जनसंख्या 35 वर्ष से कम आयु की है। इस जनसांख्यिकीय लाभ को तभी सार्थक बनाया जा सकता है, जब युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, रोजगारपरक कौशल, उद्यमशीलता और सामाजिक चेतना से युक्त किया जाए।

उन्होंने कहा कि कुमाऊं विवि को स्थानीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए वैश्विक क्षितिज की ओर अग्रसर होना चाहिए। विश्वविद्यालयों का दायित्व केवल शिक्षित करना नहीं, बल्कि युवाओं को प्रेरित, प्रशिक्षित और उत्तरदायी नागरिक के रूप में विकसित करना भी है।

उप राष्ट्रपति ने दो पौधे रौपे

कार्यक्रम से पूर्व उप राष्ट्रपति ने कार्यक्रम स्थल हरमिटेज भवन में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत अपने पिता एवं माता के नाम पर दो पौधे रोपे। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, विधायक सरिता आर्या, राम सिंह कैड़ा, पूर्व सांसद डॉ. महेन्द्र पाल, आयुक्त कुमाऊं दीपक रावत, आईजी कुमाऊं रिद्धिम अग्रवाल, डीएम वंदना, कुलपति कुमाऊं विवि दीवान सिंह रावत, उत्तराखंड ओपन यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. ओपीएस नेगी, जीबी पंत विवि के कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान सहित अन्य उपस्थित रहे।

संविधान हत्या दिवस सुनिश्चित करेगा कि ऐसा फिर न हो

पुरानी यादों को लेकर राज्यपाल गुरमीत सिंह के साथ चर्चा करते उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़।

संवाददाता, नैनीताल

- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने संविधान हत्या दिवस के महत्व को किया रेखांकित

अमृत विचार: उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को कुमाऊं विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती समारोह को संबोधित करते हुए 'संविधान हत्या दिवस' के महत्व को रेखांकित किया।

उन्होंने विशेष रूप से युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि, युवाओं को इस पर चिंतन करना चाहिए क्योंकि जब तक वे इसके बारे में जानेंगे नहीं, समझेंगे नहीं। क्या हुआ था प्रेस के साथ? किन लोगों को जेल में डाला गया? वे बाद में इस देश के प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति बने। यही कारण है कि युवाओं को जागरूक बनाना ज़रूरी है।

कहा कि, आप लोकतंत्र और शासन व्यवस्था में सबसे महत्वपूर्ण भागीदार हैं। आप इस बात को भूल नहीं सकते और न ही इस अंधकारमय कालखंड से अनभिज्ञ रह सकते हैं। बहुत सोच-समझकर, आज की सरकार ने तय किया कि इस दिन को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाया जाएगा। यह एक ऐसा उत्सव होगा जो सुनिश्चित करेगा कि ऐसा फिर कभी न हो।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि, यह उन दोषियों की पहचान का भी अवसर होगा जिन्होंने मानवीय अधिकारों, संविधान की आत्मा और भाव को कुचला। वे कौन थे? उन्होंने ऐसा क्यों किया? और सर्वोच्च न्यायालय में भी, मेरे मित्र सहमत होंगे, एक न्यायाधीश एचआर खन्ना ने असहमति जताई थी और अमेरिका के एक प्रमुख समाचार पत्र ने टिप्पणी की थी कि जब भारत में फिर से लोकतंत्र लौटेगा तो एचआर खन्ना के लिए अवश्य एक स्मारक बनेगा जिन्होंने अपने मूल्यों से समझौता नहीं किया।

उपराष्ट्रपति ने असहजता महसूस की, अब स्वस्थ

नैनीताल : उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की कुमाऊं विवि के समारोह में अचानक तबियत बिगड़ गई। वे भाषण देने के बाद मंच से उतरकर दर्शक दीर्घा में बैठे अपने पूर्व संसदीय सहयोगी डॉ. महेंद्र सिंह पाल की तरफ बढ़े। उत्तराखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ता पाल वर्ष 1989 में लोकसभा सदस्य रह चुके हैं और उस दौरान धनखड़ राजस्थान के झुंझनू से सांसद थे। धनखड़ और पाल एक–दूसरे को देखकर भावुक हो गए। एक–दूसरे से बात करने के कुछ देर बाद दोनों गले मिले और भावुक हो गए। इसी दौरान धनखड़ अचानक असहज महसूस करने लगे तो उनकी चिकित्सकीय टीम तुरंत हरकत में आयी। धनखड़ जल्द ही स्वस्थ्य हो गए और राज्यपाल गुरमीत सिंह के साथ राजभवन के लिए रवाना हो गए। स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत ने बताया कि उपराष्ट्रपति धनखड़ अब पूर्ण रूप से स्वस्थ है और घबराने की कोई जरुरत नहीं है।

मुख्य सेवक सदन में आयोजित कार्यक्रम में लोकतंत्र सेनानी का सम्मान करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

लोकतंत्र सेनानियों के हित में लाएंगे अधिनियम: मुख्यमंत्री

मुख्य संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार: मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लोकतंत्र सेनानियों के मुद्दों का तत्परता से निस्तारण करने के लिए शासन स्तर पर नोडल अधिकारी नामित करने और उनके कल्याण व हित में मानसून सत्र में अधिनियम लाने की तैयारी के निर्देश दिए हैं। लोकतंत्र सेनानी सम्मान निधि की प्रक्रिया सरल बनाने के साथ ही अधिकारियो को उनकी समस्याओं के शीघ्र निस्तारण के लिए कहा।

मुख्यमंत्री धामी ने आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने के अवसर पर मुख्य सेवक सदन में आयोजित संविधान हत्या दिवस-2025 कार्यक्रम में संबंधित सचिव को लोकतंत्र सेनानियों को तत्काल प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। कहा कि, हमारी सरकार ने लोकतंत्र सेनानियों को प्रतिमाह मिलने वाली सम्मान निधि को बढ़ाने का फैसला लिया था, जिसे आने वाले समय में और बढ़ाया जाएगा। सरकार लोकतंत्र सेनानियों की प्रत्येक समस्या के समाधान हेतु पूर्णतः प्रतिबद्ध है। राष्ट्र के प्रति अतुलनीय योगदान को जन-जन तक पहुंचाने हेतु प्रतिवर्ष लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित करते रहेंगे।

संसद का गला घोंटा, स्वतंत्रता को बंधक बनाया

मुख्यमंत्री ने कहा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को चुनावी भ्रष्टाचार का दोषी ठहराते हुए उनकी लोकसभा सदस्यता को निरस्त कर दिया गया था। सत्ता छिन जाने के भय से 25 जून की रात को भारत जैसे महान लोकतांत्रिक देश में आपातकाल की घोषणा करवा दी गई। भारतीय संसद का गला घोंट दिया गया, प्रेस की स्वतंत्रता को बंधक बना लिया गया और न्यायपालिका की गरिमा तार–तार कर लाखों देशवासियों के मौलिक अधिकारों को रौंद दिया गया। आपातकाल के उन काले दिनों में सत्ता के नशे में चूर तत्कालीन सरकार ने सभी विपक्षी नेताओं, सैंकड़ों पत्रकारों सहित हर उस आवाज का निर्ममता से दमन किया जो लोकतंत्र की रक्षा के लिए उठ रही थी। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कुचल कर पूरे देश को एक खुली जेल बना दिया गया था। मीसा और डीआईआर जैसे काले कानून को थोपकर हज़ारों लोकतंत्र समर्थकों को जेलों में ठूंस दिया गया। इस अवसर पर पूर्व सीएम भगत सिंह कोश्यारी, सचिव शैलेश बगौली, लोकतंत्र सेनानी कृष्ण कुमार अग्रवाल, प्रेम बड़ाकोटी तथा लोकतंत्र सेनानी और उनके परिजन मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

प्रदर्शनी के दौरान मौजूद विधायक सरिता आर्या व अन्य। ● अमृत विचार

शहीद लोकतंत्र सेनानियों को दी गई श्रद्धांजलि

नैनीताल : भाजपा नैनीताल मंडल की ओर से आपातकाल की 50वीं बरसी पर मल्लीताल रिक्शा स्टैंड में आपातकाल का काला दिवस विषय पर चित्र प्रदर्शनी लगाई गई। इसका शुभारंभ विधायक सरिता आर्या ने किया। मंडल अध्यक्ष नितिन कार्की ने इसे भारतीय लोकतंत्र का सबसे अंधकारमय दौर बताया और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के संकल्प दोहराया। प्रदर्शनी में आपातकाल की घटनाओं और सेनानियों के संघर्ष को चित्रों और दस्तावेजों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। अंत में देशभक्ति गीतों के साथ शहीद लोकतंत्र सेनानियों को श्रद्धांजलि दी गई। यहां दर्जाधारी शांति मेहरा, निखिल बिष्ट, मोहित लाल शाह, काजल आर्या, मयंक पंत, कमल जोशी, आनंद बिष्ट, रोहित जोशी, युवराज करायत, आशीष बजाज, काजल आर्या, आशीष बजाज, रोहित, युवराज आदि रहे।

विजेताओं को पुरस्कृत करते मुख्य अतिथि व अन्य। ● अमृत विचार

ताइक्वांडो में बिरला विद्या मंदिर ने लहराया परचम

नैनीताल : बिरला विद्या मंदिर में चल रही राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में बिरला विद्या मंदिर नैनीताल का दबदबा रहा। तीनों वर्गों में आयोजित प्रतियोगिता में बिरला विद्या मंदिर ने स्वर्ण पदक जीते। अंडर 14 वर्ग में बिड़ला विद्या मंदिर विजेता व असम वेली स्कूल उप विजेता रहा। अंडर 17वर्ग में बिड़ला विद्या मंदिर विजेता व एमरल्ड हाईट्स इंटरनेशनल स्कूल इंदौर उप विजेता रहा। अंडर 19 वर्ग में बिड़ला विद्या मंदिर विजेता व राजकुमार कॉलेज राजकोट उप विजेता रहा। 25 स्वर्ण, 5 रजत और 1 कांस्य पदक के साथ बिड़ला विद्या मंदिर को ओवरऑल चैंपियन का खिताब दिया गया। फाइनल मुकाबले में मुख्य अतिथि मुखर्जी निर्वाण और बिड़ला विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य व चेयरमैन आईपीएससी अनिल कुमार शर्मा ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस दौरान उप प्रधानाचार्य राकेश मुलासी, वित्तीय नियंत्रक संजय गुप्ता, पृथ्वीराज सिंह किरौला, लीला सिंह बिष्ट, केदार सिंह गढ़िया, आलोक कुमार अस्थाना, तुषार मिश्रा आदि उपस्थित थे। संचालन जतिन ग्रोवर ने किया।

कालाढूंगी में बाइक सवार पर गिरा पेड़, घायल

कालाढूंगी : रामनगर–कालाढूंगी हाईवे में बुधवार सुबह बाइक सवार के ऊपर अचानक पेड़ गिर गया। हादसे में युवक घायल हो गया। विनोद कुमार पुत्र जगदीश चंद्र निवासी चूनाखान बाइक में दूध लेकर आंचल दुग्ध डेरी जा रहा था। सुबह से चल रही बारिश के दौरान मुख्य हाईवे में पहुंचते ही उसके उपर बखैन का पेड़ गिर गया। हादसे में विनोद घायल हो गया व बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। ग्रामीणों ने घायल को सीएचसी भर्ती कराया। यहां से विनोद को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है।

ऑनलाइन बिक्री पर उचित जीएसटी बढ़ाएं: सेमवाल

भीमताल : ऑनलाइन शॉपिंग के बढ़ते प्रभाव से स्थानीय छोटे किराना और रिटेल

दुकानदारों को चुनौती मिल रही है। बड़े ई–कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स की सस्ते दामों और छूट की नीति से पारंपरिक दुकानदार दबाव में हैं और उनका अस्तित्व खतरे में है। यह बात प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश कार्यकारणी सदस्य अखिलेश सेमवाल ने कही है। उन्होंने बताया कि सरकार को इस मुद्दे पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। ऑनलाइन शॉपिंग पर जीएसटी दरें बढ़ाने जैसे कदम से स्थानीय व्यापार को संरक्षण मिल सकता है। यदि ऑनलाइन बिक्री पर उचित जीएसटी की वृद्धि की जाए, तो यह ई–कॉमर्स के अत्यधिक सस्ते दामों को संतुलित कर सकेगा और छोटे व्यापारियों को प्रतिस्पर्धा में मदद मिलेगी।

आज का मौसम

आसमान में बादलों के साथ भारी बारिश होने की संभावना।

32.0°	25.0°
अधिकतम तापमान	न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.15	सूर्यास्त 19.15

एक नजर

सीएम के अपर सचिव बने बंशीधर तिवारी

देहरादून : उत्तराखंड के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के महानिदेशक बंशीधर तिवारी को बुधवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के अपर सचिव का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। डीजी सूचना बंशीधर तिवारी, मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष भी हैं। प्रांतीय सिविल सेवा के 2006 बैच के अधिकारी तिवारी को 2016 में भारतीय प्रशासनिक सेवा में प्रोन्नत किया गया था।

तहसीलदार ने दिए 24 घंटे अलर्ट रहने के निर्देश

रामनगर : तहसीलदार मनीषा मरकाना ने मानसून को ध्यान में रखते हुए पनौद व धनगढ़ी नाले का निरीक्षण किया। उन्होंने लोनिवि एवं संबंधित अफसरों को 24 घंटे अलर्ट रहने के निर्देश दिए। तहसीलदार ने बताया कि निरीक्षण में धनगढ़ी ओर पनोद नाले का बहाव सामान्य और यातायात सुचारू पाया गया। उन्होंने ग्राम चुकम में सरकारी कर्मचारियों और ग्रामीणों के साथ बैठक की। नदी के तेज बहाव से भू कटाव की सुरक्षा के लिए बनाए जा रहे सीसी बांध का निरीक्षण किया।

मौत का मोड़: क्रैश बैरियर नहीं होने से सीधे नहर में गिरी कार

सबकी जुबां पर एक ही बात-नहर की सुरक्षा दीवार होती तो बच सकती थी लोगों की जान, पूरे गांव में पसरा है मातम

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: बुधवार की सुबह हल्द्वानी में यूओयू को जाने वाली सड़क पर फायर स्टेशन के पास सिंचाई नहर में कार के समाने की घटना से हर कोई सकते में है। हादसे में कुछ ही पलों में एक हंसते-खेलते परिवार के चार सदस्य हमेशा के लिए खामोश हो गए। नवजात शिशु की कोमल सांसें, ममता का स्पर्श और परिवार की चार जिंदगियां दुर्घटना के बाद नहर की तेज धार में बह गईं।

किच्छा के बरा गांव निवासी राकेश राठौर, अपनी पत्नी रामा और नवजात बच्चे समेत परिवार के बाकी सदस्यों के साथ एसटीएच से घर लौट रहे थे। बारिश की वजह से फिसलन भरे मोड़ पर, कार अनियंत्रित हो गई। कहा जा रहा है कि कार के शीशे धुंधले थे, सड़क गीली थी, और उस मोड़ पर कोई सुरक्षा दीवार या क्रैश बैरियर नहीं था जिससे कार सीधे नहर में जा गिरी। कार में सवार सात में से चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जिनमें एक नवजात भी शामिल था।

यह हादसा सिर्फ एक दुर्घटना नहीं, बल्कि सिस्टम की बेरुखी और प्रशासनिक लापरवाही का भी नतीजा है। स्थानीय पार्षद मनोज जोशी की बातों में छुपा आक्रोश और पीड़ा, प्रशासन की लापरवाही को दिखाने के लिए काफी है। उनका कहना है कि उन्होंने दो साल पहले पूरी नहर के किनारे क्रैश बैरियर लगाने की मांग उठाई थी। कुछ हिस्सों में बैरियर लगे, लेकिन बाकी को छोड़ दिया गया। मनोज जोशी कहते हैं, कि यह सड़क व्यस्त है, भीड़-भाड़ रहती है, फिर भी इसे यूं ही खतरे की सड़क बना छोड़ दिया गया।

अगर पूरी नहर पर क्रैश बैरियर होता, तो शायद चार जिंदगियां बच जातीं। घटना को लेकर स्थानीय लोगों में भी आक्रोश है। मौके पर मौजूद हर व्यक्ति यही कह रहा था कि अगर सुरक्षा दीवार होती, तो इतना बड़ा हादसा नहीं होता। नहर का यह कोई पहला मामला नहीं है इससे पहले भी खुली नहरों में हादसे हो चुके हैं। हादसे की नगर में दिन भर चर्चा होती रही।

हादसे में क्षतिग्रस्त कार को निकालती पुलिस। ● अमृत विचार

कमला देवी।

नीतू राठौर।

राकेश राठौर।

पोस्टमार्टम हाउस में रोते बिलखते परिजन। ● अमृत विचार

राठौर परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

किच्छा : पुलभट्टा थाना अंतर्गत ग्राम बरा निवासी रमेश राठौर का सामान्य परिवार है। परिवार के सभी सदस्य मेहनत मजदूरी कर जीवन यापन करते हैं जबकि नवजात शिशु के पिता मृतक राकेश राठौर मेहनत मजदूरी करने के साथ ही किराने की छोटी सी दुकान भी चलाता था। राठौर परिवार में नवजात शिशु के जन्म के बाद खुशियों के माहौल था जो कि अचानक से गम में तब्दील हो गया। किसी ने नहीं सोचा था कि पुत्र जन्म के बाद परिवार में आई खुशियों के बीच उन्हें उससे भी बड़ा गम मिलने वाला है। चार दिन पूर्व ग्राम बरा निवासी 27 वर्षीय रामा राठौर पत्नी राकेश राठौर को डिलीवरी के लिए एसटीएच में भर्ती कराया था। जहां दो दिन पूर्व रामा ने पुत्र को जन्म दिया। पुत्र के जन्म की सूचना के बाद पूरे परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। चिकित्सकों द्वारा अस्पताल से छुट्टी दिए जाने के बाद परिवार के लोग रामा राठौर सहित नवजात को लेकर बुधवार की सुबह कार से वापस घर लौट रहे थे और अचानक हादसा हो गया। नवजात, उसके पिता, नानी एवं ताई की मौत की सूचना जैसे ही परिवार तक पहुंची, परिवार में कोहराम मच गया। बताया जा रहा है कि रमेश राठौर चार भाई हैं और सभी भाइयों का संयुक्त परिवार है। ग्रामीणों के अनुसार कार दुर्घटना में मौत को चकमा देकर लौटे रमेश राठौर के परिवार के सभी सदस्य मिलनसार हैं। जिसके चलते परिवार के साथ हुए हादसे से पूरा गांव सदमे में है।

मौत को दावत दे रहे हैं खुली नहर और नाले

शहर की सिंचाई नहरें और नालों में हर साल जानलेवा हादसे हो रहें। सिंचाई नहरों में से कुछ का हिस्सा कवर कर दिया गया है लेकिन शहर में अभी भी कई जगह नहरें खुली हुई हैं। आबादी बढ़ने के साथ ही हादसे भी बढ़ते जा रहे हैं। साथ ही बारिश के दिनों में नाले भी उफान पर होते हैं। रकसिया नाला, देवखड़ी समेत सभी में नालों में जानलेवा हादसे हो चुके हैं। लोगों का कहना है कि समय की जरूरत को देखते हुए नहरों को तो पूरी तरह से कवर कर दिया जाना चाहिए। इससे सड़कें भी चौड़ी हो जाएंगी।

फायर फाइटर ने जिंदगी दांव पर लगा बचाई जान

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: इस घटना को देखने वाले लोगों का कहना है कि फायर स्टेशन के जवान ने अदम्य साहस और शौर्य का परिचय दिया है। बचाव कार्य में किसी भी जवान ने अपनी जान की तनिक भी परवाह नहीं की। उनका बस एक ही लक्ष्य था कि किसी भी तरह से ज्यादा से ज्यादा लोगों को बचाया जाए। गनीमत है कि मौके के पास ही फायर स्टेशन था।

इस वजह से मदद तत्काल पहुंच गई। घटना की जानकारी मिलते ही फायर स्टेशन पर तैनात राम कुंवर भी पहुंच गए। वह लोगों को बचाने में लग गए। बचाव के दौरान उनका पैर फिसल गया और वह नहर के बहाव में आगे को बह गए। उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और आगे जाकर एक जाल में हाथ फंसा लिया। जाल के सहारे वह किसी तरह से रुक गए और मदद के लिए चिल्लाने लगे। इसके बाद भी उन्होंने रमेश को नहीं बहने दिया और रमेश को अपने पास ही रोके रखा। अगर राम कुंवर हिम्मत खो देते तो दोनों की जान दांव पर लग जाती। आधा घंटा बाद उनके पास मदद तब पहुंची जब उनके मोबाइल से फोन कर फायर स्टेशन पर जानकारी दी गई। वहां से रेस्क्यू टीम आई। बाहर से हाइड्रा मंगवाया गया और रस्सी डालकर दोनों को बाहर निकाला गया। रामकुवर ने बताया कि आधा घंटा तक वह फंसे रहे। पहले तो उन्हें लगा शायद अब जिंदगी न बच पाए। उन्होंने बताया कि अब तक 80 से ज्यादा घटनाओं में वह लोगों को बचा चुके हैं लेकिन इस घटना में उन्हें मौत करीब से नजर आ गई। बताते हैं कि वह एक पत्थर के सहारे नहर में टिके रहे।

नहर में कूदने वाले फायर फाइटर राम कुंवर।

हल्द्वानी के सुशीला तिवारी अस्पताल में घायल का हाल जानते सांसद अजय भट्ट।

मंत्री रेखा आर्या व सांसद भट्ट ने जाना घायलों का हाल

हल्द्वानी : कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या व सांसद अजय भट्ट ने बुधवार को सुशीला तिवारी अस्पताल जाकर सिंचाई नहर में कार गिरने से हुए हादसे में घायल लोगों का हाल-चाल जाना। उन्होंने चिकित्सकों की टीम को घायलों को समुचित उपचार देने का निर्देश दिया। पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री एवं सांसद अजय भट्ट भी घटना की जानकारी मिलते ही सुशीला तिवारी अस्पताल पहुंचे, जहां घायल परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और उनका हालचाल जाना। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिए कि घायलों का उपचार प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए और किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए। दोनों नेताओं ने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की है।

बारिश के दौरान गिरी दीवार दबने से बच्ची की जान गई

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार: खेतलसंडा मुस्ताजर में बारिश के दौरान दीवार गिरने से दस वर्षीय बच्ची की दबकर मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

बुधवार सुबह से हो रही बारिश के दौरान खेतलसंडा मुस्ताजर निवासी नारायण सिंह मजदूरी में घर के पास ही धान की रोपाई कर रहा था। खेत में उसका 14 साल का बेटा भी धान की रोपाई करने में मदद कर रहा था। वहीं उसकी 10 साल की बेटी शिवांगिनी भी उनके साथ खेत में आ गई थी। इसी दौरान लगातार हो रही तेज बारिश की वजह से खेत के बराबर में बनी ईट की दीवार ढह गई और शिवांगिनी दीवार के नीचे दब गई। दीवार गिरते ही वहां अफरा-तफरी मच गई और लोगों ने दीवार हटाकर बच्ची को बाहर निकाला जो अचेत हो चुकी थी। आनन-फानन में ताऊ चरण सिंह और पूर्व प्रधान वीरेंद्र राज उसे लेकर नागरिक अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।



शिवांगिनी। (फाइल फोटो)

रंग में आ गया मानसून, झमाझम बारिश

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: मानसून आने के पांच दिन बाद झमाझम बारिश हुई है। हल्द्वानी और उसके आसपास के इलाकों में रात को शुरू हुई बारिश सुबह तक चलती रही। आने वाले दिनों में भी मूसलाधार बारिश होने का अनुमान है।

नैनीताल जिले में मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून ने पहले ही ओरेंज अलर्ट जारी किया था। 25 जून की रात से ही बारिश का सिलसिला शुरू हो गया और देर सुबह तक बारिश होती रही। सिंचाई विभाग के अनुसार काठगोदाम गौला बैराज में 28 मिमी बारिश दर्ज की गई है। अधिकतम तापमान 32.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया और न्यूनतम तापमान 26.6 डिग्री था। नैनीताल जिले में कल भी भारी बारिश का अनुमान जताया गया है। इधर मुक्तेश्वर में भी बारिश हुई है। यहां तापमान 19.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार बागेश्वर में भारी बारिश हो सकती है।

ऋषिकेश में रिवर राफ्टिंग बंद : देहरादून: ऋषिकेश में अत्यधिक बारिश से गंगा का जलस्तर बढ़ने और भारी गाद आने से 'रिवर राफ्टिंग' से बंद कर दी गयी। टिहरी के जिला पर्यटन विकास अधिकारी जसपाल चौहान ने बताया कि पर्यटकों की सुरक्षा को देखते हुए मुनि की रेती क्षेत्र में नदी में रिवर राफ्टिंग को अगले आदेश तक बंद कर दिया गया है।

आनंदपुरी फेस टू में घरों के आगे जमा पानी। ● अमृत विचार

यलो और ओरेंज अलर्ट रहेगा

मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के अनुसार 26 जून को रुद्रप्रयाग, बागेश्वर और नैनीताल जिले में ओरेंज अलर्ट रहेगा और बाकी जिलों में यलो अलर्ट रहेगा। 27 जून को नैनीताल और बागेश्वर जिले में ओरेंज अलर्ट रहेगा और बाकी में यलो अलर्ट रहेगा। 28 और 29 जून को पूरे राज्य में यलो अलर्ट रहेगा।

बारिश से आनंदपुरी फेस टू हुआ पानी-पानी

हल्द्वानी : नवाबी रोड स्थित आनंदपुरी फेस टू में मंगलवार रात हुई बारिश से पूरी कॉलोनी पानी-पानी हो गई। क्षेत्र में घरों के आगे पानी जमा होने से लोगों की मुसीबतें बढ़ गई। वार्ड 9 में स्थित इस कॉलोनी के आगे पुलिया ऊंची बनाए जाने के कारण पानी की निकासी नहीं हो रही है। लोगों ने नगर आयुक्त को इसे लेकर नगर आयुक्त ऋचा सिंह से भी शिकायत की थी, उन्होंने क्षेत्र का दौरा भी किया था। लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। मानसून की पहली बारिश में ही घरों के आगे बड़ी मात्रा में पानी जमा होने से बुधवार को लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इधर, नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने बताया कि पुलिया ऊंची होने के कारण पानी की निकासी नहीं हो रही है। बताया कि समस्या के समाधान के लिए ह्यूम पाइप लगाए जा रहे हैं। कार्य पूरा होने के बाद समस्या का समाधान हो जाएगा।

घने कोहरे के साथ सुहावना रहा नैनीताल का मौसम

नैनीताल : घने कोहरे के बीच सरोवर नगरी में बुधवार को पर्यटन सामान्य रहा। पर्यटन स्थलों में अपेक्षाकृत सैलानियों की आवाजाही सामान्य रही। मौसम का मिजाज सुबह के समय बिगड़ा रहा। तड़के चार बजे बादलों की गर्जना के साथ शुरू हुई मूसलाधार बारिश प्रात: नौ बजे रुकी। इस बीच नाले उफान पर रहे और कई सड़के जलमग्न हो गई। वर्षा थमने के बाद मौसम सामान्य हो गया। अलबत्ता कोहरे ने नगर को आगोश में ले लिया, जो शाम तक छाए रहा। दोपहर में कुछ देर को हल्की बूंदाबांदी हुई। इसके बाद शाम को भी हल्की बूंदाबांदी हुई। जिस कारण तापमान में गिरावट आ गई और मौसम सुहावना हो गया। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 27 व 22 डिग्री सेल्सियस रहा।

गोलीकांड: पांच पर नामजद मुकदमा

संवाददाता, हल्द्वानी

- करीब एक दर्जन अज्ञात लोगों के खिलाफ भी रिपोर्ट दर्ज
- मुख्य आरोपी को शीघ्र पकड़ने दावा कर रही पुलिस

अमृत विचार: देवलचौड़ क्षेत्र में हुए गोलीकांड और पथराव के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। तहरीर के आधार पर पांच नामजद और 12 अज्ञात लोगों पर हत्या का प्रयास, मारपीट और बलवा की धाराओं में मुकदमा किया गया है। पुलिस ने मुख्य आरोपी के सहयोगियों को हिरासत में लिया है।

रामपुर रोड स्थित चांदनी चौक बल्यूटिया आनंदपुर निवासी जितेंद्र सिंह मेहरा ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि बीती 23 जून को शाम साढ़े सात बजे उसका छोटा भाई हरीश सिंह मेहरा अपने साथी नीरज भगत, भूपेंद्र सिंह बोरा व गणेश सिंह दरम्वाल के साथ कार से बिड़ला स्कूल से छड़ायल की ओर जा रहा था। उस समय कार को नीरज भगत चला रहा था। कार सवार तीनतास प्रेमपुर लोश्ज्ञानी रोड के पार पहुंचे और बिड़ला स्कूल की तरफ मुड़ गए। इस दौरान मौके पर पहले से ही रोहित मंडोला उर्फ राजा व उसके 10-12 हथियारबंद साथी घात लगाकर बैठे थे। जैसे ही कार सवार उनके पास पहुंचे सभी ने कार के ऊपर हमला कर दिया। हमलावर कार में बैठे लोगों को मारने लगे। रोहित मंडोला ने अपनी पिस्टल से हरीश मेहरा के ऊपर फायर कर दिया। हालांकि गोली बीच-बचाव कर रहे भूपेंद्र को लग गई। रोहित ने फिर दूसरा फायर किया और दूसरी गोली भी भूपेंद्र को लगी। रोहित के साथ हमला करने वालों में अन्नू बिष्ट, अक्षय रंगवाल, उज्जवल परगांई के हाथ में हथियार थे और बाकी करीब सात से आठ लोग हाथों में डंडा लेकर हमला कर रहे थे। हमले में भूपेंद्र, गणेश व हरीश सिंह मेहरा गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना में कार चला रहा नीरज भगत किसी तरह से वहां से भाग गया और मोबाइल से वीडियो बना ली। कोतवाल राजेश कुमार यादव का कहना है कि पुलिस मुख्य आरोपित रोहित मंडोला को शीघ्र गिरफ्तार कर लेगी। उसके 12 साथियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।

एएसआई की हार्ट अटैक से जान गई

हल्द्वानी: काठगोदाम स्थित आईटीबीपी के ट्रांजिट कैंप में तैनात एएसआई की तबीयत बिगड़ गई। बुधवार को उनके सीने में दर्द उठा। तबीयत ज्यादा बिगड़ने पर उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया लेकिन उनकी वहां मौत हो गई। कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि आईटीबीपी जवान हिमाचल प्रदेश के ग्राम झंडुकला, पोस्ट राको, तहसील सरकाघाट के रहने वाले थे। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार उनको हार्ट अटैक आया था। बाकी मौत का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पता चलेगा। शव पोस्टमार्टम के बाद जवानों को सौंप दिया था। यहां से राजकीय सम्मान के साथ उन्हें हिमाचल ले जाया गया है।

टीम ने ट्रक से 180 टिन लीसा पकड़ा

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: टेढ़ी पुलिया के पास नैनीताल रोड पर वन विभाग और पुलिस की संयुक्त चेकिंग चल रही थी। इस दौरान काठगोदाम से हल्द्वानी की ओर एक ट्रक आ रहा था। जब उसने वन और पुलिस कर्मियों को देखा तो ट्रक को न्यायालय के गेट के अंदर मोड़ दिया और मौके से भाग गया। ट्रक के अंदर से 180 टिन लीसा मिला है।

वन विभाग के अनुसार वन क्षेत्राधिकारी (गौला रेंज) चंदन सिंह अधिकारी 24 जून मंगलवार की रात 11 बजे गौला रेंज स्टाफ और कोतवाली पुलिस के साथ वाहन चेकिंग कर रहे थे। जजी के पास नैनीताल-बरेली मोटर मार्ग में चेकिंग के दौरान काठगोदाम से हल्द्वानी की ओर आ रहे वाहन को टॉर्च से रुकने का इशारा किया। वाहन चालक ने जब देखा कि सामने पुलिस और वन विभाग के कर्मचारी खड़े हैं तो उसने वाहन को न्यायालय के गेट की तरफ भगा दिया। वन विभाग और पुलिस के कर्मचारियों ने वाहन का पीछा किया तो वह चालक वाहन को छोड़कर मौके से फरार हो गया। संयुक्त टीम ने जब वाहन की तलाशी ली तो उसके अंदर 180 टिन लीसा भरा हुआ था। लीसे व वाहन से सम्बंधित कोई भी वैध प्रपत्र नहीं मिले। टीम ने वाहन और पकड़े गए माल को अपने कब्जे में ले लिया। साथ ही भारतीय वन अधिनियम 1927 (उत्तरांचल संशोधन 2001) की धारा 41/42 के उल्लंघन के तहत कार्रवाई की। संयुक्त टीम में वन विभाग की ओर से उपराजिक डिकर राम, वन आरक्षी संगीता और दीपा शाह, आनंद सिंह और हयात सिंह थे, साथ ही पुलिस विभाग की ओर से एसआई सिमरन, कांस्टेबल ललित मोहन और पीआरडी जवान मनोज कुमार थे।

संयुक्त अभियान में पकड़ा गया लीसा।

युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

नैनीताल: कैंची धाम तहसील निवासी रेनू खत्री (18) तल्लीताल धर्मशाला पुराना कोयला टाल के समीप एक अधिवक्ता के घर के ग्राउंड फ्लोर में रहकर वह 12वीं में पढ़ाई कर रही थीं। मंगलवार सुबह देर तक जब युवती ने दरवाजा नहीं खोला, तो अधिवक्ता पीछे के रास्ते उसे देखने गए। युवती चौखट पर फंदे से लटकी मिली। अधिवक्ता की सूचना पर एसआई सतीश उपाध्याय टीम के साथ पहुंचे। शव को फंदे से निकाल कर कब्जे में लिया। बुधवार को पोस्टमार्टम के दौरान युवती मामा ने कहा कि घटना के बाद युवती की मां को अज्ञात युवक का कॉल आया था जिसमें उसने युवती के आत्महत्या करने का पता होने की भी बात कही है।

रकसिया की तबाही से मिलेगी राहत, 1.5 किमी नाला तैयार

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: हर साल बरसात में अपना रौद्र रूप दिखाने वाले रकसिया नाले से अब शहरवासियों को राहत मिलने वाली है। लंबे समय से प्रभावित हो रहे क्षेत्रों में जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए शहरी विकास विभाग के तहत यूयूएसडीए की ओर से प्रेमपुर लोशज्ञानी चौराहे से टैगोर पब्लिक स्कूल तक 1.5 किमी लंबा भूमिगत आउटफॉल नाला तैयार कर दिया गया है। अगले 10 दिनों के भीतर इसे पूरी तरह चालू कर दिया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि नाले के पानी से प्रभावित क्षेत्र के परिवारों को नुकसान होता है। पिछले साल भी नाले ने अपना मंजर दिखाया था। इस समस्या से निपटने के लिए यूयूएसडीए की ओर से भूमिगत रकसिया नाले के आउटफॉल का निर्माण पूरा कर लिया गया है। नाले का निर्माण होने से इस बरसात में हल्दूपोखरा नायक, हिन्ममतपुर बैजनाथ, गुसाईंपुर, पांडे-नवाड़, पूरनपुर, आनंदपुर और प्रेमपुर लोशज्ञानी गांव में जलभराव की समस्या से निजात मिल जाएगी। इस भूमिगत नाले की लंबाई 1.5 किमी है जिसका आकार 4x3 मीटर है। इसके ऊपर सड़क भी बनाई जाएगी जिससे चौड़ीकरण के बाद क्षेत्र की यातायात व्यवस्था भी दुरुस्त हो जाएगी। प्रधानमंत्री घोषणा के तहत शहर को मिले 2250 करोड़ के बजट के तहत रकसिया नाले का कार्य 30 करोड़ की लागत से पूरा किया जा रहा है। वर्तमान में आउटफॉल का कार्य पूरा होने के बाद शेष कार्य को भी 10 दिनों के भीतर पूरा करने के लिए तेजी से काम किया जा रहा है।

नगर आयुक्त ने सभी प्रमुख नालों का किया निरीक्षण

नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने बुधवार को शहर के सभी प्रमुख नालों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मंगलवार रात से लगातार हो रही बारिश के बाद नालों की स्थिति का जायजा लिया। वह सबसे पहले रकसिया नाले पहुंची, जहां चैनलाइजेशन कर पानी के बहाव को डायवर्ट किया गया। इस दौरान उनके साथ यूयूएसडीए के प्रोजेक्ट डायरेक्टर कुलदीप सिंह भी मौजूद रहे। साथ ही उन्होंने कलसिया और देवखड़ी नाले का भी निरीक्षण किया। इसके बाद वह प्रेमपुर लोशज्ञानी और लालडांठ पहुंची। नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने बताया कि इस बार चैनलाइजेशन करने से नाले का पानी ओवरफ्लो नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि तीनपानी में भी हर साल पानी ओवरफ्लो होता था, लेकिन इस बार स्थिति सामान्य है।

गौला में सिल्ट से 2 घंटे बंद रहा फिल्टर प्लांट

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: गौला बैराज में सिल्ट जमा होने से बुधवार को जल संस्थान के चारों फिल्टर प्लांट दो घंटे तक बंद रहे, जिससे शहरवासियों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ा। पहले से ही पानी की कमी से जूझ रहे लोगों को शाम की आपूर्ति में भारी कमी महसूस हुई। पहाड़ों में हो रही लगातार बारिश के चलते गौला नदी में सिल्ट की मात्रा बढ़ गई है। सिंचाई विभाग को बुधवार सुबह बैराज के गेट खोलने पड़े ताकि सिल्ट को बाहर निकाला जा सके। जिस कारण सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक जल संस्थान को पानी की आपूर्ति रोकनी पड़ी, जिससे फिल्टर प्लांट बंद रहा। जल संस्थान के सहायक अभियंता मनोज तिवारी ने बताया कि प्लांट बंद रहने के कारण शाम की पानी की सप्लाई रोजाना की तरह सुचारू की गई। उन्होंने बताया कि गौला का जलस्तर 5800 क्यूसेक रिकॉर्ड किया गया है, जो न्यूनतम स्तर है। फिल्टर प्लांट बंद होने शहर के कई इलाकों में जल संकट गहरा गया। खासकर दमुवाढूंगा, पॉलीशीट, बिठौरिया, मल्ली बमौरी, मित्रपुरम, लालडांठ और तल्ली बमौरी में सबसे ज्यादा असर देखने को मिला। इन क्षेत्रों में पहले से सीमित जल आपूर्ति है, ऐसे में दो घंटे की रुकावट ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी। स्थानीय लोगों को सुबह से ही पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ा। बैराज में सिल्ट निकालने के लिए गेट खोलने पड़े। जैसे ही सिल्ट हटाने का काम पूरा हुआ, प्लांट को दोबारा चालू कर दिया गया, लेकिन सप्लाई सामान्य होने में समय लग रहा है।

टैंकर नहीं पहुंचे, लोगों की बढ़ी परेशानी

फिल्टर प्लांट बंद होने के बाद जिन इलाकों में पानी की आपूर्ति ठप रही, वहां जल संस्थान के टैंकर भी समय पर नहीं पहुंच सके। दमुवाढूंगा, बिठौरिया, पॉलीशीट जैसे इलाकों में लोग टैंकरों का इंतजार करते रहे, लेकिन व्यवस्था कमजोर दिखी। गर्मी और उमस के बीच पानी के लिए लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। कई मोहल्लों में लोग निजी संसाधनों से पानी जुटाते नजर आए। स्थानीय निवासियों ने टैंकर सेवा में सुधार और वैकल्पिक इंतजाम की मांग की।

सार-संक्षेप

रामनगर में खाद्य गोदाम का निरीक्षण करतीं कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य।

मंत्री ने स्टॉक, राशन उठान व वितरण की ली जानकारी

रामनगर : खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री रेखा आर्या ने बुधवार को रामनगर के आम डंडा में स्थित खाद्य गोदाम का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से गोदाम के स्टॉक, राशन उठान और वितरण के बारे में जानकारी ली। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने अधिकारियों से पूछा कि गोदाम के सामने की सड़क ठीक क्यों नहीं है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि गोदाम में और सुधार के लिए जो कार्य किए जाने हैं, उसके लिए जल्द से जल्द प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजें। निरीक्षण के बाद कैबिनेट मंत्री ने बताया कि बरसात के मौसम में कहीं बार गोदाम में रखें राशन की गुणवत्ता खराब हो जाती है, इसलिए उन्होंने निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया।

लालकुआं में ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते सांसद अजय भट्ट।

लालकुआं से झांसी को ट्रेन का संचालन शुरू

हल्द्वानी : लालकुआं से झांसी को चलने वाली साप्ताहिक ट्रेन को सांसद अजय भट्ट, क्षेत्रीय विधायक डॉ. मोहन सिंह बिश्ट एवं मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने बुधवार को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना। सांसद ने बताया कि लालकुआं-झांसी ट्रेन ऑन डिमांड पर चलाई गई है। लोगों द्वारा इस रेलसेवा का अधिक से अधिक उपयोग करने पर इसे भविष्य में स्थाई रूप से संचालित किया जाएगा। उन्होंने बताया प्रथम दिन 176 यात्रियों ने आरक्षण कराया। यह ट्रेन लालकुआं से बरेली-कासगंज-मथुरा-आगरा व ग्वालियर होते हुए झांसी पहुंचेगी। लालकुआं रेलवे स्टेशन के विस्तारीकरण करने के साथ ही रेलवे के क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास के कार्य सरकार द्वारा किए जा रहे हैं। लालकुआं रेलवे स्टेशन से भविष्य में लंबी दूरी की ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। साथ ही भविष्य में वंदे भारत एक्सप्रेस जैसी सुपरफास्ट ट्रेनें भी चलाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि लालकुआं से कामाख्या देवी (कलकत्ता) व काठगोदाम से प्रयागराज के लिए भी ट्रेन शीघ्र चलाई जाएगी।

प्रवर डाक अधीक्षक नैनीताल को ज्ञापन देते ग्रामीण।

डाकघर बंद होने पर ग्रामीणों ने जताया रोष

भीमताल : नैनीताल जिले के भीमताल ब्लॉक के ग्राम पनिया मेहता में डाकघर की शाखा बंद होने से प्रभावित तीन गांवों के ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्राम पनिया बोर, कुमाल गांव व पनिया मेहता के आकोशित ग्रामीणों ने इस संबंध में प्रवर डाक अधीक्षक नैनीताल को ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने गांव के बंद डाकघर को जल्द से जल्द खुलवाने की मांग की है। साथ ही उन्होंने गांव में बंद डाकघर को जल्द से जल्द पुन: चालू नहीं करने पर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी भी दी। डाकघर की सेवाओं से तीनों गांवों के करीब दो हजार से अधिक ग्रामीण प्रभावित हैं और वह इस समस्या को लेकर क्षेत्रीय सांसद को भी अवगत करा चुके हैं। गांव में डाकघर की शाखा बंद होने से जहां गांव के बड़े बुजुर्गों को बाहर काम करने वाले अपने बच्चों की चिठियां, मनी आडर व पेंशन आदि मिलने बंद हो गए हैं। ज्ञापन देने वालों में इंदर सिंह मेहता, मयंक बोरा, चंदन मेहता, चिराग बोरा आदि शामिल रहे।

पंचायत चुनाव: हाईकोर्ट ने नहीं दी राहत, आज भी सुनवाई

फिलहाल अदालत ने उत्तराखंड सरकार को सीटों के आरक्षण से संबंधित सूची उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए

विधि संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: उत्तराखंड सरकार को त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के मामले में बुधवार को भी उच्च न्यायालय से राहत नहीं मिल पायी है। आज गुरुवार को भी इस मामले में सुनवाई होगी और तब तक चुनावी प्रक्रिया पर रोक रहेगी। फिलहाल अदालत ने सरकार से सीटों के आरक्षण संबंधी सूची उपलब्ध कराने को कहा है।

मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में बुधवार को दीपक किरोला एवं चार अन्य याचिकाओं पर भोजनावकाश के बाद सुनवाई हुई। लगभग दो घंटे इन सभी याचिकाओं पर सुनवाई हुई। सरकार की ओर से महाधिवक्ता एसएन बाबुलकर और मुख्य स्थायी अधिवक्ता (सीएससी) चंद्र शेखर रावत ने आरक्षण पर लंबी बहस की। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव में आरक्षण में निर्धारित सीमा से अधिक की वृद्धि के चलते इस चुनावी टर्म को जीरो घोषित कर नए सिरे से आरक्षण तय किया गया है। उन्होंने अपनी दलील के संबंध में उन्होंने शीर्ष अदालत और अन्य राज्यों के उच्च न्यायालयों के आरक्षण को लेकर जारी किए गए कई आदेशों का हवाला दिया। एक याचिकाकर्ता गणेश दत्त कांडपाल की ओर से कहा गया कि उनकी सीट आरक्षण नियमावली के विपरीत चौथी बार आरक्षित की गई है। फिलहाल अदालत ने सुनवाई के लिए 26 जून की तिथि तय कर दी और सरकार को सीटों का आरक्षण चार्ट पेश करने को कहा है। यह भी कहा कि कौन सी सीट दोबारा आरक्षित हो रही है। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की प्रक्रिया 21 जून को चुनाव आयोग की अधिसूचना के साथ शुरू हो गई थी। राज्य चुनाव आयोग की ओर से प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव तय कार्यक्रम के अनुसार 10 और 15 जुलाई को दो चरणों में मतदान तथा 19 जून को मतगणना का कार्य होना था लेकिन अदालत ने आरक्षण नियमावली का हवाला देते हुए गत 23 जून को अंतरिम आदेश में चुनावी प्रक्रिया पर रोक लगा दी थी। इसके बाद राज्य निर्वाचन आयोग ने उच्च न्यायालय के आदेश का हवाला देते हुए एक दिन बाद 24 जून को चुनाव स्थगित करने की घोषणा कर दी थी।

अब 7 जुलाई को होगी सुनवाई

नैनीताल : हाईकोर्ट ने विजिलेंस टीम द्वारा मुख्य कोषाधिकारी नैनीताल एवं एकाउन्टेन्ट कोषागार नैनीताल को 1.20 लाख रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़े जाने के मामले पर बुधवार को सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की एकलपीठ ने फिलहाल मुख्य कोषाधिकारी दिनेश राणा व बसंत जोशी को राहत नहीं देते हुए अगली सुनवाई को 7 जुलाई की तिथि नियत की है।

स्थिति को स्पष्ट करे उत्तराखंड लोक सेवा आयोग: हाईकोर्ट

- ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जवान की परीक्षा छूटने की याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई

विधि संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: उत्तराखंड हाईकोर्ट ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आईटीबीपी के एक जवान की अपर पीसीएस की मुख्य परीक्षा छूटने के मामले में उत्तराखंड लोक सेवा आयोग से स्थिति स्पष्ट करने को कहा है। मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र एवं न्यायमूर्ति आलोक महरा की खंडपीठ में हुई।

मामले के अनुसार, आईटीबीपी में कार्यरत विमल चन्द ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कहा कि उसने अपर पीसीएस की प्री-परीक्षा पास की थी जबकि मुख्य परीक्षा जो कि 3 व 5 फरवरी 2025 को हुई थी, को आयोग ने यह कहकर निरस्त कर दी कि इस परीक्षा के प्रश्न पाठ्यक्रम के बाहर से थे जिसके बाद यह परीक्षा 14 मई को कराई गई किन्तु उस अवधि में सेना का ऑपरेशन सिंदूर शुरू हुआ जिस कारण उसकी छुट्टियां रद्द हो गईं। याची ने आयोग से निवेदन किया कि या तो उसकी मुख्य परीक्षा ली जाए या उसके द्वारा फरवरी में दी गई परीक्षा पर विचार किया जाए लेकिन आयोग ने इस प्रत्यावेदन का जवाब नहीं दिया जिस कारण उन्हें कोर्ट की शरण लेनी पड़ी। हाईकोर्ट ने आयोग से इस मामले में स्थिति स्पष्ट करने को कहा है।

चारधाम यात्रा: मानसून अवधि में बरतें सतर्कता

नैनीताल : हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से मानसून अवधि में चारधाम यात्रा में सतर्कता बरतने को कहा है। पर्वतीय क्षेत्र में रोज हो रही बारिश के बीच जारी चारधाम यात्रा में शामिल यात्रियों की जानमाल की सुरक्षा को लेकर चिंतित हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र एवं न्यायमूर्ति आलोक महरा की खंडपीठ ने बुधवार को मौखिक रूप से महाधिवक्ता और मुख्य स्थायी अधिवक्ता से कहा कि चारधाम यात्रा को लेकर पूर्ण सतर्कता बरतने के लिए सरकार से कहा जाए। सरकार, यात्रियों को सावधान रहने के लिए कहे और जगह-जगह साइन बोर्ड लगाए जाएं। यात्रा के दौरान किसी तरह का खतरा न लिया जाए।

सफेद दाग जड़ से मिटा देती है होम्योपैथिक दवा

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: सफेद दाग यानि ल्यूको-डर्मा एक त्वचा रोग है। जिसमें रोगी के शरीर का कोई हिस्सा इस रोग से ग्रसित होकर सामान्य त्वचा से भिन्न सफेद सा हो जाता है। पहले के समय में इसे कुष्ठ रोग कहा जाता था।

ऐसे रोगियों के साथ भेदभाव किया जाता था, परंतु धीरे-धीरे लोगों की सोच में परिवर्तन आने लगा। अब लोग ऐसे रोगियों से भेदभाव नहीं करते हैं। होम्योपैथिक फिजिशियन डा. यश पांडेय का कहना है कि होम्योपैथिक चिकित्सा में इस रोग का इलाज संभव है। हालांकि किस व्यक्ति को कितना समय लगेगा, ठीक होने में यह पता नहीं होता है।

इस रोग को ठीक होते-होते समय जरूर लगता है, पर यह जड़ से पूरा खत्म हो जाता है। जरूरत होती है तो बस रोगी के विश्वास कि जब तक वह रोग पूरी तरह ठीक ना हो जाए। इसकी दवा छोड़नी नहीं चाहिए, पूरे विश्वास के साथ होम्योपैथिक दवा खानी चाहिए और अपो चिकित्सक द्वारा दिए गए निर्देशों को पूरा मानना चाहिए। होम्योपैथिक में रोगी के खाने व त्वचा पर लगने वाली दोनों ही में लगाने वाली दवा भी देनी पड़ती है।

डॉ.यश पांडेय।

दवा के साथ ही साथ रोगी को अपने भोजन पर भी ध्यान देना चाहिए। चिकित्सक से मिलकर अपना उचित व पोषित भोजन की जानकारी लें। साथ ही विटामिन डी लेना नहीं भूलना चाहिए और विटामिन डी के लिए सुबह-सुबह की धूप एक अच्छा विकल्प है। विश्वास रखें होम्योपैथिक दवा अपना पूरा काम करती है वो भी आपका बिना कुछ नुकसान पहुंचाएं।

कच्ची शराब बरामद

रामनगर : आबकारी विभाग की ओर से राजपुरा, थारी व पीरुमदारा क्षेत्र में दबिश दी गई। दबिश के दौरान 200 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। शराब बिक्री करने वालों के विरुद्ध आबकारी विभाग ने तीन अभियोग दर्ज किए हैं।

कार्य समय से पूर्ण न होने पर सांसद भट्ट नाराज

काठगोदाम : अमृत भारत योजना के तहत काठगोदाम रेलवे स्टेशन मे किए जा रहे कार्यों का सांसद अजय भट्ट ने स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्य समय से पूर्ण न होने उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा भारत सरकार द्वारा अमृत योजना तहत लालकुआं, रामनगर एवं काठगोदाम रेलवे स्टेशनों का चयन किया गया है। काठगोदाम रेलवे स्टेशन को 16 करोड़, लालकुआ को 29 करोड़ व रामनगर रेलवे स्टेशन में 10 करोड़ की लागत से कार्य किए जाने हैं। काठगोदाम रेलवे स्टेशन में यात्रियों की सुविधा के लिए प्लेटफार्म में आवागमन के लिए लिफ्ट लगाई जा रही है। साथ ही यात्रियों के रात्रि विश्राम के लिए डोरमेट्री बनाई जा रही है। यह कार्य फेज-1 के तहत किए जा रहे है। इसके बाद फेज-2 व 3 के कार्य किए जायेंगे। काठगोदाम रेलवे स्टेशन को आधुनिक बनाया जाएगा। उन्होंने कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए कि कार्यों की गुणवत्ता एवं समयबद्धता का विशेष ध्यान दिया जाए। कार्यक्रम में राज्यमंत्री नवीन वर्मा, सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण खाती, मजहर नईम नवाब, अरूण जोशी, धन सिंह बिष्ट, बॉबी संभल, राजकुमार सेतिया, संजीव शर्मा, लालकुआं स्टेशन अधीक्षक पुष्कर सिंह व स्टेशन अधीक्षक काठगोदाम डीएस बोरा आदि उपस्थित थे।

एचआईवी किट खत्म जांच पर आया संकट

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल में एचआईवी किट खत्म होने से जांच पर संकट आ गया है। मजबूरी में मरीजों को बाहर एचआईवी किट खरीदकर लानी पड़ रही है। जो काफी महंगी मिलती है।

अस्पताल में एचआईवी की सामान्य जांच के साथ ही ऑपरेशन से पहले मरीजों की एचआईवी जांच की जाती है। किसी भी मरीज का ऑपरेशन करने के लिए पहले उसकी एचआईवी जांच की रिपोर्ट आना बहुत जरूरी है, उसके बाद ही मरीज का ऑपरेशन किया जाता है। इसके अलावा रक्तदान करने के बाद भी दिए गए रक्त की एचआईवी जांच होती है। उस रक्त को किसी मरीज को चढ़ाने से पहले देखा जाता है कि रक्तदाता कहीं एचआईवी पॉजिटिव तो नहीं है। एसटीएच में प्रतिदिन 60 से 70 मरीजों की एचआईवी जांच होती है। मरीज जब एचआईवी जांच कराने के लिए पहुंचे तो बताया गया कि किट खत्म होने की वजह से एचआईवी जांच बंद कर दी गई है। इससे मरीज परेशान हैं।

मजबूरी में जिन मरीजों को ज्यादा आवश्यकता थी उन्हें बाहर से एचआईवी जांच करानी पड़ रही है। प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी का कहना है कि एचआईवी किट समाप्त होना उनके संज्ञान में है। एचआईवी जांच किट को शीघ्र ही मंगा लिया जाएगा।

फरवरी में भी हुई थी खत्म

हल्द्वानी। फरवरी माह में भी अस्पताल में एचआईवी किट खत्म हो गई थी। तब पांच दिन के बाद अस्पताल के एचआईवी किट पहुंची थी। यह भी देखने वाली बात है कि स्वास्थ्य विभाग जहां एक ओर लोगों को एचआईवी जांच के लिए प्रेरित करता है तो वहीं दूसरी ओर स्वयं ही एचआईवी किट उपलब्ध नहीं करा पा रहा है।

सिपाही से अभद्रता में तीन गिरफ्तार

रामनगर: चोरपानी में ड्यूटी दे रहे पुलिस जवान के साथ अभद्रता एवं मोबाइल फोन छीन कर फेंकने के मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस वरिष्ठ उप निरीक्षक मोहम्मद यूनुस ने बताया कि तीन आरोपी बैड़ाझाल निवासी मोहम्मद शमी, मारूफ, इमरान गिरफ्तार किए गए हैं। पिछले दिनों आईआरबी बैलपड़ाव में तैनात पुलिस जवान कमल सिंह और वीरेंद्र की ड्यूटी रामनगर चोरपानी के पास लगाई गई थी। रामनगर कोतवाली पुलिस को जवान कमल सिंह ने दी तहरीर में बताया कि बीते 22 जून को कुछ युवक चोरपानी के पास ही आपस में लड़ रहे थे। आरोप लगाया कि आपस में गाली-गलौच करते हुए वह जवानों के तैनाती स्थल पर आ गए। दोनों ने आरोपियों को समझाने की कोशिश की, लेकिन आरोपियों ने अभद्रता शुरू कर दी। एक जवान का मोबाइल भी छीन कर नीचे फेंक दिया गया। उन्होंने बताया कि आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

समस्याओं का तत्काल समाधान करें अधिकारी: पालिकाध्यक्ष

संवाददाता, कालाढूंगी

अमृत विचार: नगर पालिका अध्यक्ष रेखा कत्यूरा ने बुधवार को जनता दरबार लगाकर नगरवासियों की समस्याएं सुनीं। नगरवासियों ने बरसात के पानी के निकासी, नाली की सफाई, लाइट लगाने व कूड़ा निस्तारण संबंधी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया।

वार्ड नंबर 2 में खादी ग्राम उघोग कैंपस में वार्ड सदस्य सुमन अधिकारी की अध्यक्षता में पालिका अध्यक्षा रेखा कत्यूरा ने अधिकारियों को तत्काल समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने महिलाओं की समस्याओं विशेष रूप से सुनीं। महिलाओं को स्वयं सहायता समूह का कार्य कर आत्मनिर्भर बनने के लिए जागरूक किया। इस दौरान ईओ अभिनव कुमार, विद्युत विभाग के जेई दीपक बिष्ट, सिंचाई विभाग के जेई हरीश भट्ट, मनोज अधिकारी, लिपिक भूपाल बौरा आदि मौजूद रहे।

जन समस्याएं सुनतीं नगर पालिका अध्यक्ष रेखा कत्यूरा। ● अमृत विचार

फिजिशियन का तबादला रोकने का मुद्दा उठाया

संवाददाता,रामनगर

अमृत विचार: मालधन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से पिथौरागढ़ ट्रांसफर किए गए फिजिशियन डा. प्रशांत कौशिक, प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. अर्चना कौशिक का स्थानांतरण रोकने की मांग को लेकर महिला एकता मंच ने विधायक को ज्ञापन दिया। साथ ही चेताया कि तीन दिन में मांगें पूरी न होने पर वह मालधन बाजार बंद करेंगी। इसके साथ ही मांग की गई कि गोपाल नगर मालधन में पुनः खोली गई शराब की दुकान बंद की जाए।

महिला एकता मंच ने ज्ञापन में आबकारी आयुक्त द्वारा उत्तराखंड की सभी नव सृजित दुकानों को बंद करने के लिए दिए गए 14 मई के आदेश का अनुपालन कर मालधन व पाटकोट आदि में पुनः खोली गई शराब की दुकानें बंद करने के साथ कच्ची व अवैध शराब पर भी पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में ममता आर्य, शिवानी, रजनी, कौशल्या, सरस्वती जोशी, बीडी नैनवाल, जमन आर्य व भगवती आदि शामिल रहे।

सख्ती | परिवहन विभाग की ओर से चार संभागों को उपलब्ध कराए 47 साउंड लेबल मीटर

अभियान : नहीं चलेंगे वाहनों में अब प्रेशर हॉर्न

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : शहर की सड़कों पर तेज रफ्तार में दौड़ते वाहन और कान फोड़ देने वाले प्रेशर हॉर्न अब परिवहन विभाग की नजर में हैं। अक्सर देखा गया है कि कई बाइक और स्कूटी चालक केवल शौक के लिए अपने दोपहिया वाहनों में प्रेशर हॉर्न लगवाकर पूरे मार्ग में शोर मचाते फर्राटा भरते हैं, जबकि यह नियमों के विरुद्ध है। यह न सिर्फ नियमों का उल्लंघन है, बल्कि इससे ध्वनि प्रदूषण भी खतरनाक स्तर तक बढ़ता है।

अब परिवहन विभाग ने इस पर सख्ती बरतने का निर्णय लिया है। विभाग की ओर से प्रवर्तन कार्यवाही को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए अब नई पहल की गई है। सड़क सुरक्षा और आम जनजीवन पर होने वाले प्रभाव पर रोक लगाने के लिए विभाग ने प्रदेश के चार जिलों के लिए 47 साउंड लेबल मीटर/डेसीबल मीटर खरीदे हैं। पहले चरण में इन साउंड लेबल को प्रदेश के चार जिलों के 20 प्रवर्तन दल, 16 इंटरसेप्टर और 11 टास्क फोर्स को आवंटित किया गया है। जिनमें नैनीताल जनपद भी शामिल है। सबसे अधिक साउंड लेबल मीटर देहरादून संभाग को दिए गए हैं, जिसमें प्रवर्तन दल देहरादून, विकासनगर, ऋषिकेश, हरिद्वार, रुड़की, उत्तरकाशी और टिहरी को दिए गए हैं। जबकि हल्द्वानी संभाग में प्रवर्तन दल हल्द्वानी, काशीपुर, रुद्रपुर, रामनगर और टनकपुर को उपलब्ध कराए गए हैं। इसी तरह पौड़ी जिले में प्रवर्तन दल पौड़ी, कोटद्वार, कर्णप्रयाग और रुद्रप्रयाग जबकि अल्मोड़ा में प्रवर्तन दल अल्मोड़ा, रानीखेत, बागेश्वर और पिथौरागढ़ में उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं। संयुक्त परिवहन आयुक्त सनत कुमार सिंह ने सभी संबंधित संभागों के परिवहन अधिकारियों को दिए निर्देश में बताया कि इन उपकरणों के संचालन के लिए आज गुरुवार को एक ऑनलाइन ट्रेनिंग रखी गई है, जिसमें सभी संबंधित आरटीओ और कार्मिक शामिल होंगे।

प्रेशर हॉर्न और ध्वनि संबंधित अन्य चालान

नए उपकरणों से वाहनों में प्रेशर हॉर्न और आवाज से संबंधित अन्य मानकों का उल्लंघन करने पर प्रवर्तन टीम की ओर से कार्रवाई की जाएगी। जिसमें पहली बार उल्लंघन करने पर 1 हजार रुपए का चालान जबकि दूसरी बार नियम तोड़ने पर 2 हजार रुपए का चालान किया जाएगा। हॉर्न बजाने के लिए 7.5 मीटर की दूरी में 80 से 91 डेसीबल की ध्वनि के मानक हैं।

हत्या के प्रयास में नौ आरोपी गिरफ्तार

रामनगर: दो पक्षों में मारपीट के मामले में पुलिस ने दूसरे पक्ष के नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। इस झगड़े में एक पक्ष के सारिम पुत्र असरफ की मौत हो गई थी। घटना में दूसरे पक्ष के सिकंदर पुत्र उस्मान को भी सिर में गंभीर चोटें आने पर पुलिस ने उसके पिता उस्मान पुत्र अब्दुल रशीद की तहरीर पर के तहत मुकदमा दर्ज किया। मुख्य आरोपी अविनाश पुत्र विजय सिंह निवासी बेडाझाल सहित अंकित उर्फ छोटू पुत्र सुभाष सिंह निवासी बेड़ाझाल, सौरभ पुत्र स्वराज सिंह निवासी बेडाझाल, पवन सैनी पुत्र हरविंदर सिंह निवासी बेड़ाझाल, आशीष शर्मा पुत्र स्व. चन्द्रमोहन शर्मा निवासी उपरोक्त, विशाल सैनी पुत्र प्रेम सिंह निवासी उपरोक्त, योगेन्द्र कुमार उर्फ जौनी पुत्र ओमप्रकाश निवासी उपरोक्त, मारूफ उर्फ वसीम पुत्र सलीम अहमद निवासी छप्पर वाली मस्जिद खताड़ी, मौ. शमी उर्फ चैप्सी पुत्र मौ. सलीम निवासी ऊंटपड़ाव को बुधवार सुबह गिरफ्तार कर लिया।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
Courses
- BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
- BRIT (Intake-80 Seats)
- BPT (Intake-40 Seats)
- B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
- BOTT (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
- MPT (Intake-20 Seats)
- MMLS (Intake-20 Seats)

Admission Open
Session 2025-26

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
- B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
- Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
- Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)

Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
- Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
- Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)

Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com,
bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

अंतर्राष्ट्रीय स्तर का हॉकी एस्ट्रोटर्फ कर रहा उद्घाटन का इंतजार, इस स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में बिछाया है अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप एस्ट्रोटर्फ

18 करोड़ की लागत से निर्मित हॉकी एस्ट्रोटर्फ बना शोपीस

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं देने के लिए गौलापार अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में तैयार किया गया अत्याधुनिक हॉकी एस्ट्रोटर्फ उद्घाटन का इंतजार कर रहा है।

करीब 18 करोड़ रुपये की लागत से तैयार इस स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप एस्ट्रोटर्फ बिछाया गया है, यह सुविधा अब तक खिलाड़ियों के लिए शुरू नहीं हो सकी है। खेल विभाग द्वारा आयोजित की गई अंडर-17 हॉकी प्रतियोगिता को मजबूरन फुटबॉल मैदान में आयोजित करना पड़ा। हॉकी एस्ट्रोटर्फ का उद्घाटन हुआ होता तो हॉकी का अंडर-17 को मैच भी यहीं आयोजित किया जाना था। इससे खिलाड़ियों को न तो उपयुक्त मैदान की सुविधा मिली, न ही वे अपने प्रदर्शन का वास्तविक स्तर दिखा पाए। आधुनिक टर्फ पर अभ्यास और खेल से जहां खिलाड़ियों के खेल में निखार आता, वहीं मौजूदा स्थिति उनके मनोबल और प्रदर्शन, दोनों पर असर डाल रही है। खेल परिसर का निर्माण कार्य पूरी तरह से संपन्न हो चुका है और आवश्यक सुविधाएं भी तैयार हैं, लेकिन लोकार्पण में हो रही देरी से यह बहुप्रतीक्षित प्रोजेक्ट अब शोपीस बनकर रह गया है। इस स्थिति को लेकर खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में गहरी नाराजगी है। उनका कहना है कि सरकार खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं देने की बात तो करती है, लेकिन जब ऐसी सुविधाएं बन भी जाती हैं तो उन्हें समय पर शुरू नहीं किया जाता। यह सुविधा समय रहते खिलाड़ियों को उपलब्ध कराई जाती, तो राज्य में हॉकी का स्तर बेहतर होता और प्रतिभाओं को तराशने का सुनहरा अवसर मिलता।

उद्घाटन का इंतजार करता हॉकी एस्ट्रोटर्फ। ● अमृत विचार

हमने सुना था कि इस बार राज्य प्रतियोगिता अंतर्राष्ट्रीय स्तर की टर्फ पर होगी, जिससे खेलने का अनुभव भी बेहतर होगा। लेकिन उद्घाटन न होने की वजह से हमें फिर से पुराने मैदान में ही खेलना पड़ा। इससे नए खिलाड़ियों को बहुत नुकसान हो रहा है। **-वंश उप्रेती,** हॉकी खिलाड़ी

सरकार ने इतना पैसा खर्च करके जो सुविधा दी है, वह खिलाड़ियों तक पहुंच ही नहीं पा रही। टर्फ तैयार है, फिर भी हमें घास या मिट्टी के मैदान पर खेलना पड़ रहा है। इससे न केवल प्रदर्शन प्रभावित होता है, बल्कि चोट लगने का खतरा भी बढ़ जाता है। **-कृष्णा वर्मा,** हॉकी खिलाड़ी

हॉकी एस्ट्रोटर्फ का इस्तेमाल न होना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। इतने सालों से हम खिलाड़ियों के लिए बेहतर सुविधा की मांग कर रहे थे, अब जब वह बन गई है तो उसका लाभ नहीं मिल पा रहा। उद्घाटन हो जाता तो प्रतिभाओं को मौका मिलता। **-कोमल रौतेला,** हॉकी खिलाड़ी

हमने सोचा कि यह मैच गौलापार में बने हॉकी एस्ट्रोटर्फ में होंगे। लेकिन उसका उद्घाटन अभी नहीं हुआ है, जिस वजह हमारे मैच मिनी स्टेडियम के फुटबॉल मैदान में ही कराए गए। **-यशिका आर्या,** हॉकी खिलाड़ी

हॉकी एस्ट्रोटर्फ का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है और सभी तकनीकी परीक्षण भी सफलतापूर्वक संपन्न हो चुके हैं। कुछ प्रक्रियाएं शेष हैं, जिनके पूरा होते ही जल्द उद्घाटन की तिथि तय की जाएगी। हमारा प्रयास है कि खिलाड़ियों को जल्द से जल्द इस सुविधा का लाभ मिल सके। **-रशिका सिद्धिकी,** खेल उप निदेशक

दुकानों से सुबह 10:30 बजे बाद ही कूड़ा उठाएंगी गाड़ियां

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : नगर निगम में नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जितेश की अध्यक्षता में बैणी सेना और नगर निगम के डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन वाहन चालकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस दौरान सामने आया कि कई वार्डों में किरायेदार सेवा शुल्क नहीं दे रहे हैं, जिससे व्यवस्था बाधित हो रही है। व्यावसायिक क्षेत्रों और दुकानों से कूड़ा उठाने वाली गाड़ियों को सुबह 10:30 बजे के बाद ही भेजने के निर्देश दिए गए, ताकि व्यापारियों को असुविधा न हो। इस दौरान बैणी सेना प्रोजेक्ट मैनेजर मनोज नेगी, पीएमयू से विवेक यादव, पंकज द्विवेदी और सौरव जोशी उपस्थित रहे।

आरसी से पहले जारी करेंगे

नगर स्वास्थ्य अधिकारी की बैठक के दौरान मौजूद बैणी सेना व वाहन चालक।

एक नोटिस: बैणी सेना की ओर से अब आरसी जारी करने से पहले बकायेदारों को नोटिस दिया जाएगा। वर्तमान में शुल्क जमा नहीं करने वाले व्यक्ति से बैणी सेना शुल्क जमा करने का अनुरोध करती है। लंबे समय तक शुल्क जमा नहीं करने पर सीधे नगर निगम की ओर से आरसी जारी कर दी जाती है। इस पर भी वसूली प्रक्रिया में समय लग जाता है।

सार-संक्षेप

कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या तीन आंगनबाड़ी केंद्रों का करेंगी लोकार्पण

हल्द्वानी : कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या 26 जून गुरुवार को हल्द्वानी के विभिन्न क्षेत्रों में आंगनबाड़ी केन्द्रों का लोकार्पण करेंगी। मंत्री गुरुवार सुबह 10.15 बजे राजेन्द्र नगर, 11.15 बजे सुभाष नगर और दोपहर 12.15 बजे मल्ली बमौरी दमुवादूंगा स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र का लोकार्पण करेंगी।

पुलिस ने वीवीआईपी रूट से मरीजों को अस्पताल पहुंचाया

हल्द्वानी, अमृत विचार : उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के नैनीताल–हल्द्वानी मोटर मार्ग से मूवमेंट के दौरान नैनीताल पुलिस ने वीवीआईपी रूट में आ रही एंबुलेंस और प्राइवेट वाहन में सवार दो बीमार लोगों के लिए मार्ग खोला और स्कॉर्ट कराकर सकुशल अस्पताल पहुंचाया। बुधवार को नैनीताल में एक पर्यटक की तबीयत बिगड़ जाने के कारण तत्काल उपचार के लिए एम्बुलेंस से हल्द्वानी भेजा गया। इसी दौरान उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के दौरे ही वजह से हल्द्वानी से नैनीताल वाले मार्ग पर वीवीआईपी मूवमेंट चल रहा था। पुलिस ने वाहन को एस्कॉर्ट करके अस्पताल भेजा और वीवीआईपी मूवमेंट को भी सम्पन्न कराया। इसी दौरान वीवीआईपी मूवमेंट के समय बीरभट्टी के पास भी ट्रैफिक को रोका गया था। रोके हुए ट्रैफिक में एक व्यक्ति के सीने में अचानक दर्द उठने के कारण पुलिस ने उसे अपने वाहन से एस्कॉर्ट करके वाहन को वीवीआईपी रूट से पार करवाया। बाद में कार में सवार व्यक्ति को तुरंत उपचार के लिए अस्पताल पहुंचने में सहायता की।

कठघरिया बिजलीघर में फॉल्ट से तीन घंटे की आपूर्ति ठप

हल्द्वानी, अमृत विचार : मानसून की शुरुआत के साथ ही शहर में बिजली आपूर्ति व्यवस्था लगातार लड़खड़ाने लगी है। बुधवार को कठघरिया बिजलीघर की आपूर्ति लाइन में फॉल्ट आने से करीब तीन घंटे तक ठप रही। इससे इलाके के हजारों उपभोक्ताओं को भीषण परेशानी का सामना करना पड़ा। दोपहर करीब 12 बजे अचानक लाइन में फॉल्ट आ गया, जिससे बिजलीघर से जुड़ी पूरी सप्लाई ठप हो गई। तकनीकी टीम द्वारा मरम्मत कार्य पूरा किए जाने के बाद लगभग तीन बजे आपूर्ति बहाल की जा सकी। लगातार हो रही बिजली कटौती से लोग बेहद परेशान हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि बारिश शुरू होते ही बिजली आपूर्ति का बार–बार बाधित होना आम बात हो गई है। विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर उपभोक्ताओं में नाराजगी बढ़ती जा रही है। इस संबंध में ऊर्जा निगम के अधिशासी अभियंता बेगराज सिंह ने बताया कि फॉल्ट के चलते आपूर्ति बाधित हुई थी, जिसे दुरुस्त कर सप्लाई बहाल कर दी गई है। उन्होंने कहा कि मानसून के चलते तकनीकी समस्याएं बढ़ रही हैं, लेकिन विभाग की टीम अलर्ट मोड पर है और जल्द समाधान के प्रयास जारी हैं।

विशेष सफाई अभियान के दौरान सफाई के लिए निर्देश देतीं नगर आयुक्त ऋचा सिंह।

उप राष्ट्रपति दौरे को लेकर एयरोड्रम रोड-ज्योलीकोट तक सफाई

हल्द्वानी : नगर आयुक्त ऋचा सिंह के नेतृत्व में बुधवार को निगम की टीमों ने नैनीताल रोड स्थित एयरोड्रम रोड से ज्योलीकोट तक विशेष सफाई अभियान चलाया। इस दौरान सफाई कर्मचारियों ने सड़क किनारे बिखरे कूड़े–कचरे को हटाया और झाड़ियां काटकर गाड़ियों में भरकर ट्रंचिंग ग्राउंड भेजा। साथ ही सड़क किनारे लगे होर्डिंग्स को हटाया गया। राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के नैनीताल दौरे को लेकर बुधवार सुबह यह विशेष अभियान चलाया गया। यहां मुख्य सफाई निरीक्षक अमोल असवाल, सफाई निरीक्षक चतर सिंह भी मौजूद रहे।

कालूसिद्ध मंदिर में हुआ भंडारा

हल्द्वानी : देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल ने कालूसिद्ध मंदिर में पूजा अनुष्ठान व भंडारा कराया। निर्मित व्यंजनों का भोग कालूसिद्ध बाबा को लगाया। साथ ही परंपरागत रूप से कालूसिद्ध बाबा को चढ़ने वाले गुड़ की भेली का प्रसाद भी चढ़ाया गया। भंडारे में हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में मेयर गजराज सिंह बिष्ट, मंडी परिषद अध्यक्ष अनिल डब्बू, दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री रेनू अधिकारी व दिनेश आर्य, हुकुम सिंह कुंवर, राजकुमार केसरवानी, सतीश नैनवाल, राहुल छिमवाल, गणेश उपाध्याय मौजूद थे।

हरिद्वार ने जीता राज्यस्तरीय अंडर-17 हॉकी टूर्नामेंट

खेल मंत्री रेखा आर्या ने युवाओं को खेलों में करियर बनाने के लिए किया प्रेरित, विजयी प्रतिभागियों को ट्रॉफी प्रदान की

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित राज्य स्तरीय अंडर-17 बालक हॉकी प्रतियोगिता का खिताब हरिद्वार की टीम ने अपने नाम किया। बुधवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले के बाद खेल मंत्री रेखा आर्या ने विजेता टीम को ट्रॉफी व पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में प्रदेशभर की कुल 10 टीमों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि खेल मंत्री रेखा आर्या ने इस अवसर पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज खेल को करियर के रूप में अपनाने वालों की संख्या तेजी से बढ़ रही है, जो एक सकारात्मक संकेत है। पहले खेलों को सिर्फ शौक के तौर पर देखा जाता था, लेकिन अब सरकार की योजनाओं और खिलाड़ियों के प्रदर्शन ने सोच को बदला है।

मंत्री ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए आउट ऑफ टर्न सरकारी नौकरी, खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना और नौकरियों में पदक विजेताओं को 4 प्रतिशत आरक्षण देने जैसी योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड को सिर्फ सैन्य भूमि ही नहीं, बल्कि खेल भूमि भी बनाया जा रहा है। खेल मंत्री आर्य ने प्रतियोगिता में पहले तीन स्थान प्राप्त करने वाली टीमों हरिद्वार (प्रथम), पिथौरागढ़ (द्वितीय) और टनकपुर (तृतीय) के खिलाड़ियों को ट्रॉफी और पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने खिलाड़ियों से अनुशासन और निरंतर अभ्यास के जरिए राज्य और देश का नाम रोशन करने का आह्वान किया। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट, मंडल अध्यक्ष मधुकर श्रोतिय, राज्य मंत्री नवीन वर्मा, सुरेश पांडे, हरीश मनराल, रविन्द्र वाली, हेम पाण्डेय, राहुल आर्य, रेवाधर बृजवासी और खेल विभाग की ओर से उपनिदेशक खेल रशिका सिद्दीकी निर्मला पंत जिला खेल अधिकारी, वरुण बेलवाल उपजिला क्रीडा अधिकारी और क्रिकेट कोच त्रिलोक जीना सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

खेल मंत्री रेखा आर्य ने अंडर–17 हॉकी टूर्नामेंट के फाइनल विजेता हरिद्वार की टीम को ट्रॉफी देकर किया सम्मानित। ● अमृत विचार

राष्ट्रीय खेलों के पदक विजेताओं को मिलेगी सरकारी नौकरी

खेल मंत्री रेखा आर्य ने घोषणा की है कि 38वें राष्ट्रीय खेलों में पदक जीतने वाले उत्तराखंड के खिलाड़ियों को राज्य सरकार जल्द ही सरकारी नौकरी देगी। उन्होंने कहा कि सरकार खिलाड़ियों की मेहनत और उपलब्धियों का सम्मान करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। रेखा आर्य ने बताया कि इस संबंध में प्रक्रिया अंतिम चरण में है और जल्द ही भर्ती से संबंधित विज्ञप्ति जारी की जाएगी। सरकार चाहती है कि खिलाड़ी आर्थिक रूप से सशक्त हों और उन्हें भविष्य की चिंता किए बिना अपने खेल पर पूरा ध्यान केंद्रित करने का अवसर मिले। इस पहल से न केवल खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ेगा, बल्कि राज्य के युवाओं को खेलों की ओर प्रेरणा भी मिलेगी। सरकार की ओर से बनाई जा रही नई खेल नीति का उद्देश्य भी यही है कि अधिक से अधिक खिलाड़ी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखा सकें।

खिलाड़ियों को मिल रहा पारिवारिक समर्थन

खेल मंत्री रेखा आर्य ने कहा कि अब माता–पिता अपने बच्चों को खिलाड़ी बनने से नहीं रोकते, बल्कि उन्हें हर संभव सहयोग और प्रोत्साहन देते हैं। यह खेलों के प्रति समाज में आए सकारात्मक बदलाव का संकेत है। उन्होंने कहा कि पहले जहां अभिभावक केवल पढ़ाई पर जोर देते थे, वहीं अब खेलों को भी करियर के रूप में स्वीकार किया जाने लगा है। मंत्री आर्य ने कहा कि सरकार भी खेल सुविधाओं के विस्तार और खिलाड़ियों को संसाधन उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रदेश में नई खेल नीतियां बनाई जा रही हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को भी आगे आने का मौका मिल सके।

प्रतियोगिताओं में प्रतिभाओं ने मारी बाजी

सांस्कृतिक व बौद्धिक प्रतियोगिताओं में क्विज, स्लोगन लेखन व निबंध में प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन किया। क्विज में नैतिक बर्मा, देवेश अग्रवाल, विशाल पुरी व दिव्यांशु जोशी विजेता रहे। स्लोगन लेखन में कृष्णाजलि, कनिका व प्रियांशी नेगी, जबकि निबंध में हर्षित थुवाल, पलक पाल व रक्षित जोशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि खेल मंत्री रेखा आर्य ने सभी विजेताओं को सम्मानित किया।

द्रोण मार्ग वासियों ने की थ्री फेज विद्युत लाइन की मांग

हल्द्वानी, अमृत विचार : हल्द्वानी के देवलचौड़ बंदोबस्ती की द्रोण मार्ग कालोनी के लोगों ने विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता को एक ज्ञापन प्रेषित कर कालोनी की सिंगल फेज लाइन को थ्री फेज लाइन में परिवर्तित करने की मांग की है। उन्होंने इस संबंध में विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता को सौंपे ज्ञापन में कालोनी वासियों को कहना है कि सिंगल-फेज सिस्टम में वोल्टेज में अक्सर उतार-चढ़ाव होने से उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

कई बार विद्युत उपकरण चलना तो दूर लो वोल्टेज के कारण ठीक से रोशनी तक नहीं हो पाती। इससे उपकरणों को भी नुकसान पहुंचता है। कालोनी वासियों का कहना है कि तीन फेज होने पर एक फेज के विफल होने पर भी पूरा सिस्टम रुकेगा नहीं और उन्हें परेशानियों का सामना भी नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने विधायक बंशीधर भगत से गुहार लगाने का भी निर्णय लिया है। ज्ञापन देने वालों में बलवंत सिंह रावत, मनीष चंद्र मठपाल, शंकर दत्त पांडे, सौरभ बर्गली, कमला बिष्ट, जगदीश भट्ट, रमेश सिंह, निवास गहतोड़ी, सरस्वती देवी, मनोज सिंह बिष्ट, बबीता पांडे, कमल सिंह रावत, महेश नेगी व हरीश उप्रेती आदि लोग शामिल हैं।

साइबर ठग भेज रहे फर्जी बिल के लिंक

- अब स्मार्ट मीटर की आड़ में उपभोक्ताओं को बनाया जा रहा निशाना

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : साइबर ठग एक बार फिर सक्रिय हो गए हैं और बिजली उपभोक्ताओं को निशाना बना रहे हैं। स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बीच ठग उपभोक्ताओं को बिजली बिल के नाम पर फर्जी लिंक भेजकर ठगी की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं।

शहर में ऐसे तीन से अधिक मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें उपभोक्ताओं को भेजे गए बिजली बिल फर्जी निकले। शातिर ठग बिल की राशि चुकाने के नाम पर उपभोक्ताओं को लिंक भेजते हैं, और जैसे ही उपभोक्ता लिंक पर क्लिक कर भुगतान करता है, उनका बैंक खाता खाली हो सकता है। खास बात यह है कि ये लिंक दिखने में असली बिजली कंपनी के लिंक जैसे ही होते हैं, जिससे उपभोक्ता भ्रमित हो जाता है। शहरी खंड के अधिशासी अभियंता प्रदीप कुमार ने बताया कि यूपीसीएल (उत्तराखंड पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड) उपभोक्ताओं को किसी भी तरह का बिल भुगतान लिंक मोबाइल पर नहीं भेजता। उन्होंने अपील की कि उपभोक्ता किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें। यदि ऐसा कोई संदिग्ध लिंक या कॉल आता है तो तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत करें या नजदीकी यूपीसीएल कार्यालय जाकर जानकारी लें।

उपभोक्ता को भेजा था 23 लाख का फर्जी बिल

तीन से ज्यादा फर्जी बिल के मामले सामने आ चुके हैं, जिसने करीब एक महीने पहले डहरिया निवासी प्रकाश सिंह चौहान को बिजली विभाग की ओर से 23.12 लाख रुपये का बिल मिलने से हड़कंप मच गया। सोशल मीडिया पर बिल की फोटो वायरल होते ही लोगों में चर्चा तेज हो गई। यह बिल फर्जी था, जिसे साइबर ठगों की ओर से भेजे जाने की आशंका जताई जा रही है। ऊर्जा निगम ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस में तहरीर दी है और सख्त कार्रवाई की मांग की है। निगम ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध लिंक या मैसेज से सावधान रहें।

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ
सत्र : 2025–26
Accreditations, Affiliations & Approvals
University Grants Commission of India | Medical Council Of India | Dental Council of India | Pharmacy Council of India | Indian Nursing Council | Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council | Association of Indian Universities | Where there is Rural Wellbeing there is Universal Prosperity | Uttar Pradesh State Medical Faculty
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG)-2025 में सूचीबद्ध
मेडिकल साइंसेस
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेंटल साइंसेस
डिप्लोमा-डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा-डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/नर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/कम्युनिटी हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी.फार्म/बी.फार्म/एम.फार्म (फार्माकोलॉजी, फार्मास्यूटिक्स, फार्मासियूटिकल कैमिस्ट्री, फार्माकॉगनॉसी)
पैरामेडिकल साइंसेस
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/डिप्लोमा इन इमरजेंसी एण्ड ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/डिप्लोमा इन रेडियोथेरेपी तकनिशियन (DRIT)/ बैचलर इन ऑप्रेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (BOTT)/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)/एमएससी क्लीनिकल एम्ब्योलॉजी/ एम.एससी इन मेडिकल लैबोरेट्री सांइस (MMLS)/ मास्टर्स इन फिजीयोथेरेपी (MPT)
फोरेंसिक साइंसेस
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान, एमएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए/(आईटी और मल्टीमीडिया)/ एम.कॉम (ऑनर्स)/ मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (यू.पी.)
Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in

सुविधा | देहरादून परिमंडल में 12 और नैनीताल परिमंडल को मिली आठ नई बसें, हल्द्वानी से देहरादून के लिए होगा संचालन

राज्य को 20 मिनी एसी बसें मिलीं, चालकों की तलाश

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : उत्तराखंड को शीघ्र ही 20 एसी बसें मिलने वाली हैं। इन बसों के संचालन से यात्रियों को काफी सुविधा मिलेगी। परिवहन निगम इन बसों के लिए चालकों की तलाश कर रहा है।

उत्तराखंड परिवहन निगम को फोर्स लिमिटेड से 20 एसी बस मिलेंगी। इनमें देहरादून परिमंडल से 12 एसी बस चलेंगी और नैनीताल परिमंडल से आठ बसें चलाई जाएंगी। इन बसों का संचालन देहरादून से नैनीताल और नैनीताल से देहरादून के लिए किया जाएगा। यह बसें छोटी होंगी और पहाड़ों में इन बसों को मोड़ पर दिक्कत नहीं होगी। उल्लेखनीय है कि वोल्वो जैसी बसों को पहाड़ो में चलाने पर मोड़ों में काफी दिक्कत होती है। कुल 12 बसों का संचालन होने से यात्रियों के लिए देहरादून से नैनीताल के लिए एसी बसों का और भी विकल्प बढ़ जाएगा।

हालांकि इन बसों में सीट संख्या आम बसों की अपेक्षा काफी कम होती है। इन बसों के लिए सेवानिवृत्त हो चुके चालकों की तलाश की जा रही है।

परिवहन निगम के महाप्रबंधक संचालन पवन मेहरा ने सभी मंडलीय प्रबंधक, सहायक महाप्रबंधक को आदेश दिए हैं कि वह बुधवार की सुबह 11 बजे तक सक्षम चालकों की सूची लेकर पहुंचे। यह चालक बीएस तीन और बीएस चार बसों में सेवा दे चुके हैं।

देहरादून से नैनीताल संचालन के लिए मिलीं नई मिनी बसें। ● अमृत विचार

पहाड़ों के लिए यात्रियों की संख्या हुई कम

हल्द्वानी : कैंची मेला समाप्त होने के साथ ही पहाड़ों को जाने वाले यात्रियों की संख्या भी कम होने लगी है। इस बार राज्य में 20 जून को ही मानसून प्रवेश कर गया है। जिस वजह से बारिश जल्दी शुरू हो गई है। हल्द्वानी रूट से नैनीताल, बागेश्वर, कैंची धाम, रानीखेत आदि शहरों को जाने वाली बसों में अब सीटों के लिए मारामारी नहीं रही। हल्द्वानी बस स्टेशन की इंचार्ज इंद्रा भट्ट ने बताया कि कुछ दिनों से यात्रियों की संख्या कमी आई है। बारिश के दिनों में हर बार ऐसा होता है।

परिवहन निगम कर्मियों में आक्रोश

हल्द्वानी : परिवहन निगम प्रबंधन पर कर्मचारी विरोधी रवैया का आरोप लगाते हुए रोडवेज कर्मचारी यूनियनों ने आंदोलन करने की तैयारी है। उत्तराखंड परिवहन निगम कर्मचारी संयुक्त मोर्चा संयोजक रविनंदन कुमार ने बताया कि देहरादून में 26 जून को सभी यूनियनों के पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक होगी। जिसमें परिवहन निगम को निजी हाथों में सौंपने का विरोध किया जाएगा और आगे की रणनीति तय की जाएगी। बताया कि बैठक में रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद, उत्तरांल रोडवेज कर्मचारी यूनियन और उत्तराखंड परिवहन निगम एसएसी–एसटी श्रमिक संघ के पदाधिकारी होंगे।

एक नजर

खालिस्तानी समर्थकों ने नानकमत्ता में की नारेबाजी

नानकमत्ता : खालिस्तानी समर्थकों ने देर रात रोडवेज बस स्टैंड पहुंचकर खालिस्तान जिन्दाबाद के नारे लगाये और मोटर साइकिलों से फरार हो गए। देर रात आधा दर्जन कुछ अज्ञात खालिस्तानी समर्थक नानकमत्ता रोडवेज बस स्टैंड पर अपनी मोटर साइकिलों से पहुंचे थे, लेकिन बस स्टैंड की कैंटीन बंद हो चुकी थी। बताया कि गांव के कुछ लोग अपनी खेतीबाड़ी का काम कर घर की ओर लौट रहे थे। इस दौरान रोडवेज की बाउंड्री के अन्दर ख़ालिस्तान जिन्दाबाद के नारे लगाए जा रहे थे। ये लोग उन्हें देख वहां से फरार हो गए। लेकिन खुफिया तंत्र और पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी।

पुत्र व पुत्रवधु पर मारपीट करने का आरोप

बाजपुर : बुजुर्ग महिला ने पुत्र व पुत्रवधु पर गाली-गलौज एवं मारपीट करने का आरोप लगा कोतवाली में तहरीर दी है। वार्ड-6 केशवनगर निवासी शाकुल जहां ने पुलिस को बताया कि उसका पुत्र एवं पुत्रवधु आए दिन गाली-गलौज व मारपीट कर रहे हैं। वह 20 जून को अपनी बेटी के घर गई थी, जहां पहले से ही पुत्र एवं पुत्रवधु मौजूद थे, जिन्होंने पीड़िता के साथ गाली-गलौज एवं मारपीट कर दी। जिसके चलते वह वहीं पर बेहोश हो गई और बेटी ने उसे नगर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

41 पाउच कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

सितारगंज : कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत चौकी सिसौना पुलिस ने अवैध शराब तस्करी पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को 41 पाउच लगभग 20 लीटर कच्ची शराब के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस गश्त के दौरान जब एल्डिगो पार्किंग के पास पहुंचे तो एक व्यक्ति पीले रंग का कट्टा कंधे पर उठाकर संदिग्ध अवस्था में भागता नजर आया। पुलिस टीम ने उसे पकड़ लिया, जिसकी पहचान प्रशान्त सरकार निवासी ठाकुरनगर नंबर 01, रुद्रपुर जेल कैंप, थाना सितारगंज के रूप में हुई। कट्टे की तलाशी में शराब से भरे 41 पारदर्शी पाउच बरामद हुए जिनसे कच्ची शराब की गंध आ रही थी। मौके पर ही दो पाउच बतौर नमूना सुरक्षित कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

20 लीटर कच्ची शराब सहित तस्कर को दबोचा

किच्छा : कलकत्ता चौकी प्रभारी उप निरीक्षक ओमप्रकाश नेगी के नेतृत्व में टीम ने सूचना के आधार पर ग्राम जगतारपुर बसगर, शक्तिफार्म, थाना सितारगंज निवासी शराब तस्कर मंगत सिंह को अवैध कच्ची शराब के 60 पाउच सहित दबोच लिया। करीब 20 लीटर कच्ची शराब सहित आरोपी को हिरासत में लेकर अभियोग पंजीकृत कर लिया।

स्वरोजगार योजनाओं को लेकर सजग रहें अधिकारी : सीडीओ

जिला समन्वय समिति के साथ हुई बैठक, सरकार का मकसद, युवाओं को मिले रोजगार

बैठक

संवाददाता, रुद्रपुर

अधीनस्थों के साथ समीक्षा बैठक करते सीडीओ दिवेश शाशनी। ● अमृत विचार

अमृत विचार : मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार ने कई स्वरोजगार योजनाएं संचालित की हैं। योजनाओं को लाभ बेरोजगार युवाओं को मिले, इसके लिए अधिकारियों को सजग रहने की आवश्यकता है।

बुधवार को सीडीओ कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में जिला समन्वय समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति के साथ बैठक की और अधीनस्थों को आदेशित किया। उन्होंने आदेश दिया कि बैंकर्स कृषि एवं कृषि एलाइट सेक्टर के साथ ही लघु-सूक्ष्म उद्योगों के विकास के लिए अत्यधिक ऋण का वितरण करें। ऋण आवेदनों को जल्द निस्तारण, आवेदनों को खारिज करने पर कारण भी स्पष्ट करें। बताया कि युवाओं व महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ना ही सरकार का मकसद है। इसके अलावा नवार्ड कृषि मार्केटिंग, इंन्फ्रास्टक्चर, एग्री इंन्फ्रा स्ट्रक्चर के प्रस्ताव प्रस्तुत करें। इस दौरान अग्रणी बैंक प्रबंधक चिराग पटेल ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिले का ऋण जमानुपात 105 प्रतिशत रहा। वार्षिक ऋण वितरण लक्ष्य 14148 करोड़ के सापेक्ष 12226 करोड़ का ऋण कई इलाकों में बांटा गया। कृषि एवं कृषि एलाइट क्षेत्र में 6034 करोड़, लघु सूक्ष्म उद्योग क्षेत्र में 5878, शिक्षा क्षेत्र में 36 करोड़, हाउसिंग में 155 करोड़ व अन्य प्राथमिक क्षेत्र में 123 करोड़ ऋण वितरित किया। बताया कि चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में वार्षिक ऋण वितरण योजना लक्ष्य 14500 करोड़ का रखा गया है। उन्होंने बताया कि सरकारी योजनाओं एनआर एलएम में लक्ष्य 4200 के सापेक्ष 4256, पीएमइजीपी योजना में लक्ष्य 89 के सापेक्ष 148, एनयूएलएम योजना के अन्तर्गत 12 के सापेक्ष 21 समूहों, एनयूएलएम व्यक्तिगत में 68 के सापेक्ष 97, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना में 750 के सापेक्ष 857, वीरचंद्र गढ़ वाली योजना के अन्तर्गत 15 के सापेक्ष 10 व लक्ष्य के सापेक्ष एक होम स्टे हेतु ऋण वितरित कर लाभान्वित किया गया। इस मौके पर एडीएम पंकज उपाध्याय, डीडीओ सुशील मोहन डोभाल, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. आशुतोष जोशी, डीजीएम नाबार्ड राजीव प्रियदर्श, आरबीआई रवनीश सैनी, क्षेत्रीय प्रबंधक बैंक ऑफ बड़ौदा सतीश कुमार सिंह, निदेशक आर सेटी उर्वशी अग्रवाल, हिमांशु टोलिया, केनरा बैंक ललित आर्या, यूनियन बैंक दीपक चंद्र आदि मौजूद रहे।

रुद्रपुर में विद्युत चोरी करते पांच उपभोक्ता पकड़े

रुद्रपुर : शहर की प्रीत विहार एवं फाजलपुर महरौला में विद्युत विभाग और विजिलेंस की टीम ने ताबड़तोड़ कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। इसके चलते संयुक्त टीम ने पांच उपभोक्ताओं को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा और पुलिस ने अवर अभियंता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

अवर अभियंता उपखंड अधिकारी शुभम कुमार और सहायक अभियंता अमित चंद्र आर्या की संयुक्त टीम ने 20 जून को योजनाबद्ध तरीके से प्रीत विहार और फाजलपुर महरौला में विद्युत चोरी के खिलाफ अभियान चलाया और छापेमारी कार्रवाई के दौरान पाया कि कुलवंत कौर निवासी फाजलपुर महरौला द्वारा 0.940 किलोवाट, बलजीत कौर निवासी प्रीत विहार कॉलोनी द्वारा 5.110 किलोवाट, शैफाली अग्रवाल द्वारा 2.372 किलोवाट, रावेल सिंह द्वारा 1.198 किलोवाट, संजय कुमार श्रीवास्तव 0.475 किलोवाट विद्युत अधिभार की बिजली चोरी हो रही थी।

इस पर संयुक्त टीम ने विद्युत कनेक्शन काटते हुए एलटी तार को सील कर दिया। पुलिस ने अवर अभियंता शुभम कुमार की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

1975 का आपातकाल लोकतंत्र की थी हत्या

पत्रकारों से वार्ता करते भाजपा प्रदेश महामंत्री राजेंद्र बिष्ट। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

● भाजपा कार्यालय में मनाया काला दिवस, भाजपा प्रदेश महामंत्री राजेंद्र बिष्ट ने की प्रेसवार्ता

अमृत विचार : भाजपा के प्रदेश महामंत्री राजेंद्र बिष्ट ने कहा कि 1975 का आपातकाल लोकतंत्र की हत्या थी और इंदिरा सरकार की नाकामी का परिणाम था। बिना सोचे समझे आपातकाल घोषित कर दिया। यही कारण है कि भाजपा ने 25 जून को देश भर में काला दिवस मनाने का निर्णय लिया। ताकि युवा पीढ़ी को आपातकाल की वास्तविकता को बताया जा सके।

बुधवार को भाजपा प्रदेश महामंत्री भाजपा जिला कार्यालय पहुंचे और आपातकाल को काला दिवस में मनाया। उन्होंने कहा कि 1975 को तत्कालीन इंदिरा गांधी की सरकार ने 25 जून को आपातकाल की घोषणा की थी और यह घोषणा किसी युद्ध से कम नहीं थी, बल्कि चुनाव रद्द कर सत्ता बचाने का तरीका था। जिस की आड़ में गांधी सरकार ने आंतरिक अशांति का हवाला देते हुए अनुच्छेद 352 का दुरुपयोग किया। कहा कि जिस संविधान की शपथ लेकर सत्ता पर काबिज हुए, उसी संविधान का दमन किया गया। पूर्व पीएम इंदिरा ने देश को व्यक्ति, पूजा और परिवारवाद की प्रयोगशाला बना दिया था। आरोप था कि मीसा जैसा काला कानून बनाया। जिसके माध्यम से एक लाख से अधिक लोगों को बिना किसी मुकदमे के जेलों में डाल दिया। जिसका जयप्रकाश नारायण, अटल बिहारी वाजपेयी, लाल कृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी जैसे नेताओं ने विरोध किया था। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, पूर्व विधायक प्रेम सिंह राणा, रामपाल सिंह, जिला महामंत्री अमित नारंग मौजूद रहे।

सीएमएस के पद को लेकर हो रही खींचतान

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: चिकित्सकों के स्थानांतरण के बाद काशीपुर एलडी भट्ट अस्पताल में सीएमएस पद को लेकर जमकर खींचतान चल रही है। वर्तमान सीएमएस शासन स्तर से दिशा निर्देश आने के बाद ही पद सौंपने की बात कह रहे हैं।

दरअसल एलडी भट्ट सरकारी अस्पताल में सीएमएस का स्थानांतरण होने के बाद पद का चार्ज लेने के लिए डॉक्टरों में खींचतान चल रही है। अस्पताल में आये दो डॉक्टर सीएमएस का चार्ज लेने के लिये हाथ पैर मार रहे हैं, लेकिन शासन द्वारा सीएमएस न भेजे जाने पर वर्तमान सीएमएस किसी डॉक्टर को चार्ज नहीं दे रहे हैं। उनका कहना है कि शासन के आदेश आने के बाद ही चार्ज दिया जाएगा। बीते दिनों शासन ने सरकारी अस्पताल के सीएमएस डॉ. राजीव चौहान का तबादला लोहाघाट कर दिया। वहीं एक वरिष्ठ महिला चिकित्सक समेत एक वरिष्ठ डाक्टर समेत कई डॉक्टर स्थानांतरित होकर आए हैं। सीएमएस का ट्रांसफर होने के कारण अस्पताल स्थानांतरित होकर आए दो डॉक्टर अपने को वरिष्ठ बताते हुए सीएमएस का चार्ज मांग रहे हैं। इसके चलते सीएमएस पद के लिए खींचतान चल रही है। वहीं सीएमएस डॉ. राजीव चौहान ने बताया कि एक महिला डॉक्टर को वरिष्ठ महिला चिकित्सक व दूसरे को पैथोलॉजिस्ट के तौर पर यहां भेजा गया गया है। दोनों अपने को वरिष्ठ बताकर चार्ज मांग रहे हैं।

प्रदेश के 505 हाजियों का काफिला कल पहुंचेगा दिल्ली एयरपोर्ट

जसपुर : उत्तराखंड के 505 हाजियों की शुक्रवार को सऊदी अरब से वतन वापसी होगी। पहली फ्लाइट से 398 एवं दूसरी से 107 हाजी दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचेंगे। परिजनों को उनका बेसब्री से इंतजार है। उत्तराखंड राज्य हज समिति के ईओ मोहम्मद आरिफ ने बताया कि समिति के सदस्यों की ओर से दिल्ली एयरपोर्ट पर हाजियों का स्वागत किया जा रहा है। एयरपोर्ट से ही प्रत्येक हाजी को पांच लीटर आब-ए-जम जम देकर घर के लिए विदा किया जा रहा है। 27 जून को 398 एवं 107 हाजियों के दो बड़े काफिले अलग-अलग फलाइट से दिल्ली आएंगे। शेष हाजी 10 जुलाई तक वतन पहुंच जाएंगे। इसमें 29 जून को 377 हाजियों का एक बड़ा काफिला भी शामिल है। उन्होंने बताया कि बीती 12 एवं 14 जून को दो-दो, 20 को सात, 22 को दस एवं 25 जून को एक हाजी अपने वतन सकुशल पहुंच गए हैं। इस वर्ष 915 लोग प्रदेश से हज की यात्रा पर गए थे।

जल्द से जल्द चुनाव कराना चाहती है राज्य सरकार : रावत

संवाददाता, काशीपुर

पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत का स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

अमृत विचार: पूर्व मुख्यमंत्री एवं हरिद्वार के सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत बुधवार को कविनगर के भाजपा मंडल के महामंत्री मोहित भारद्वाज के आवास पर पहुंचे। यहां उन्होंने पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से मुलाकात की।

इस दौरान उन्होंने आपातकाल पर चर्चा करते हुए कहा कि इंदिरा गांधी ने 25 जून 1975 की मध्यरात्रि को देश पर आपातकाल थोपा था। उन्होंने संविधान की धारा 352 का दुरुपयोग करके लाखों लोगों को जेल में ठूस दिया था। यह लोकतांत्रिक नियमों के बिल्कुल विपरीत था। उन्होंने ऐसा स्वयं को बचाने के लिए किया था। आज हम लोगों को जागरूक कर रहे हैं कि देश में कैसे लोकतंत्र की हत्या होती है। ताकि भविष्य में कोई भी शासक इस तरह की हिमाकत न कर सके। जिला पंचायत चुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि अभी मामला कोर्ट में विचाराधीन है। सरकार जल्द से जल्द चुनाव कराना चाहती है। वहां पर पीसीयू चेयरमैन राम मेहरोत्रा, पूर्व प्रदेश मंत्री सीमा चौहान, कविनगर मंडल अध्यक्ष कल्पना राणा, उदित अग्रवाल मैथा आदि मौजूद रहे।

किशोर के कब्जे से चोरी की दो बाइकें बरामद

बाजपुर: पुलिस ने एक किशोर के कब्जे से चोरी की दो बाइकें बरामद की हैं। इनमें से एक बाइक 20 जून को मोहल्ला सुभाषनगर निवासी गोविंद कुमार के घर के बाहर से चोरी हुई थी। एसएसआई विनोद सिंह फर्त्याल ने बताया कि उच्चाधिकारियों के दिशा-निर्देश पर गठित पुलिस ने घटनास्थल और उसके आसपास के सीसीटीवी कैमरे चेक करने के उपरांत एक संदिग्ध की पहचान की। वहीं टीम ने केशोवाला तिराहे पर चेकिंग के दौरान बन्नाखेड़ा की ओर जाने वाली सड़क पर मजार के पास मार्ग के किनारे दो चोरी की बाइकों के साथ किसी का इंतजार कर रहे किशोर को बाइकों समेत पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने बैलपड़ाव रामनगर में इन बाइकों को बेचने जाने की बात कही।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज 4x5 सेमी 600/- रु.
साइज 4x6 सेमी 720/- रु.
साइज 4x7 सेमी 840/- रु.
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 05946-292618, नैनीताल : 7505012034,
अल्मोड़ा : 8126628885, रूद्रपुर : 8476843488,
काशीपुर : 8279474121, रामनगर : 9012387222,
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

दिनेशपुर पुलिस ने 2000 लीटर लहन किया नष्ट

संवाददाता, दिनेशपुर

● 15 लीटर अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार, अवैध कच्ची शराब के तस्करों में मचा हड़कंप

अमृत विचार : अवैध कच्ची शराब व आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत पुलिस द्वारा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम तिलपुरी के जंगलों में अवैध शराब की तीन भट्ठियां व 2000 लीटर लहन नष्ट किया गया।

मंगलवार को उप निरीक्षक प्रदीप कुमार भट्ट के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा ग्राम-तिलपुरी के निकट जंगल में दबिश दी गई। अभियान के दौरान टीम को मौके पर अवैध कच्ची शराब की तीन भट्ठियां व दो ड्रमो में गड्ढों में लहन दबा हुआ मिला। पुलिस टीम को देखकर आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मौके पर करीब 2000 लीटर लहन, दो प्लास्टिक के ड्रम व तीन भट्ठियों को नष्ट किया। इधर अभियान के तहत पुलिस टीम ने ग्राम- चरनपुर के निकट एक युवक को एक प्लास्टिक इफको यूरिया के कट्टे में 26 पाउच लगभग 15 लीटर अवैध शराब खाम के साथ गिरफ्तार किया। युवक ने अपना नाम प्रदीप सिंह निवासी- नई बस्ती गूलरभोज, थाना- गदरपुर को बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार भट्ट, कांस्टेबल गोविंद आर्य, महेन्द्र सिंह बिष्ट व कमलेश नेगी आदि थे।

सरकारी अस्पताल की आवासीय कॉलोनी में पेयजल संकट गहराया

संवाददाता, बाजपुर

सबमर्सिबल से गंदे पानी की आपूर्ति।

अमृत विचार: सरकारी अस्पताल की आवासीय कॉलोनी में पिछले कई दिनों से सबमर्सिबल खराब होने की वजह से पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई है। कॉलोनी में निवासरत चिकित्सकों एवं नर्सिंग स्टाफ व स्वजन को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

रामराज रोड स्थित उपजिला चिकित्सालय के बराबर में ही अस्पताल की आवासीय कॉलोनी है, जिसमें चिकित्सकों एवं नर्सिंग स्टाफ तथा अन्य स्वास्थ्य कर्मी अपने परिवारों के साथ रह रहे हैं। इस कॉलोनी को पेयजल की आपूर्ति करने के लिए लगा सबमर्सिबल पिछले सप्ताहभर से खराब पड़ा है तथा जिस जगह सबमर्सिबल लगा है वहां काफी नीचे धंस गया है। इससे गंदे पानी की आपूर्ति हो रही है, जिसके चलते कॉलोनी में पेयजल की बड़ी समस्या खड़ी हो गई है। पीने के साथ ही नहाने, कपड़े धोने एवं खाना बनाने के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है। अस्पताल के अधीक्षक डॉ. पीडी गुप्ता ने बताया कि सबमर्सिबल खराब होने के कारण पिछले कई दिनों से पेयजल की दिक्कत हो रही हैं। इस संबंध में उच्चाधिकारियों को अवगत करवाया जा रहा है। समस्या समाधान के लिए संबंधित विभाग से भी संपर्क कर रहे हैं। सरकारी अस्पताल में खराब पड़े दो हैंडपंपों को सही करवाने के प्रयास भी किए जा रहे हैं।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 05946-292618, नैनीताल : 7505012034
अल्मोड़ा : 8126628885, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

पति व अन्य ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न का आरोप

बाजपुर: दहेज की खातिर गाली-गलौज व मारपीट करने का आरोप लगा विवाहिता ने पति व अन्य ससुरालियों के विरुद्ध कोतवाली में नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम मुड़िया कलां निवासी सीमा ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2013 में उसकी शादी बूढ़ी दढ़ियाल स्वार रामपुर उप्र निवासी मोहम्मद जाबिर के साथ हुई थी। जिसमें मायके वालों ने अपनी हैसियत के हिसाब से काफी सामान दान स्वरूप दिया था। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ही कम दहेज लाने के ताने देकर उसे परेशान किया जाने लगा। करीब एक वर्ष बाद पति उसे अपने साथ रामनगर ले गया और वहीं रहने लगा। पीड़ित के अनुसार उसके दो देवर पहले से ही वहां रहे रहे थे। आरोप है कि पति व दोनों देवरों ने उसके साथ छोटी-छोटी बातों को लेकर मारपीट शुरू कर दी। इतना ही नहीं दहेज में एक लाख रुपये व बाइक की मांग करने लगे। उसकी दो बेटियां हैं और लड़की होने की वजह से भी पति मारपीट करता है। करीब 15 दिन पहले भी उसके साथ बेरहमी से मारपीट की गई और घर से निकाल दिया। वहीं खबर लिखे जाने तक मामला पंजीकृत नहीं हुआ था।

हालात | ग्रामीणों के घरों में घुसा पानी, हर साल दोहराई जा रही है परेशानी

बरसात से पहले ही बह गया गोठा जलपनिया पुल

संवाददाता, सितारगंज

गोठा जलपानिया नदी का बन रहा पुल बहा। ● अमृत विचार

अमृत विचार: सितारगंज तहसील के गोठा जलपनिया क्षेत्र में जलपनिया नदी पर बनाया जा रहा पुल बरसात शुरू होने से पहले ही बह गया, जिससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। लगभग एक महीने से पुल का निर्माण कार्य जारी था, लेकिन जैसे ही नदी में अचानक तेज बहाव के साथ पानी आया, अधूरा बना यह पुल बह गया। नदी का पानी आसपास के ग्रामीण इलाकों में घुस गया।

ग्रामवासी सूरज नाथ व अन्य स्थानीय लोगों ने बताया कि यह कोई पहली बार नहीं है, बल्कि हर साल बरसात के समय यही हाल होता है—पुल बनाया जाता है, फिर बह जाता है और हमें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बारिश में स्कूल, अस्पताल, बाजार जाना तक मुश्किल हो जाता है और बच्चों-बुजुर्गों के लिए तो स्थिति और भी विकट हो जाती है। वहीं मौके पर पहुंचे भाजपा कार्यकर्ता विजय यादव ने स्थिति का जायजा लेते हुए बताया कि इस बार भी पुल का निर्माण अधूरा था और नदी में अचानक पानी आने से यह बह गया है, लेकिन वे प्रशासन से मिलकर जल्द से जल्द इसका निर्माण कार्य पूर्ण करवाने का प्रयास कर रहे हैं। भाजपा कार्यकर्ता विजय यादव ने कहा कि यह पुल ग्रामीणों के लिए जीवन रेखा जैसा है और इसके अभाव में लोगों को गंभीर असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। स्थानीय ग्रामीणों ने स्थायी और मजबूत पुल निर्माण की मांग करते हुए प्रशासन से अपील की है कि इस बार कोई तात्कालिक नहीं बल्कि दीर्घकालिक समाधान निकाला जाए, ताकि हर साल बरसात में इस संकट का सामना न करना पड़े।

एक नजर

अवैध संबंधों के चलते गाली गलौज व मारपीट का आरोप

बाजपुर : दूसरी महिला से अवैध संबंधों के चलते गाली-गलौज व मारपीट करने एवं उसे घर से निकालने का प्रयास करने का आरोप लगा पीड़िता ने अपने पति एवं उसके सहयोगी बने सास-ससुर के विरुद्ध कोतवाली में नामजद तहरीर दी है। नैनीताल स्टेट हाईवे पर वार्ड-13 यादव होटल के पीछे निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि करीब 12 वर्ष पूर्व उसकी शादी हुई थी और वर्तमान में उसके चार बच्चे (एक लड़का व तीन लड़की) हैं। उसका पति नशेड़ी व जुआरी है तथा भौना कॉलोनी निवासी एक महिला से अवैध संबंध हैं। इसके चलते पति उसे व बच्चों को परेशान कर रहा है और इसी महिला से दूसरी शादी करने की बात कहकर उसे घर से निकालने का प्रयास कर रहा है। उसके साथ आए दिन गाली-गलौज करता है तथा कई बार मारपीट कर चुका है। पीड़ित अपनी सास व ससुर से पति की शिकायत करती है तो वह भी अपने बेटे को सही ठहरा रहे हैं।

ऑनलाइन ट्रेडिंग का झांसा देकर ठगे 12 लाख रुपये

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: एक व्यक्ति को मुनाफे के झांसे में लेकर ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर 12 लाख रुपये अज्ञात लोगों ने ठग लिए। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

मो. सिंघान निवासी दीन दयाल शिक्षा विभाग में कार्यरत हैं। कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर उन्होंने बताया कि फरवरी व मार्च में उनके पास एक कॉल आया जिसमें अज्ञात व्यक्ति ने ट्रेडिंग के लिए एक लिंक भेजा। लिंक खोलने पर ट्रेडिंग कराने तथा पूर्ण रूप से उसका प्रॉफिट सहित वापस मिलने के लिए निर्देश दिए थे। बताया कि कॉल करने वालों ने उसका एक अकाउंट बनाया और टेलीग्राम पर आर्डर पूरा करने पर प्रॉफिट सहित पैसा वापस मिलने की बात कही। बताया कि पहले उन्होंने उससे एक हजार रुपये डलवा कर 1300 रुपये वापस कर दिए। जिसके बाद पीड़ित भरोसे में आ गया और ट्रेडिंग जारी रखा।

बताया कि वह कई समय तक धनराशि देता गया लेकिन प्रॉफिट नहीं आया। जिस पर वह कहने लगे कि आपका पैसा सेफ है और ऑर्डर को पूर्ण करने पर सारा पैसा वापस हो जायेगा। पीड़ित ने बताया कि जब ज्यादा पैसा रुक गए, तो उसे शक हुआ। बताया कि अब तक उन लोगों ने कोई भी धनराशि नहीं लौटाई है और लिंक भी बदल दिया है। बताया कि इस ट्रेडिंग में वह लगभग 12 लाख रुपए गवां चुका है।

नाबालिग लड़की का किया अपहरण

नानकमत्ता : मिट्टी खनन माफिया गांव की नाबालिग लड़की को रात्रि में अपनी कार में अपहरण कर फरार हो गए। लड़की के चाचा ने थाने में आरोपियों के विरुद्ध नामजद रिपोर्ट सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

एक गांव निवासी पीड़िता के चाचा ने तहरीर में कहा है कि गत 21 जून को रात्रि में वह खेत में धान रोपाई के लिये पानी लगाने गया था। घर में अन्य बच्चों के साथ 17 वर्षीय भतीजी भी थी। इस दौरान डियुडी गांव निवासी अन्य समुदाय का एक युवक रात्रि में अपने दो साथियों के साथ सफेद रंग की कार से आकर उसकी 17 वर्षीय नाबालिग भतीजी का अपहरण कर ले गया। वे लोग जब तक समझ पाते तब तक कार रहदासपुर गांव की ओर जा चुकी थी। सूचना पर दो घंटे बाद पहुंची पुलिस ने एक ईंट भट्टे में खोजबीन की लेकिन वहां कोई सुराग नहीं मिला।

भारी पुलिस फोर्स के साथ पहुंचा प्रशासन, अवैध धार्मिक स्थल बनाने का हो रहा था प्रयास

पहाड़गंज में निर्माणाधीन भवन ध्वस्त

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : पहाड़गंज में एक बार फिर अवैध निर्माण पर प्रशासन ने अपना हथौड़ा चलाया और निर्माणाधीन मकान को ध्वस्त कर दिया। बताया जा रहा है कि मकान में धार्मिक स्थल बनाने का प्रयास हो रहा था। जिसको लेकर प्राधिकरण एवं प्रशासन ने पहले भी हिदायत दी थी।

कुछ दिनों से जिला विकास प्राधिकरण और प्रशासन की टीम प्रीत विहार, फाजलपुर महरौला और पहाड़गंज में अवैध निर्माण या फिर अवैध मदरसा संचालन को लेकर ताबड़तोड़ कार्रवाई की थी। इसके चलते पहाड़गंज में निर्माणाधीन मकान में मस्जिद बनाने की सूचना पर प्रशासन ने नोटिस भी जारी किया था। बुधवार को भी मिली सूचना के आधार पर एसडीएम मनीष बिष्ट, तहसीलदार दिनेश कुटोला भारी पुलिस फोर्स के साथ पहाड़गंज पहुंचे और निर्माणाधीन मकान का काम रुकवा दिया और निगम की टीम लगा कर मकान पर हथौड़ा बरसाने का आदेश दिया। इसके बाद निगम कर्मियों ने निर्माणाधीन मकान को तोड़ना शुरू कर दिया। उधर, एसडीएम मनीष बिष्ट ने बताया कि नजूल या फिर सीलिंग की भूमि पर बिना नक्शा पारित हुए ही मकान और धार्मिक स्थल का निर्माण किए जाने की शिकायत मिल रही थी और जिस मकान को तोड़ने का आदेश दिया गया है। उस स्थान पर मकान की आड़ में मस्जिद बनाने का विवाद भी चल रहा है।

पहाड़गंज में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करवाते एसडीएम। ● अमृत विचार

पालिका परिसर में पर्यावरण मित्रों ने दिया अनिश्चितकालीन धरना

सफाई कर्मचारी पर हुए जानलेवा हमले के आरोपी के घर पर बुलडोजर चलाने की मांग

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार: नाले की सफाई के दौरान सफाई कर्मचारी पर हुए जानलेवा हमले के मामले में देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ के बैनर तले नगर पालिका के पर्यावरण मित्रों ने कार्य बहिष्कार करते हुए चार सूत्रीय मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। नगर स्थित राजीव गांधी कम्युनिटी हॉल में पर्यावरण मित्रों ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए 4 सूत्रीय मांगों को जल्द पूरा करने की मांग की। इस दौरान पर्यावरण मित्रों ने सफाई कर्मचारी अरुण पर जानलेवा हमला करने के आरोपी इकबाल के घर पर बुलडोजर चलाने अथवा उसके मकान को नीलाम कर प्राप्त धनराशि से गंभीर रूप से घायल अरुण की आर्थिक मदद करने की मांग की।

धरना प्रदर्शन के दौरान पर्यावरण मित्रों ने घायल सफाई कर्मचारी अरुण के इलाज का खर्च सरकार द्वारा उठाए जाने की मांग करते हुए कहा कि अरुण का परिवार अत्यंत गरीब है तथा अरुण के इलाज में परिवार को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने घायल अरुण की धर्मपत्नी को किच्छा नगर पालिका में तत्काल नौकरी दिए जाने तथा नगर पालिका प्रशासन द्वारा निजी स्तर पर एक एम्बुलेंस खरीदने की मांग करते हुए पालिका कर्मचारी एवं नगर के निर्धन गरीब एवं गंभीर मरीजों के लिए एंबुलेंस की व्यवस्था करने की मांग उठाई। देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ के प्रदेश कोषाध्यक्ष कल्लू चरण एवं संगठन के जिला अध्यक्ष विनोद कुमार ने कहा कि सफाई कर्मचारियों का शोषण एवं उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सूचना पर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी गुरमीत सिंह मौके पर पहुंचे और कर्मचारियों से वार्ता कर घायल अरुण की पत्नी को नौकरी दिए जाने तथा एंबुलेंस खरीदने के लिए सरकार को प्रस्ताव भेजने एवं प्रस्ताव को मंजूरी मिलते ही एंबुलेंस खरीदने की सहमति जताते हुए लिखित रूप में दो मांगे पूरी करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण मित्रों की अन्य मांगें पुलिस प्रशासन से संबंधित हैं। अधिशासी अधिकारी गुरमीत सिंह द्वारा कर्मचारियों के साथ लिखित समझौता होने पर कर्मचारियों ने अनिश्चितकालीन आंदोलन को स्थगित करने की घोषणा कर दी। भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिला महामंत्री नितिन चरण ने बताया कि धरना प्रदर्शन के दौरान पूर्व विधायक राजेश शुक्ला द्वारा भी दूरभाष पर वार्ता कर कर्मचारियों को हर संभव सहयोग का आश्वासन देकर धरना प्रदर्शन समाप्त करने का आग्रह किया गया। मौके पर सफाई कर्मचारी संघ के प्रदेश कोषाध्यक्ष कल्लू चरण, जिला अध्यक्ष विनोद कुमार के अलावा शाखा अध्यक्ष कैलाश वाल्मीकि, कर्मचारी नेता नितिन चरण, राकेश वाल्मीकि, मनोहर लाल, श्याम बाबू, विवेक चरण, सचिन चरण, अरुण कुमार, मुकेश, माइकल, राजू, साउल दास, राजेश वाल्मीकि, चंद्रपाल, राजेंद्र, बीना, रजनी, सपना आदि मौजूद रहे।

किच्छा नगर पालिका में धरना प्रदर्शन करते पर्यावरण मित्र। ● अमृत विचार

नदी में कूदे अधेड़ का शव बरामद

खटीमा: पांच दिन पूर्व नदी कूदे अधेड़ का शव बुधवार को पांचवें दिन पीलीभीत के अमरिया अमरिया क्षेत्र में नदी में उतराता मिला।

राजाराम (फाइल फोटो)।

पुलिस और एसडीआरएफ की टीमें पिछले चार दिनों से शव की तलाश में जुटी थीं। नदी में शव की सूचना अमरिया थाने की पुलिस ने सत्रहमील चौकी को दी। पुलिस ने घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दी। जिन्होंने मौके पर पहुंचकर शिनाख्त की। घर पर किसी विवाद से तंग ग्राम मझोला निवासी राजाराम (52) पुत्र उमाचरन ने शनिवार की रात करीब पौने 11 बजे हल्दी देवहा नदी में छलांग लगाकर लगा दी थी। उसके पुत्र शिवेंद्र कुमार ने अपने पिता को बचाने का प्रयास किया लेकिन बचा नहीं सका। जिसकी सूचना उसने पुलिस को दी। पुलिस और एनडीआरएफ की कई टीम लगातार शव की तलाश में नदी की खाक छानी लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। शव घटनास्थल से करीब 25 किलोमीटर दूर बुधवार की सुबह जिला पीलीभीत थाना अमरिया क्षेत्र की नदी में उतराता मिला जिसकी सूचना अमरिया पुलिस ने सत्रहमील पुलिस चौकी प्रभारी ललित सिंह बिष्ट को दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव के कपड़ों व चेहरे के आधार पर मृतक की पहचान राजाराम के रूप की।

बाईपास पर कार की टक्कर से बाइक सवार की गई जान

- युवक मंगलवार की देर शाम लौट रहा था घर
- पुलिस ने शुरू की कार चालक की तलाश

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : मंगलवार की देर शाम कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना की जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

गांव भमरौला निवासी 25 वर्षीय रिहान रुद्रपुर में काम करता था और रोजमर्रा की भांति मंगलवार की देर शाम को खाना खाकर बाइक से अपने घर लौट रहा था। किच्छा बाइपास मार्ग पर अचानक तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि घायल को कार चालक द्वारा ही जिला अस्पताल ले जाया गया था। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर एसएसआई नवीन बुधानी ने मौका मुआयना किया और घटना की जानकारी लेने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया कि घायल को कार चालक द्वारा ही अस्पताल पहुंचाने की बात सामने आई है। यदि कोई शिकायती पत्र आता है तो पुलिस मुकदमा दर्ज कर चालक की खोजबीन करेगी। बावजूद पुलिस सीसीटीवी कैमरों के आधार पर चालक को चिह्नित करने की कोशिश कर रही है। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

सड़क हादसे में वृद्ध की मौत

सितारगंज : बैगुल कॉलोनी सिसैया निवासी ठाकुर मंडल ने थाना सितारगंज में दी तहरीर में बताया कि उसके वृद्ध पिता सुधीर मंडल जो 14 जून की शाम करीब 7 :24 बजे साइकिल से बाजार जा रहे थे, नैन सिंह के घर के सामने एक तेज रफ्तार वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में उनकी मौत हो गई। वाहन को मलकीत सिंह उर्फ कुन्नी निवासी कुंवरपुर सितारगंज चला रहा था। अगली सुबह 15 जून को खटीमा में पोस्टमार्टम हुआ। मौके पर मौजूद प्रेम मंडल और विजय मंडल ने दुर्घटना को अपनी आंखों से देखा और आरोपी को पहचान लिया, जो घटनास्थल से वाहन लेकर फरार हो गया। मृतक की साइकिल भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। अंतिम संस्कार में व्यस्त रहने के कारण पीड़ित पुत्र ठाकुर मंडल ने 24 जून को थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है।

दुर्घटनाओं में दो महिलाओं समेत पांच लोग घायल

बाजपुर : अलग-अलग सड़क हादसों में दो महिलाओं समेत पांच लोग घायल हो गए। बुधवार की सुबह करीब साढ़े आठ बजे पुलिस चौकी बरहैनी के अंतर्गत पोपुरी-बरहैनी मार्ग पर मैथा फैक्ट्री के पास ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी, जिससे ई-रिक्शा में सवार ग्राम चनकपुर बरहैनी निवासी विद्या देवी पत्नी लाल सिंह, ग्राम खंबारी बन्नाखेड़ा निवासी सुकोला देवी पत्नी जागन सिंह, जगवंती पत्नी हरि सिंह, अनीता पत्नी जगदीश, पेरसो देवी पत्नी किशन सिंह, दीपा पत्नी अशोक, सोमवती पत्नी चतुरू आदि घायल हो गए। यह भी महिलाएं मोहनपुर फार्म में धान की पौध रोपने आ रही थीं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली व ई-रिक्शा को कब्जे में ले लिया है। घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने हालत गंभीर होने पर विद्या व सुकोला को हायर सेंटर रेफर कर दिया है। वहीं दूसरी घटना राष्ट्रीय राजमार्ग-74 पर मसीत मोड़ के नजदीक हुई है। बताया जाता है कि सुबह करीब 10 बजे बजे दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई, जिसमें स्वार रामपुर (उप्र) निवासी आसिम पुत्र मोहम्मद रफी, खानपुर पश्चिमी स्वार रामपुर (उप्र) निवासी विषम सिंह पुत्र रघुवीर सिंह व बरहैनी बाजपुर निवासी प्रेम सिंह पुत्र तुलाराम घायल हो गए, जिन्हें 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल रुद्रपुर ले जाया गया है। घटना के चलते मौके पर काफी देर तक अफरातफरी का माहौल बना रहा।

पति पर नशा करके मारपीट व तोड़फोड़ करने का आरोप

बाजपुर : पति पर नशा करके गाली-गलौज, मारपीट व घर में तोड़फोड़ करने का आरोप लगा पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम मुड़िया कलां निवासी पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसका विवाह करीब 18 वर्ष पहले हुआ था और उसकी पांच बेटियां हैं। आरोप है कि उसका पति पिछले 15 दिन से लगातार नशा कर रहा है। काम पर नहीं जा रहा, समझाने पर पत्नी व बच्चों के साथ गाली-गलौज एवं मारपीट की जा रही है। रात को कभी भी उठ कर जान से मारने की नीयत से पत्नी का गला दबा दे रहा है। आरोपी द्वारा घर में भी तोड़फोड़ की जा रही है। इतना ही नहीं घर का सामान बेच कर नशा कर रहा है।

चोरी की बड़ी वारदात विफल, चार आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : थाना पंतनगर पुलिस की सजगता के चलते चोरी की एक बड़ी वारदात होने से बच गई। पुलिस ने खंडहर के नीचे बैठकर चोरी की योजना बना रहे चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और उन के कब्जे से तमंचा व चाकू सहित आलानकब का सामान बरामद कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने कबूला कि वह देर रात्रि को इलाके में बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहे थे।

सिडकुल चौकी प्रभारी गणेश दत्त भट्ट ने बताया कि 24 जून की रात्रि को दरोगा अनिल मेहता पुलिस टीम के साथ गश्त कर रहे थे। तभी सूचना मिली कि खाद्य निर्माता कंपनी के समीप स्थित पार्क में बने खंडहर में चार संदिग्ध बैठे हुए हैं। पुलिस ने बताए स्थान पर दबिश देकर चार युवकों को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम नरेंद्र सागर उर्फ नीरज निवासी शांति कॉलोनी, अजय साहनी निवासी बगवाड़ा, करण देव गिरि निवासी फुलसुंगी थाना ट्रांजिट कैंप और हरपाल उर्फ विकास निवासी ललौरी खेड़ा जहानाबाद पीलीभीत बताया। तलाशी लेने पर पुलिस ने एक तमंचा व कारतूस, एक तेज धारदार चाकू और चोरी में प्रयुक्त उपकरण बरामद किए। पूछताछ में आरोपियों ने एक बड़ी चोरी की योजना बनाने की बात कबूली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।

पकड़े गए आरोपियों के साथ पुलिस टीम। ● अमृत विचार

पहल बीट में नियुक्त आरक्षियों को 26 मोबाइल किए वितरित, ई-बीट बुक के माध्यम से एक क्लिक पर खुलेंगी सभी जानकारियां

ऊधमसिंह नगर में बीट पुलिसिंग को बनाया जाएगा हाईटेक

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: उत्तराखंड पुलिस मुख्यालय बीट पुलिसिंग को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और आधुनिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल कर रहा है। इसी क्रम में एसएसपी मणिकांत मिश्रा के निर्देशों के तहत काशीपुर कोतवाली में तैनात 26 बीट पुलिस अधिकारियों को अत्याधुनिक मोबाइल फोन वितरित किए गए। यह कदम पुलिसिंग में डिजिटल तकनीक के उपयोग को बढ़ावा देकर सूचनाओं के त्वरित संचार, अपराध नियंत्रण और जनता की शिकायतों के कुशल निपटान को सुनिश्चित करेगा।

इस पहल का प्राथमिक उद्देश्य बीट पुलिस कर्मियों को आधुनिक तकनीक से लैस करना है, जिससे वे अपनी ड्यूटी को अधिक कुशलता और सटीकता से अंजाम दे सकें। यह सीधे तौर पर पुलिस मुख्यालय उत्तराखंड के पुलिस को डिजिटल बनाने के व्यापक दृष्टिकोण का हिस्सा है। काशीपुर कोतवाली में 26 बीट आरक्षियों को ये मोबाइल फोन प्रदान किए गए हैं। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने इस वितरण का व्यक्तिगत रूप से निरीक्षण किया। वितरित किए गए ये मोबाइल फोन ड्यूटी के दौरान हर बीट कर्मचारी के पास रहेंगे, जिससे वे तत्काल जानकारी जुटाने और साझा करने में सक्षम होंगे। इन मोबाइलों में विशेष रूप से पुलिस मुख्यालय उत्तराखंड द्वारा विकसित किया गया ₹ई-बीट बुक ऐप₹ इंस्टॉल किया गया है। यह ऐप मैन्युअल बीट बुक की अवधारणा पर आधारित है, लेकिन डिजिटल क्षमताओं के साथ इसे अधिक शक्तिशाली बनाया गया है। ई-बीट बुक ऐप का सबसे महत्वपूर्ण उद्देश्य बीट क्षेत्र में घटित होने वाली किसी भी प्रमुख सूचना को बिना किसी देरी के उच्चाधिकारियों तक पहुंचाना है। इससे न केवल सूचनाओं का त्वरित आदान-प्रदान होगा, बल्कि उसका एक व्यवस्थित और डिजिटल रिकॉर्ड भी उपलब्ध रहेगा। यह ऐप बीट क्षेत्र की 24 घंटे निगरानी रखने में सहायक होगा। पुलिसकर्मी इस ऐप के माध्यम से अपने क्षेत्र की गतिविधियों को लॉग कर सकेंगे। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना को तुरंत ऐप में दर्ज किया जा सकेगा, जिससे उनकी पहचान और ट्रैक करना आसान होगा। इतना ही नहीं ई-बीट ऐप बीट क्षेत्र में रहने वाले हिस्ट्रीशीटरों की निगरानी को और अधिक प्रभावी बनाएगा। उनकी गतिविधियों को ट्रैक करना और आवश्यकता पड़ने पर तत्काल कार्रवाई करना संभव होगा। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने कहा कि यह डिजिटल पहल पुलिस बल को आधुनिक चुनौतियों का सामना करने और अपराध पर अधिक प्रभावी ढंग से अंकुश लगाने में सशक्त करेगी। उन्होंने कहा कि विश्वास ये मोबाइल फोन और ई-बीट बुक ऐप, बीट पुलिसकर्मियों को अपनी जिम्मेदारियों को अधिक कुशलता से निभाने में मदद करेंगे, जिससे तहत जनता को सुरक्षित और बेहतर माहौल मिलेगा।

काशीपुर में तैनात आरक्षियों को मोबाइल देते एसएसपी। ● अमृत विचार

Bareilly International University B.I.U.
Admission Open
Session 2025-26
BIU COLLEGE OF PHARMACY BIUCOP BAREILLY Towards Professional Excellence
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
• B. Pharma (4 Years) • M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
• M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
• M. Pharma (Pharmacognosy) (2 Years)
ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • B. Pharma (4 Years)
Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years)
Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
BIU College of Management
• M.H.A. (2 Years) • M.P.H. (2 Years)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

अमृत विचार
www.amritvichar.com

कर्मणा मनसा वाचा यदभीक्षणं निषेवते।
तदेवापहरत्येनं तस्मात् कल्याणमाचरेत् ॥

मन, वचन, और कर्म से हम लगातार जिस वस्तु के बारे में सोचते हैं, वही हमें अपनी ओर आकर्षित कर लेती है। अत : हमे सदा शुभ चीजों का चिंतन करना चाहिए।

संपादकीय

टकराव टालने का अवसर

इजराइल और ईरान के बीच लागू हुआ युद्ध विराम एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। सुखद है कि यह लागू कर दिया गया है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुटेरेश ने दोनों देशों से युद्ध विराम की घोषणा का पूरी तरह से पालन करने का आग्रह किया है। इजराइल द्वारा 13 जून को ईरान में परमाणु केन्द्रों व सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाकर हवाई हमले किए जाने के साथ ही हिंसक टकराव की शुरुआत हो गई थी, जिसके बाद अमेरिका ने भी ईरान के तीन परमाणु केन्द्रों को निशाना बनाया। जवाब में ईरान ने कतर में एक अमेरिकी सैन्य ठिकाने पर हमले किए। इससे क्षेत्र में असुरक्षा और गहरी हुई। इस बीच अमेरिका की मध्यस्थता के बाद दोनों देशों में समझौता हुआ। इन हमलों में बड़े पैमाने पर जान-माल की हानि हुई है। गौरतलब है कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने के इरादे से सुरक्षा परिषद की बैठक में 2015 में एक समझौते पर सहमति हुई थी, जिसे संयुक्त व्यापक कार्रवाई योजना के नाम से जाना जाता है, और इसकी अवधि इस वर्ष अक्टूबर में समाप्त हो रही है। यूएन अवर महासचिव रोज़मैरी डीकार्लो के अनुसार इस समझौते के समर्थन में पारित हुए प्रस्ताव की शर्तों को पूरा नहीं किया गया है। ओमान के सहयोग से ईरान और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच पांच दौर की द्विपक्षीय वार्ता के बावजूद, परमाणु समझौते को पूरी तरह लागू करने की दिशा में कोई रास्ता नजर नहीं आया है। ईरान व इजराइल के हिंसक टकराव की वजह से वार्ता के छठे दौर को स्थगित कर दिया गया था। ईरान के अनुसार, इसराइली हमलों में कम से कम 606 लोगों की जान गई है और 5,300 घायल हुए हैं।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि ईरान का परमाणु नष्ट हो गया है, जबकि अमेरिका की एक खुफिया रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी हमले के बाद ईरान का परमाणु कार्यक्रम कुछ महीने पीछे चला गया है लेकिन पूरी तरह से तबाह नहीं हुआ है। साथ ही ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने कहा कि आक्रामक दुश्मन परमाणु सुविधाओं को नष्ट करने और परमाणु ज्ञान को कम करने के साथ-साथ सामाजिक अशांति को भड़काने के अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में विफल रहा। इजराइल और ईरान के बीच युद्ध विराम पर सहमति की खबर निश्चित रूप से अच्छी बात है। परंतु देखना होगा कि इस युद्ध का आगे जाकर क्या असर होने वाला है। युद्ध विराम समझौता एक भयावह टकराव को टालने और ईरान परमाणु मुद्दे को शातिपूर्ण ढंग से निपटाने के लिए एक अवसर है। अब इस मुद्दे के कूटनीतिक समाधान की तलाश की जानी होगी।

युद्धप्रिय देशों पर हावी न्यूक्लियर वार टेक्नोलॉजी

रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

न्यूक्लियर साइंस एंड टेक्नोलॉजी के विस्तृत इतिहास पर नज़र डालने से रेडियोएक्टिव मिनरल्स, इनकी एनरिच्मेंट और इनसे बम बनाने की टेक्नोलॉजी और डिवाइसेस का स्तर दिमाग की चूलें हिलाने के लिए काफी है।

ईरान के विरुद्ध इजराइल और अमरीका ने युद्ध लड़ा उसमें किन लोगों की जीत हुई है। न तो अमरीकनों की और न ही ईरानियों की। यहूदी और क्रिश्चियन के विरुद्ध ईरान के शिया मुसलमानों की भी नहीं बल्कि इस नई शैली के युद्ध में जीत हुई है टेक्नोलॉजी की। सीग्फ्रिड गेईडियोन ने सन 1947 में प्रकाशित किताब मैकेनाइज़ेशन टेक्स कमांड में भविष्यवक्ता की तरह महसूस किया था कि टेक्नोलॉजी के विकास के उस समय स्वरुप और गति को देखते हुए एक दिन ऐसा आएगा जब टेक्नोलॉजी मनुष्य पर हावी हो जाएगी।

अभी तो मनुष्य ही टेक्नोलॉजी पर हावी है लेकिन कृत्रिम मेधा और इंस्ट्रूमेंटेशन में जो प्रगति हुई है उससे युद्धास्त्र अधिक संहारक, सटीक, त्वरित, गाइडेड और चतुर बना दिए गए हैं। यूक्रेन का रूस पर ड्रोन हमला, भारत द्वारा ऑपरेशन सिन्दूर के लिए हाई-टेक कमांड एंड कण्ट्रोल सिस्टम का इस्तेमाल और ईरान-इजराइल के हालिया संघर्ष में अमरीका द्वारा प्रयुक्त सर्वोन्नत टेक्नोलॉजी ने न केवल गेईडियोन की सोच को पुष्ट किया है वरन साइंस फिक्शन राइटर्स की दशकों पुरानी कल्पनाओं को साकार कर दिया है। अमरीका और यूरोपियन देश नहीं चाहते कि ईरान बम ग्रेड न्यूक्लियर टेक्नोलॉजी हासिल करे।

ईरान के न्यूक्लियर ऊर्जा और सम्बद्ध ठिकानों पर हमले के प्रसंग में अमरीका ने इंटेलिजेंस गैदरिंग से किसी तरह खुद को आश्वस्त कर लिया कि ईरान के न्यूक्लियर साइंटिस्ट्स और इंजीनियर कुछ दिन में ही परमाणु बम बना लेंगे और इसीलिए अतिशीघ्र ऐसे ठिकानों को नष्ट करना जरूरी है। कंक्रीट या ठोस चट्टानों को भेदते हुए 60 मीटर की गहराई तक मार करने वाले 13,600 किलोग्राम भारी मैसिव आर्डिनेंस पैनीट्रेटर और गाइडेड बम की 14 यूनिट और 30 टॉमहॉक प्रक्षेपास्त्रों को दाग कर अमरीका ने हमला किया था।

परमाणु ठिकाने पर डाले गए विशालतम बम विस्फोट से नुकसान की संभावना इस बात पर निर्भर है कि परमाणु एनरिच्मेंट सुविधा के भीतरी कक्षों में किस-किस वस्तु पर स्ट्राइक से असर पड़ा है। फोर्दो, नतांज़ और इस्फ़हान के प्लांट्स पर 22 जून के हमले में क्या एनरिच किए हुए यूरेनियम के अति-सुरक्षित कंटेनर भी ध्वस्त हुए या 400 से 1200 किलोग्राम, 60 प्रतिशत तक एनरिच किया गया यूरेनियम ईरान ने पहले ही हटा लिया था? मार्च के अंत में अमेरिकी खुफिया समुदाय ने एक आकलन प्रस्तुत किया था जिसके द्वारा राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड ने यह कहा कि ईरान का समृद्ध यूरेनियम भंडार उच्चतम स्तर पर है और परमाणु अस्त्र रहित एक देश के लिए एनरिच्ड यूरेनियम का इतना बड़ा भंडार रखना अभूतपूर्व है।

ईरान के न्यूक्लियर ऊर्जा और सम्बद्ध ठिकानों पर हमले के प्रसंग में अमरीका ने इंटेलिजेंस गैदरिंग से किसी तरह खुद को आशवस्त कर लिया कि ईरान के न्यूक्लियर साइंटिस्ट्स और इंजीनियर कुछ दिन में ही परमाणु बम बना लेंगे और इसीलिए अतिशीघ्र ऐसे ठिकानों को नष्ट करना जरूरी है।

अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने भीतर के गलियारों और कक्षों में रासायनिक और रेडियोलॉजिकल संदूषण होने की बात तो कही है परन्तु रेडियोधर्मी विकिरण का बाहर का स्तर अभी तो सामान्य ही है। हमले में यह सुनिशिचित किया गया कि ईरान के परमाणु इंजिनियर वार हेड्स की कन्फिग्यूरेशन कर पाएं इससे पहले सब-कुछ नष्ट कर दिया जाना चाहिए। पेंटागन की खुफिया शाखा रक्षा खुफिया एजेंसी की पांच पृष्ठों की प्रारंभिक, क्लासिफाइड रिपोर्ट में कहा गया है कि यूरेनियम एनरिच्मेंट करने वाले सेंट्रीफ्यूज, अधिकांशतः सही हैं और क्षतिग्रस्त नहीं हैं। कोशिश करने से ईरान के इंजिनियर सेंट्रीफ्यूज़ यूनिट्स को फिर से कुछ ही महीनों में चालू कर सकते हैं।

अभी किसी को मालूम नहीं है कि अमरीका ने 22 जून के मिडनाइट हैमर ऑपरेशन पर कितना खर्चा किया है। सात बी-2 स्पिरिट स्टील्थ बॉम्बर विमानों से गिराए गए 14 गाइडेड बमों और 30 टॉमहॉक मिसाइलों की कुल कीमत ही 140 करोड़ अमरीकी डॉलर है। गाइडेड बम यूनिट 57 -बी और टॉमहॉक मिसाइल की रचनात्मक इंजीनियरिंग में फाइनल कॉन्फिग्युरेशन में विस्फोटक पदार्थ भर कर सील करने तक फ्लीट एक्स्पेरिमेंटेशन स्टेज तक इसे टेस्ट किए जाने तक वर्षों का समय लगता है। बी-2 स्पिरिट स्टील्थ बमवर्षक विमानों ने अमरीका के मिसौरी एयरबेस से उड़ान भर कर ईरान के परमाणु संस्थानों को बमबारी से नष्ट करने से पहले लक्ष्य क्षेत्रों तक पहुंचने के लिए लगभग 11,400 किलोमीटर से अधिक की एकतरफा दूरी तय की जिसके लिए कई बार हवा में ईंधन भरने के अलावा 37 घंटे तक बिना रुके उड़ना पड़ा। एक बी-2 बॉम्बर को 37 घंटा उड़ाने का खर्चा करीब 50 करोड़ भारतीय रुपये के मूल्य के बराबर है। इस प्रकार बम, मिसाइल और उड़ानों पर 1 ख़रब 70 अरब भारतीय रुपये खर्च हुए।

न्यूक्लियर साइंस एंड टेक्नोलॉजी के विस्तृत इतिहास पर नज़र डालने से रेडियोएक्टिव मिनरल्स, इनकी एनरिच्मेंट और इनसे बम बनाने की टेक्नोलॉजी और डिवाइसेस का स्तर दिमाग की चूलें हिलाने के लिए काफी है। थ्योरेटिकल से एक्सपेरिमेंटल फिजिक्स और विस्फोटकों की केमिस्ट्री की खोजयात्रा में टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट का जुड़ाव और विकास खुद में चकित करने वाली विद्यायें हैं। न्यूक्लियर वेपन्स के विकास का इतिहास वैसे तो अल्बर्ट आइंस्टीन की एनर्जी इक्वेशन (ई=एमसी 2) से शुरू होता है परन्तु, सन 1939 में जर्मन सेना आयुद्ध नीति नियामकों ने पहल करके यूरेनियम पदार्थ के विखंडन के सैन्य प्रयोग की जांच के लिए सेना के भौतिक विज्ञानी कर्ट डाइबन्हेर के नेतृत्व में एक शोध कार्यक्रम की स्थापना की। शीघ्र ही अमरीका को इसकी भनक लग गई और अमरीका के राष्ट्रपति ने भौतिकीविद ओपनहाइमर को परमाणु बम बनाने के प्रोजेक्ट पर लगा दिया जिसका कोड-नेम मैनहट्टन रखा गया। अगस्त 1945 में परमाणु बमों को जापान के शहरों हिरोशिमा और नागासाकी पर डाला गया। प्रोजेक्ट मैनहट्टन के सभी डाक्यूमेंट्स अब अध्ययन हेतु डी-क्लासिफाई हो चुके हैं। इसी सिलसिले में रूस, फ्रांस और चीन के परमाणु युद्धास्त्रों के विकास के बारे में अपेक्षाकृत कम जानकारी प्रकाशित होती है। रूस ने तो अपनी जानकारी को दशकों तक गोपनीय रखा और आज भी इन तीनों के बारे में लोगों को अधिक जानकारी नहीं है। बाद में ये तीनों देश न्यूक्लियर बम बनाने और इनका परीक्षण करने में जुट गए थे।

ईरान के तीन न्यूक्लियर संस्थानों को नष्ट करने का मामला अमरीका और इजराइल की एकतरफा कार्रवाई का द्योतक है। पूरे मामले में पुख्ता सूचनाओं की कमी है। ईरान के रहनुमाओं ने कहा है कि देश के एक प्रमुख परमाणु वैज्ञानिकों की हमले में मौत होने के बावजूद यूरेनियम एनरिच्मेंट प्लांट के मरम्मत करके फिर से कुछ महीनों की बाद ही चालू कर दिया जाएगा। साफ़ है कि इरादा न्यूक्लियर बम बनाने का ही है। न्यूक्लियर बम ग्रेड की यूरेनियम और प्लूटोनियम बनाने के लिए एनरिच्मेंट प्लांट का होना जरूरी है। इसके लिए सेंट्रीफ्यूज़ की एक कतार लगाना आसान काम नहीं होता। ईरान में परमाणु टेक्नोलॉजी को लेकर जिस दर्जे का नुकसान हुआ है उसे फिर से स्थापित करने में कम से कम पांच-सात साल का समय तो लगेगा ही। हिस्ट्री ऑफ़ वार टेक्नोलॉजी और न्यूक्लियर टेक्नोलॉजी के विस्तार का अध्ययन करें तो चकित करने वाले छोटे स्तर की हज़ारों तकनीकी पहलु उजागर होने लगते हैं। पिछले सौ साल में जितना भी बौद्धिक श्रम और प्राकृतिक संसाधन इन सबमें लगा है इनके बारे में पब्लिक डोमेन में उपलब्ध रिसर्च हिस्ट्री के प्रकाशनों को देखने से ही इनकी व्यापकता का बोध होता है। इन प्रकाशनों की संख्या 30 लाख से अधिक है जिसमें क्लासिफाइड इनफार्मेशन का तो जिक्र ही नहीं है।

प्रसंगवश

नशे का फैलता मकड़जाल समाज की तबाही

दिवस विशेष

मादक पदार्थों का सेवन अब केवल व्यक्ति की निजी कमजोरी नहीं बल्कि मानवता के विरुद्ध सबसे बड़े अपराध के रूप में उभर रहा है। यह प्रवृत्ति केवल शहरों के क्लबों, पार्टियों और रेव-संस्कृति तक सीमित नहीं रही बल्कि अब भारत के दूरस्थ गांवों और कस्बों तक अपने पांव पसार चुकी है। ग्रामीण अंचलों में अफीम, चरस, गांजा और हेरोइन जैसे पारंपरिक मादक पदार्थों के साथ-साथ इंजेक्शन के जरिए लिए जाने वाले आधुनिक नशीले रसायनों का चलन भी खतरनाक रूप से बढ़ रहा है। सबसे चिंता की बात यह है कि अब यह सब कुछ हमारे सामाजिक ढांचे का अभिन्न अंग बनता जा रहा है, मानो जैसे यह कोई स्वाभाविक हिस्सा हो। वैसे यह समस्या केवल भारत तक ही सीमित नहीं है बल्कि दुनिया के अनेक देशों में नशीली दवाओं की अवैध तस्करी और खासकर युवाओं में नशीले पदार्थों के सेवन की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है। नशीले पदार्थों की तस्करी पर प्रतिबंध लगाने के उद्देश्य से ही प्रतिवर्ष 26 जून को 'अंतर्राष्ट्रीय नशा एवं मादक पदार्थ निषेध दिवस' मनाया जाता है लेकिन 36 वर्षों से यह दिवस मनाते रहने के बावजूद नशे की तस्करी पर लगाम कसे जाने के बजाय यह समस्या दुनियाभर में विकराल होती गई है। चिंताजनक स्थिति यह है कि भारत में तो नशे का कारोबार अब देश के नामीगिरामी शिक्षण संस्थानों तक फैल चुका है। बड़े शहरों की रेव पार्टियां, जहां महंगे होटल और फार्म हाउसों में धुआं, शराब और कोकीन की महक में आधुनिक युवा वर्ग डूबा होता है, इस विघटन की सबसे वीभत्स तस्वीरें पेश करती हैं। राजनीतिक संरक्षण और प्रशासनिक शिथिलता ने इन पार्टियों को लगभग 'छूट प्राप्त अड्डों' में बदल दिया है, जहां पुलिस की कार्रवाई महज दिखावा बनकर रह जाती है। रईसजादों के लिए यह नशे की संस्कृति, 'स्टेटस सिंबल' और 'मॉडर्निटी' का पर्याय बन गई है। कोकीन जैसे पदार्थ, जिनमें गंध तक नहीं होती, उनके लिए नया फैशन स्टेटमेंट हैं, बिना यह समझे कि ये पदार्थ तंत्रिका तंत्र पर सीधा प्रहार करते हैं और धीरे-धीरे शरीर और आत्मा को खोखला कर देते हैं।

इस भयावह स्थिति को और बढ़ावा देने वाला माध्यम है इंटरनेट। यह सूचना क्रांति का माध्यम अब नशीली दवाओं की उपलब्धता और प्रचार-प्रसार का भी प्लेटफॉर्म बन गया है। भारत में नशीले पदार्थों का सेवन करने वालों में कॉलेज छात्रों की भागीदारी चालीस प्रतिशत से अधिक है और इस आंकड़े में लड़कियों की संख्या भी चिंताजनक स्तर तक बढ़ चुकी है। अनेक कॉलेज परिसरों में अब यह स्थिति बन गई है कि छात्र अपने ही परिसर में नशा खरीद सकते हैं, यह व्यवस्था किसी संगठित गिरोह से कम नहीं। छात्रों का नशे की ओर झुकाव कई कारणों से होता है, साथियों के दबाव में, मॉडर्न दिखने की चाह में, रोमांच की तलाश में या फिर अवसाद, चिंता और मानसिक अकेलेपन की स्थिति में। चौंकाने वाली बात यह है कि वे दवाएं, जिन्हें मानव जीवन की रक्षा के लिए बनाया गया था, उन्हें अब नशे के औजार के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। मादक पदार्थों का सेवन धीरे-धीरे व्यक्ति की इच्छाशक्ति को इस हद तक खत्म कर देता है कि वह इनका गुलाम बन जाता है। प्रारंभिक प्रयोग के बाद, व्यक्ति पहले जैसी अनुभूति के लिए मात्रा बढ़ाता जाता है और एक ऐसी अवस्था में पहुंच जाता है, जहां उसका पूरा अस्तित्व इन पदार्थों पर निर्भर हो जाता है। इस समय समाज को एक जिम्मेदार संरक्षक की भूमिका निभानी चाहिए। सरकारें जितनी भी योजनाएं बना लें, कानून जितने भी कठोर हों, यदि समाज सजग नहीं हुआ तो इन प्रयासों की सफलता अधूरी रह जाएगी। युवाओं को बचाने के लिए सबसे पहले संवाद की आवश्यकता है, परिवारों में, विद्यालयों में, सामाजिक और धार्मिक मंचों पर। मार्गदर्शन, सहयोग और करुणा से ही युवा वर्ग को उस गर्त से बाहर निकाला जा सकता है, जिसमें वह आज फंसता जा रहा है। यह सोच गलत है कि नशे से लड़ाई केवल सरकार की जिम्मेदारी है, यह संपूर्ण समाज की परीक्षा है और यदि हम सचमुच इस परीक्षा में सफल होना चाहते हैं तो अब और देर नहीं करनी चाहिए। हमें यह स्वीकार करना होगा कि नशा अब एक व्यक्तिगत समस्या नहीं बल्कि राष्ट्रीय आपदा है और इस आपदा से लड़ने का एक ही रास्ता है जनचेतना, सहयोग और सामूहिक संकल्प।

योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ पत्रकार

क्या नील गाय की हत्या ही विकल्प है

पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

भले ही राज्यों में इनके नाम अलग-अलग हों लेकिन सभी जगह इनका आतंक एक जैसा है। नील गाय के लगातार हमलों से किसान बहुत परेशान और निराश हैं।

दो राज्यों के बीच फैले बुंदेलखंड में सड़कें बहुत अच्छी बन गई हैं लेकिन सड़कों पर चलना जानलेवा होता जा रहा है। आए रोज सड़कों पर तेज गति से चल रही कार-मोटर सायकिल से आवागमन करने वालों से एशिया की सबसे बड़ी हिरण प्रजाति रोजड या रोजा का सामना हो जाता है। वाहन तो चकनाचूर होता ही है, चोटें लोगों की मौत का कारण बन चुकी है। मालवा के मंदसौर –नीमच में अफीम के कई किसान पशु के डर से खेती छोड़ चुके हैं। हालांकि कभी इनकी गणना हुई नहीं लेकिन अंदाज है कि सारे देश में नील गाय या रोजा या फिर घोड़परास किसानी के लिए खतरा बने हुए हैं।

हाल ही में बिहार में राज्यभर में 3909 घोड़परास या नील गाय को मारने के लिए काम सौंपा गया है। इनमें सर्वाधिक घोड़परास की संख्या पूर्वी चंपारण में 576 है। समस्तीपुर से ले कर सारण, वैशाली और नालंदा तक आम लोगों की अर्जियां आई हैं कि उनके यहां नील गाय के आतंक से मुक्ति के लिए मारने की अनुमति दी जाए। बीते वर्ष बिहार में आधिकारिक रूप से 4279 नील गाय को मारा गया था जिनमें सर्वाधिक उस वैशाली जिले में मारे गए जहां अहिंसा के पुजारी गौतम बुद्ध का अंतिम उपदेश की घोषणा की थी। यहां 3057 नील गायों को गोली से उड़ा दिया गया था।

उत्तर प्रदेश के राज्य कृषि विभाग के अनुसार, पूरे प्रदेश में लगभग 2.33 लाख (233,000) नील गाय हैं। ललितपुर और इटावा जैसे जिलों में इनका प्रकोप ज्यादा है। राजस्थान के 2015 के आंकड़ों के अनुसार, राज्य में नील गाय की संख्या 55,000 से अधिक थी। हरियाणा, मध्य प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, महाराष्ट्र, ओडिशा, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, जम्मू-कश्मीर और कर्नाटक जैसे अन्य राज्यों में भी नील गाय की आबादी पाई जाती है और कुछ जगहों पर यह काफी अधिक है।

भले ही राज्यों में इनके नाम अलग-अलग हों लेकिन सभी जगह इनका आतंक एक जैसा है। नील गाय के लगातार हमलों से किसान बहुत परेशान और निराश हैं। कई मामलों में, इस नुकसान के कारण किसानों को अपनी खेती छोड़नी पड़ रही है या वे दूसरी फसलें लगाने से हिचकिचा रहे हैं। कुछ मामलों में, भारी नुकसान से निराश होकर किसानों द्वारा आत्महत्या करने की खबरें भी आई हैं। हालांकि कुछ राज्यों में नीलगाय को मारने की अनुमति दी गई है, यह एक संवेदनशील मुद्दा है। कई लोग नीलगाय को "गाय" से जुड़ा होने के कारण मारना पसंद नहीं करते, जिससे समस्या और बढ़ जाती है। इसके समाधान के लिए प्रभावी और टिकाऊ उपायों की आवश्यकता है।

तो क्या केवल उनकी हत्या कर देना ही नील गाय का एकमात्र निदान है? पिछले साल पंजाब कृषि विश्व विद्यालय में सुश्री कीरं रानी और भूपेंदर कौर बब्बर का एक शोध कार्य प्रकाश में आया था- मिटीगेटिग ब्लू बुल मेनान्सः एसेसिंग सट्रेजीस फॉर सस्टैनबल ऐग्रिकल्चर, जिसमें नील गाय से खेती को निरापद रखने के बहुत से विकल्प बताए थे। एनआईएससीपीआर और रिसर्च गेट में प्रकाशित शोध के अनुसार, प्राकृतिक और रासायनिक दोनों प्रकार के निरोधक के जरिए जानवरों को डरा कर उनकी नुकसान करने की आदत को काफी कुछ कम किया जा सकता है। खेतों के चारों तरफ बाड़, खाइयां और गड्ढे नील गायों को खेतों में प्रवेश करने से रोक सकते हैं, सोलर शक्ति से संचालित बिजली की बाड़ अधिक प्रभावी निवारक हो सकते हैं, लेकिन इनके लिए उचित डिजाइन और रखरखाव की आवश्यकता होती है। रिसर्चगेट की रिपोर्ट के अनुसार नायलॉन या लोहे की जंजीर की कम से कम 7 फीट ऊंची बाड़ प्रभावी होते हैं। शोध में बताया गया है कि फसलों के चयन को लेकर थोड़ी सावधानी भी इस जानवर की खेत से दूरी बना सकती है। ऐसी फसलें चुनें जिन्हें नील गायों द्वारा खाने की संभावना कम हो। तोरिया, तंबाकू, लेमन ग्रास, नागफनी। रामदाना आदि पर यह जानवर मुंह नहीं मारता। यदि खेत के बाहरी तरफ इन फसलों को बोया जाए तो यह खेत में घुसेगी नहीं। हालांकि यह तरीका आंशिक ही सफल है-एक तो यदि इसे भूख लगे तो यह कुछ भी खा लेता है, दूसरा इसकी लंबही छलांग लगाने की भी क्षमता होती है। फसलों को बदलने से नील गायों के आहार पैटर्न में व्यवधान उत्पन्न हो सकता है। यह वैज्ञानिक भी स्वीकारते हैं कि पारंपरिक तरीके जैसे गौमूत्र, पशु मल या दुर्गंधयुक्त मिश्रण का प्रयोग नील गायों को रोकने में सहायक हो सकता है। इसके अलावा फोरेट और फिनाइल घोल जैसे रासायनिक कीटनाशकों का उपयोग निवारक के रूप में किया जा सकता है, लेकिन उनकी प्रभावशीलता सीमित है।

सोशल फोरम

कमजोर सामाजिक सत्ता

कर्मेंदु शिशिर
वरिष्ठ लेखक

जब आप हिन्दू-मुस्लिम के आधार पर देखिएगा, तो आपकी सोच भी उसी के अनुरूप होती जाएगी। आपके पास उसी के पक्ष में तर्क मिलने शुरू हो जाएंगे। यही हाल जाति को लेकर है। आप लोगों को काम, आचरण, व्यवहार और सोच से आकलित करना शुरू कीजिए तो ऐसे वाइरस से बच सकते हैं। वरना झूठ, लूट, परिवारवाद और बकवास को ऐसा खुलेआम तर्क सहित समर्थन भारतीय राजनीति के इतिहास में इसके पहले नहीं था।

देखिए संस्कृति तात्विक नहीं, यौगिक होती है। वह " एक" से बनती ही नहीं है। वह सामाजिक सहयोग और सरोकार से ही विकसित होती है। भारतीय संगीत से आप हिन्दू-मुस्लिम को आधार बनाकर अलग कीजिएगा तो वह बिखरकर छिन्न-भिन्न हो जाएगा। वही हाल फिल्मों का है और साहित्य का भी,सोच-विचार का भी। महात्मा गांधी आचरण में सबसे बड़े और घोषित हिन्दू थे। मुसलमान उन पर सबसे यकीन किए। आप उनको बार-बार पाकिस्तानी बताइएगा और कहिएगा कि ये सब अंदर से यही है। फिर कहिएगा इन पर विश्वास नहीं। आपको पता है कि "वंदे मातरम्" नाम से उर्दू में एक साप्ताहिक निकलता था। सब स्वतः बोलते थे। हर समाज के भीतर बीमारियां ही हैं। सरकार का काम सामाजिक सुधार के काम का नेतृत्व करना नहीं है। इसमें वह सहयोग कर सकती है। सामाजिक कुरीतियां समाज सुधारक ही दूर कर सकते हैं। इसके लिए आपको उसी समाज के भीतर से इन्लाइटमेंट वाले लोगों को ढूंढना होगा। उनको आगे करना होगा। आज शिक्षा को लेकर और अनेक मामलों को लेकर मुस्लिम युवतियां सामने आई हैं और बहुत प्रभावशाली ढंग से अपना काम कर भी रही हैं। इसमें बार-बार असफलता, कम सफलता और फिर धीरे-धीरे सफलता मिलती है। सामाजिक परिवर्तन बहुत दुरूह होता है। इसे आप समाज सुधारकों की जीवनी पढ़कर जान सकते हैं। सोचिए आप अपने भीतर से जात-पात और छुआछूत को तो हटा नहीं पाए और दूसरे को सुधारने को लेकर पैमाल हो रहे हैं। भारतीय स्वाधीनता आंदोलन में सामाजिक आंदोलन बहुत तेज और सशक्त था। आजादी के बाद आपने सामाजिक सत्ता को बिलकुल कमजोर कर दिया।

-फेसबुक वॉल से

सार्थक बहस की सीमाएं और जनतंत्र का दर्शन

कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

ऐसी विचारधारा के लोगों के भीतर भी मूल प्रमेय पर बहस नहीं हो सकती। समय में आए बदलाव के अनुरूप केवल विस्तार के ब्योरों पर बहस हो सकती है।

क्या एक आस्थावान मज़हबीऔर एक अनीश्वरवादी के बीच धर्म के मुद्दे पर ईमानदार, स्वस्थ और सार्थक बहस हो सकती है? मुश्किल है क्योंकि दोनों के बुनियादी प्रमेय भिन्न हैं और दोनों अपने-अपने प्रमेयों को अंतिम मानकर चलते हैं। फिर मज़हब है आस्था का विषय और आस्था न संप्रेषित हो सकती है, न तर्क से उसका खंडन हो सकता है। मुश्किल तो है किंतु अवधारणात्मक रूप से संभव है। शर्त सिर्फ़ यह है कि दोनों में सौजन्य हो और एक-दूसरे के मनुष्य की मनुष्यता के प्रति सम्मान हो। मनुष्यता का सामान्य आधार तो अमिट है। इसी तरह दो भिन्न मज़हब मानने वालों के बीच भी उसी शर्त पर सार्थक बहस हो सकती है, भले ही उनके बुनियादी प्रमेय भिन्न हों।

जनतंत्र की अवधारणा में राज्य-संबंधी मामलों पर इस तरह की बहस की कोई ज़रूरत ही नहीं क्योंकि जनतंत्र के मूल प्रमेय के अनुसार आस्था और अनास्था राज्य-क्षेत्र के विषय ही नहीं हैं। यदि किसी मज़हब की व्यवस्था इतनी व्यापक है कि राज्य-व्यवस्था उसका अविभाज्य अंग है तो जनतंत्र के साथ उसमें समस्या आनी निश्चित है। जनतंत्र के साथ शरीयत नहीं चल सकती, चलेगी तो वह जनतंत्र का ढोंग मात्र होगा। एक ही समाधान है कि ऐसा मज़हब अपने में अंतर्निहित राज्य-व्यवस्था से अपने को पृथक कर ले। विचारधारा के साथ यह सुविधा नहीं क्योंकि वह तो राज्य और उसके कार्य-क्षेत्र के इर्दगिर्द ही घूमती है। यदि किसी विचारधारा में (वह वाम हो या दक्षिण, मार्क्सवादी हो या सांस्कृतिक राष्ट्रवादी) यह अंतर्निहित है कि उसने अंतिम सत्य पा लिया है और अस्तित्व की गुत्थी को अंतिम रूप से और हमेशा के लिए सुलझा लिया है, तो उस विचारधारावालों की बाहरवालों के साथ सार्थक बहस नहीं हो सकती। बल्कि विचारधारावालों के लिए असहमति के प्रति सहिष्णुता एक अवसरवादी, समझौतावादी क़दम होगा, कायरता होगी। ऐसी विचारधारा के लोगों के भीतर भी मूल प्रमेय पर बहस नहीं हो सकती। समय में आए बदलाव के अनुरूप केवल विस्तार के ब्योरों पर बहस हो सकती है। किंतु ऐसे ब्योरों पर भी भीतर एक राय बन जाने के बाद बाहर वालों के लिए वह अंतिम हो जाएगी, उससे असहमति के प्रति सहिष्णुता विचारधारा के प्रति बेवफ़ाई हो जाएगी। लिहाज़ा, बाहर वालों के साथ उनकी बहस केवल उन्हें कन्वर्ट करने के लिए या मात्र दिखावे के लिए होगी, बहस से निकले किसी इतर निष्कर्ष को मानने के लिए नहीं। यानी, बहस सार्थक नहीं होगी।

राजनीतिशास्त्र का विद्यार्थी होने के नाते जनतंत्र का दर्शन और इतिहास तथा 'विचारधारा' का दर्शन और इतिहास-दोनों की चाहे-अनचाहे घोटाई करनी पड़ी है (वही रोज़ी-रोटी का सवाल)। अब तो उम्र हो गई लेकिन मेरे मन से एक संशय नहीं गया-क्या जनतंत्र और विचारधारा में सामंजस्य संभव है? लगता तो यही है कि सही अर्थ में नहीं। कारण, जनतंत्र में अंतिम कुछ भी नहीं है, न मूल प्रमेय, न विस्तार के ब्योरे। सब कुछ समय-सापेक्ष है और समय किसी भी विचारधारा के अंदरूनी विकास की गति से ज़्यादा तेज़ी से बदलता है। तो जनतंत्र में (संविधान, जो स्वयं भी खास प्रक्रिया से संशोधन के अधीन है, की सीमा के भीतर) सब कुछ जनता को तय करना है। ट्रायल एंड एरर से। इसीलिए पांच साल की सीमा है। ग़लत हो जाए, तो पांच साल बाद रास्ता बदल देंगे। फिर ग़लत हो जाए, तो फिर बदल देंगे। अंतिम सत्य पर आधारित मूल प्रमेयों से लैश विचारधारा के लिए ट्रायल एंड एरर का कोई मतलब नहीं। पांच साल का भी कोई मतलब नहीं। वह तो मूल प्रमेय के अनुरूप विजय को कन्सॉलिडेट करने या 'लिबरेट' करने के लिए जनतांत्रिक संस्थाओं में हेरफेर शुरू कर देगी। विचारधारा के प्रयोग हो चुके हैं। निरंकुश राजतंत्र असफल हो गया तो सीमित राजतंत्र के प्रयोग हुए जो वस्तुतः जनतंत्र ही है। उसी तरह निरंकुश विचाराधारा तंत्र के भी प्रयोग हुए और असफल हो गए। पुनः जनतंत्र की ओर लौटना पड़ा।

जनतंत्र बहुत उत्तम व्यवस्था नहीं है। किंतु जितनी भी व्यवस्थाएं ज्ञात हैं उन्हें आज़माकर देखने के बाद यह साबित हो गया है कि उन सबसे बेहतर है। जनतंत्र में शांतिपूर्ण सुधार की गुंजाइश हमेशा बनी रहती है। जैसे वर्तमान पूंजी और सत्ता के गठजोड़ को तोड़ने के लिए चुनाव कानूनों में बुनियादी परिवर्तन संभव है। आज के इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के ज़माने में उम्मीदवारों की संख्या सीमित करने जैसे कुछ नियमनों के साथ जनता के (सरकारी) ख़ज़ाने से भी चुनाव कराए जा सकते हैं। जनता का संकल्प हो तो बेहतरी के लिए कोई भी मूलभूत सुधार हो सकता है। किंतु कोई भी सुधार सापेक्ष फल ही देगा। दिव्यान्तर कभी नहीं हो सकता क्योंकि मूल मानव स्वभाव में आमूल परिवर्तन कभी नहीं हो सकता। इसलिए मानव समाज की नियति में दिव्यांतर नहीं है। अस्तु जनतंत्र दिव्यांतर की महत्वाकांक्षा नहीं पालता, न उसका आश्वासन देता है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

नाला नहीं बनने से जलभराव से परेशान हो रहे मोहल्लेवासी

पालिकाध्यक्ष से मिले भारत जनहित सेवा संगठन के कार्यकर्ता

जसपुर में पालिकाध्यक्ष को समस्याओं का ज्ञापन देते संगठन के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, जसपुर

अमृत विचार : भारत जनहित सेवा संगठन के कार्यकर्ताओं ने पालिकाध्यक्ष से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि पट्टी चौहान में नाला निर्माण न होने से मोहल्ले वाले जलभराव की समस्या से जूझ रहे हैं। उन्होंने इसके अलावा दो और समस्याओं से निजात दिलाए जाने की मांग की।

संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सोनू कादरी के नेतृत्व में कार्यकर्ता बुधवार को नगर पालिका कार्यालय पहुंचे। उन्होंने यहां पालिकाध्यक्ष मो.नौशाद को बताया कि ठाकुरद्वारा चुंगी से एक बड़ा नाला पट्टी चौहान होते हुए मोहल्ला जुलाहान की ओर जा रहा है।

नाला निर्माण न होने से वह अटा पड़ा है जिससे जलभराव, गंदगी एवं बीमारी की समस्या पैदा हो रही है। उन्होंने पानी की निकासी के लिए नाला निर्माण की मांग की। इसके अलावा अबुल कलाम आजाद पार्क का सौंदर्यीकरण, नगर के कई स्थानों पर हो रही जलभराव की समस्या एवं बढ़े गृहकर को कम किए जाने की मांग की। इस मौके पर शाने इलाही, शाकिब चैधरी, फहीमुर्रहमान, नाजिर, मो.शहजाद, अलाउद्दीन आदि मौजूद रहे।

> नाले की डीपीआर बनाकर शासन को भेजे जाने की कार्रवाई की जा रही है। बृहस्पतिवार को नाले की सफाई कराई जाएगी। पार्क की डीपीआर बनाकर शासन को पहले ही भेजी जा चुकी है। जलभराव की समस्या पर पालिका कार्ययोजना बना रही है। जल्द ही समाधान होने की उम्मीद है।
> **-मो. नौशाद**, पालिकाध्यक्ष, जसपुर

प्रबंध समिति के 11 सदस्यों का निर्विरोध चुना जाना तय

संवाददाता, खटीमा

● खटीमा-मझोला सहकारी गन्ना विकास समिति का चुनाव

अमृत विचार : खटीमा-मझोला सहकारी गन्ना विकास समिति की प्रबंध समिति सदस्य की 11 सीटों के लिए नामांकन शुरू हुआ। सभी सीटों पर एक-एक प्रत्याशी ने नामांकन पत्र दाखिल किया। जिनका निर्विरोध चुना जाना तय है।

जिन प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया उनमें चंदेली से कुलदीप कौर, पुरनापुर-बेरीघाट से बलविंदर सिंह, नगला तराई से बिना तिवारी, प्रतापपुर से जसवीर सिंह, मझोला से अमरजीत सिंह, नोगवांठग्गूं से बलदेव कौर, बनबसा से गणेश प्रसाद मौर्य, दियां चांदपुर से रजविन्दर कौर, नौसर कुटरा से अशोक कुमार, बरी अंजनिया से प्रभदीप सिंह और सुनपहर निर्वाचन क्षेत्र से बलजिंदर सिंह शामिल रहे। सभी सीटों पर एक - एक प्रत्याशी द्वारा नामांकन कराने से उनका निर्विरोध चुना जाना तय माना जा रहा है। जिसके चलते चार जुलाई को मतदान की स्थिति समाप्त हो गई है।

अब चुने गए 11 प्रबंध समिति सदस्य पांच जुलाई को सभापति, उपसभापति सहित अन्य समितियों को भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों का निर्वाचन करेंगे। समिति सचिव महेन्द्र यादव ने बताया कि समिति सदस्य पांच जुलाई को सभापति, उपसभापति सहित अन्य समितियों को भेजें जाने वाले प्रतिनिधियों का निर्वाचन करेंगे।

छीपी बिरादरी के ओहदेदारों की हलफ बरदारी कल

जसपुर : मुस्लिम छीपी वेलफेयर सोसाइटी के नए ओहदेदारों को कल हलफ बरदारी (शपथ) दिलाई जाएगी। बिरादरी की कार्यकारिणी ने इसकी तैयारियां शुरू कर दी हैं। मुख्य चुनाव अधिकारी अतीकुर्रहमान रहबर ने बताया कि शुक्रवार के दिन ईशा की नमाज के बाद मोहल्ला चौहान के सिटी पैलेस में हलफ बरदारी के कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उलेमा नए ओहदेदारों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाएगें। कार्यक्रम में छीपी बिरादरी के अलावा अन्य बिरादरी के लोगों को भी निमंत्रण दिया गया है। सदर, नायब सदर, सेक्रेटरी, नायब सेक्रेटरी, खजानची समेत शहर कमेटी के मेंबर, चौधरी एवं सेक्रेटरी की 60 सदस्य टीम कार्यक्रम में प्रतिभाग करेगी।

लकड़ी की नई फर्म खोले जाने को उपायुक्त से मिले व्यापारी

राज्य कर अधिकारियों के साथ बैठक करते व्यापारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, जसपुर

● उपायुक्त को बताई व्यापार से जुड़ी समस्या, कैंप में होगा निदान
● अधिकारियों ने पंजीकरण से जुड़े जरूरी अभिलेख की सूची दी

अमृत विचार : लकड़ी व्यापार कल्याण समिति के व्यापारियों ने राज्य कर विभाग के उपायुक्त से मुलाकात की। उन्होंने अधिकारियों से लकड़ी व्यापार की नई फर्म खोले जाने की मांग की।

समिति के सचिव अशरफ तस्लीम के नेतृत्व में लकड़ी व्यापारी राज्य कर भवन (जीएसटी) काशीपुर पहुंचे। उन्होंने यहां उपायुक्त संतोष कुमार सिंह एवं विनय प्रकाश ओझा को बताया कि लकड़ी व्यापार से जुड़े कई लोग अपनी नई फर्म का पंजीकरण कराना चाहते हैं। उन्होंने इसके लिए आवेदन भी किया है। उपायुक्त ने बताया कि शीघ्र ही जसपुर में कैंप लगाकर नए फर्म के पंजीकरण की प्रक्रिया को अपनाया जाएगा। अधिकारियों ने व्यापारियों को पंजीकरण से जुड़े जरूरी अभिलेख की सूची भी उपलब्ध कराई। कहा कि व्यापारी अपना पंजीकृत रजिस्ट्रेशन नंबर व फर्म के नाम का बोर्ड अपनी दुकान पर जरूर लगा लें ताकि उन्हें चिंहित किया जा सके। उन्होंने बताया कि विभाग की ओर से नए पंजीकरण के जरिये व्यापारियों की संख्या भी बढ़ाने की योजना है।

अधिकारियों ने कम्पोजिशन स्कीम, जीएसटी पंजीयन की आवश्यकता और उसका लाभ, मौद्रिक सीमा शुल्क आदि योजनाओं की जानकारी भी दी। इस मौके पर उपाध्यक्ष शाहरूख अली, उपसचिव मुशर्रफ हुसैन, शहजाद आलम आदि मौजूद रहे।

मोहित और वेदांत ने किया सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

संवाददाता, खटीमा

मोहित पोखरिया और वेदांत कन्याल।

अमृत विचार : एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में प्रयागराज में आयोजित 23वीं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए मोहित पोखरिया और वेदांत कन्याल ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है।

प्रयागराज में 22 से 24 तक आयोजित जूनियर एथलेटिक्स में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए मोहित पोखरिया ने डिस्कस थ्रो और वेदांत कन्याल ने हैमर थ्रो में प्रतिभाग किया। अपनी-अपनी प्रतियोगिताओं में वेदांत कन्याल और मोहित पोखरिया ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देकर उत्तराखंड राज्य तथा खटीमा शहर का नाम रोशन किया। मुख्यमंत्री खेल प्रोत्साहन योजना के लाभार्थी यह दोनों खिलाड़ी चकरपुर स्टेडियम में एथलेटिक्स प्रशिक्षक गोविंद सिंह खाती से एथलेटिक्स का प्रशिक्षण ले रहे हैं। इससे पहले भी दोनों खिलाड़ी उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। जिला क्रीड़ा अधिकारी जानकी कार्की, मोहित रावत, रघुवीर विर्क, रमेश ओली, रेखा पांडे, गिरीश राय, नीरज सक्सेना, भरत बिष्ट आदि ने खिलाड़ियों को बधाई दी है।

अमावस्या पर्व पर पवित्र सरोवर में लगाई डुबकी

नानकमत्ता, अमृत विचार : अमावस्या पर्व पर गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब में हजारों श्रद्धालुओं ने पवित्र सरोवर में डुबकी लगाकर श्री हरमंदिर साहिब में मत्था टेका और प्रसाद ग्रहण किया। बुधवार को झमाझम बारिश में दूरदराज से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने सुख-शांति के लिये अरदास कराईं। लंगर का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान जोगिंद्र सिंह, महासचिव अमरजीत सिंह, मेम्बर गुरुबंत सिंह, गुरुदयाल सिंह, प्रबंधक रणजीत सिंह, सुखबन्त सिंह भुल्लर, रणजीत सिंह राणा आदि शामिल थे। लोगों में अमावस्या पर्व को लेकर भारी उत्साह रहा। बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में लोग जुटे।

वैश्य महासम्मेलन के पंकज जिंदल चुने गए जिलाध्यक्ष

संवाददाता, सितारगंज

अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के पदाधिकारियों का स्वागत करते लोग।

अमृत विचार : वैश्य समाज को संगठित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की एक अहम बैठक श्री हरि होटल में आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लच्छू गुप्ता, राष्ट्रीय महामंत्री दीपक सिंघल एवं प्रदेश संयुक्त सचिव उपेंद्र अग्रवाल ने की।

इस बैठक में संगठनात्मक विस्तार करते हुए पंकज जिंदल को जिलाध्यक्ष तथा शीतल सिंघल को नगराध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता लच्छू गुप्ता ने नवगठित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वैश्य समाज सदैव राष्ट्रसेवा, व्यापार और सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाता रहा है। उन्होंने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने एवं सेवा कार्यों को प्राथमिकता देने की अपील की। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, ट्रस्ट अध्यक्ष सुरेश सिंघल, पूर्व अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, अग्रवाल महासभा जिलाध्यक्ष महेश मित्तल, ट्रस्ट महामंत्री सुरेश जैन, गौशाला महामंत्री राजेश जिंदल, रक्तदान समिति संरक्षक राजीव गुप्ता, वरिष्ठ समाजसेवी मुकेश गर्ग, बिना साहू, व्यापार मंडल अध्यक्ष सोनू गर्ग, कोषाध्यक्ष दीपेंद्र सिंघल, विनोद मित्तल, दयाराम जिंदल, विशाल मित्तल, सुनील गर्ग, भीमसेन गर्ग आदि मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

खटीमा के मझोला-भिखारीपुर मार्ग पर जानलेवा बना गड्ढा।

हर घर जल योजना के तहत खोदा गड्ढा बना जानलेवा

खटीमा : मझोला भिखारीपुर मार्ग पर हर घर जल योजना की पाइप लाइन चेक करने को खोदा गया गड्ढा राहगीरों व बच्चों के लिए खतरे का सबब बन हुआ है। जल संस्थान पानी की बिछाई गई पाइप लाइन को चेक करने और पानी की लीकेज को ठीक करने के लिए जगह जगह फिर से खुदाई करने में जुटा हुआ है। लेकिन लीकेज ठीक होने का नाम नहीं ले रही है। विगत कई वर्षों से लगातार चल रही हर घर जल मिशन के तहत डाली गई पाइप लाइन ठीक करने के लिए एक हफ्ते पहले मझोला भिखारीपुर मार्ग किनारे गहरा गड्ढा खोदा गया जो आज भी जस का तस पड़ा है और लोगों के लिए जानलेवा बना हुआ है। ग्रामीण ने विभागीय कर्मचारियों को समस्या से अवगत कराया लेकिन कोई सुध नहीं ली गई है। अवर अभियंता कमलेश सिंह रावत ने कहा कि गड्ढे को शीघ्र पटवा दिया जाएगा।

खटीमा में प्रमाण पत्र देते पालिकाध्यक्ष और आयोजिका रेनू भंडारी।

45 महिलाओं ने सीखा आम का अचार बनाना

खटीमा, अमृत विचार : उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा आम के प्रसंस्करण से संबंधित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत समापन हुआ। प्रेषक में महिलाओं को आम के अचार सहित विभिन्न उत्पादों के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। इससे महिलाएं इन उत्पादों को तैयार कर अपनी आय बढ़ा सकती हैं। नगरपालिका सभागार में पालिकाध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी की अध्यक्षता में आयोजित समापन समारोह में मुख्य उद्यान अधिकारी प्रभाकर सिंह ने कहा कि विभाग द्वारा नगर पालिका में जल्द ही विभाग की योजनाओं से संबंधित सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम कराया जाएगा ताकि महिलाओं को स्वरोजगार के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाया जा सके। पालिकाध्यक्ष जोशी ने कहा कि महिलाओं को लखपति दीदी बनने के लिए पालिका हर संभव सहयोग करेगी। इस प्रशिक्षण में क्षेत्र की 45 महिलाओं ने प्रशिक्षण लिया। जिसमें आम का अचार, आम पन्ना, आम की खट्टी मीठी चटनी, आंवले का अचार, कटहल का अचार, करेले का अचार आदि बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर अधिशाषी अधिकारी दीपक शुक्ला, आयोजक रेनू भंडारी, भाजपा नगर मंडल पूर्व महामंत्री मनोज वाधवा, अनुपमा शर्मा, उद्यान परीक्षक सूर्यभान रवि, एडीओ करन मौर्य, रुद्रपुर की प्रशिक्षक ममता आर्य, गुंजीत भट्ट आदि उपस्थित रहे।

काशीपुर में नशे के खिलाफ लोगों को शपथ दिलाते पुलिस कर्मी।

नशा मुक्त भारत अभियान के तहत निकाली रैली

काशीपुर : नशा मुक्त भारत अभियान के तहत एसएसपी के निर्देश पर जिले भर में 12 से 26 जून तक अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार को इसी क्रम में कुंडा थाना प्रभारी हरेंद्र चौधरी के निर्देश पर नशा मुक्त भारत पखवाड़ा अभियान के आदेश के अनुपालन में चौकी मंडी क्षेत्र में पुलिस द्वारा बैनर, फ्लेक्सी आदि के साथ नशा न करने व छोड़ने की अपील की गई। इस दौरान जन जागरूकता अभियान चलाकर स्थानीय लोगों को नशे के विरुद्ध जागरूक करते हुए लोगों को नशे के दुष्परिणाम बताए गए और नशा न करने की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर मंडी चौकी प्रभारी अर्जुन सिंह, उपनिरीक्षक दीपक चौहान, कांस्टेबल सुमित कुमार व ग्रामीण मौजूद रहे। इधर शाम को कोतवाली पुलिस ने भी विभिन्न क्षेत्रों में जनजागरूकता रैली निकालकर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी।

पालिकाध्यक्ष ने किया भैरव सेना के कार्यकर्ताओं को सम्मानित

संवाददाता, गदरपुर

गदरपुर में सम्मानित भैरव सेना के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

अमृत विचार : भैरव सेना के कार्यों की सराहना करते हुए पालिकाध्यक्ष मनोज गुम्बर ने कार्यकर्ताओं को भगवा पटका पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान मनोज गुम्बर ने कहा कि भैरव सेना द्वारा किए जा रहे सराहनीय कार्यों को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

बुधवार को नगर पालिका सभागार में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में नगरपालिका अध्यक्ष मनोज गुंबर द्वारा कार्यकर्ताओं को भगवा पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष ने कहा कि भैरव सेना काफी समय से सनातन समाज के सशक्तिकरण का कार्य सफलतापूर्वक कर रही है। उन्हें पूर्ण विश्वास है कि भैरव सेना समाज को सुदृढ़ बनाने का कार्य भविष्य में भी जारी रखेगी। इस दौरान भैरव सेना के केंद्रीय उपाध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार महाजन ने पालिकाध्यक्ष गुम्बर का आभार व्यक्त किया।

कहा कि भैरव सेना एक अनुशासित हिन्दू संगठन है जो देवभूमि में हिन्दुओं के सशक्तिकरण का कार्य यथावत जारी रखेगा। इस अवसर पर अमित ढींगरा, सोनू प्रजापति, प्रमोद चन्द्र, हिमेश सांवरिया, सुरेश सिंह, राजीव राजपूत, तेज रतन कश्यप, सागर कश्यप, सुनील सैनी, दिनेश पांडे, अमन आदि उपस्थित रहे।

ऊंचाई से गिरकर एक घायल

काशीपुर, अमृत विचार : ऊंचाई से गिरकर एक व्यक्ति घायल हो गया। मोहल्ला प्रभु विहार निवासी शिवम ऊंचाई से गिरकर घायल हो गया। परिजनों ने उसे एलडी भट्ट राजकीय उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने इलाज के बाद छुट्टी दे दी है।

काशीपुर में युवक को सांप ने डसा

काशीपुर : चामुंडा विहार निवासी मोहित को अचानक सांप ने डस लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे एलडी भट्ट राजकीय उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने इलाज के बाद छुट्टी दे दी है। चिकित्सकों ने सांप के काटने पर तुरंत अस्पताल आकर एंटी डोज लगवाने की सलाह दी है।

अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य बने डॉ. जैन

संवाददाता, बाजपुर

पत्रकारों से वार्ता करते अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य डा.सुरेंद्र जैन (दाएं)।

अमृत विचार : उत्तराखंड अल्पसंख्यक आयोग के नवनियुक्त सदस्य डॉ. सुरेंद्र जैन ने नई जिम्मेदारी मिलने पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने जो दायित्व दिया है उसे निभाने का भरसक प्रयास किया जाएगा। आयोग द्वारा जिन योजनाओं को लागू किया गया है उसके पात्र तक लाभ पहुंचे एवं अल्पसंख्यकों का कहीं किसी प्रकार उत्पीड़न ना हो इसका भी संज्ञान लिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने अल्पसंख्यकों के सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक उन्नति को जानने के लिए पूरे प्रदेश में एक शोध कार्य करने का भी निर्देश दिया है जिससे कि योजनाओं को व्यावहारिक रूप दिया जा सके। डा.जैन ने आयोग द्वारा प्रकाशित योजनाओं के पत्रक को वितरित किया। इस मौके पर दर्जा राज्यमंत्री गन्ना मंजीत सिंह राजू, भाजपा मंडल अध्यक्ष टिंकू यादव ने डॉ. सुरेंद्र जैन को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

दमखम राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग उत्तराखंड ने फाइनल मुकाबले में दिल्ली को हराया, महिला वर्ग में हरियाणा ने तमिलनाडु को हराया

उत्तराखंड की टीम ने टारगेटबॉल चैंपियनशिप पर जमाया कब्जा

● हरियाणा की दीपिका चुनी गईं बेस्ट शूटर

संवाददाता, दिनेशपुर

दिनेशपुर में हरियाणा की महिला विजेता टीम। ● अमृत विचार

दिनेशपुर में उत्तराखंड पुरुष की विजेता टीम। ● अमृत विचार

अमृत विचार : उत्तराखंड टारगेटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित 12वीं नेशनल प्रतियोगिता के फाइनल में पुरुष वर्ग से उत्तराखंड ने दिल्ली को पराजित किया।

जबकि महिला वर्ग से हरियाणा ने तमिलनाडु को पराजित कर खिताब पर अपना नाम दर्ज किया। उत्तराखंड के योगेश एवं महिला वर्ग में हरियाणा की दीपिका बेस्ट शूटर चुनी गईं।

खुशीराम बोस स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता के अंतिम दिन फाइनल मुकाबले में पुरुष वर्ग से उत्तराखंड ने दिल्ली को 19-12 अंकों के अंतर से हराकर खिताब जीता।

उत्तराखंड के योगेश बेस्ट शूटर चुने गए। महिला वर्ग के फाइनल मुकाबले में हरियाणा ने तमिलनाडु की टीम को 12-8 अंकों से पराजित कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। हरियाणा की दीपिका बेस्ट शूटर व तमिलनाडु की मल्यिका बेस्ट डायमंड (रक्षक) चुनी गईं। मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष विश्वजीत मंडल ने कहा कि नेशनल प्रतियोगिताओं से क्षेत्र के खिलाड़ियों को काफी हद तक खेल संबंधी जानकारी हासिल होती है।

उन्होंने आयोजन व खिलाड़ियों का आभार व्यक्त कर धन्यवाद किया। संचालन प्रकाश कोश्यारी ने किया। इस मौके पर दर्जा राज्य मंत्री विजय मंडल, एसोसिएशन के अनुज राठौर, व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश नारंग, सुंदर सिंह राणा, जीतू चंद, रवि सरकार, दीपक मक्कड़, पंकज चक्रवर्ती, अशोक कालड़ा, राकेश कुमार, सागर सिंह, डॉ सिमरन पांडे, विजय ढाली, सूरज राय आदि मौजूद रहे।

अंतरिक्ष की उड़ान

राकेश शर्मा मेरे आदर्श हैं

अंतरिक्ष में उड़ान से पूर्व शुभांशु शुक्ल ने कहा कि मेरे आदर्श भारतीय अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा हैं। मै उनसे बेहद प्रभावित हूं। उनको पढ़कर बड़ा हुआ हूं। मैं जिस सफर पर हूं, यह एक लंबी यात्रा रही है। मुझे नहीं पता था कि यह यहां तक पहुंच जाएगा। मैं यह मौका पाकर खुद को भाग्यशाली और खुशकिस्मत महसूस कर रहा हूं, उड़ना हमेशा से ही मेरा एक सपना रहा है। मैं बहुत खुश हूं...।

शुभांशु ने छुआ आसमान

मां ने मांगी दुआ, पिता बोले-मिशन गढ़ेगा कीर्तिमान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: 'मेरा शुभांशु.. लखनऊ का शुभांशु... प्रदेश/देश का शुभांशु। हमें उस पर नाज। उसकी अंतरिक्ष उड़ान सफलता की नई इबारत लिखेगी। हमारा शुभांशु मिशन में जरूर कामयाब होगा। हम ईश्वर से प्रार्थना और आशीर्वाद मांगते हैं कि इस अंतरिक्ष मिशन से हमारा देश सफलता के नीत कीर्तिमान गढ़े। हमें शुभांशु पर नाज है। उसका अंतरिक्ष मिशन हर हाल में सफल होगा। क्योंकि ईश्वर के आशीर्वाद के साथ करोड़ों भारतवासियों की दुआएं भी तो उसके साथ है। अंतरिक्ष में मिशन पूरा कर वह धरती पर सकुशल आएगा।'

सीएमएस,लखनऊ में आयोजित 'व्योमोत्सव' में यह कहते शुभांशु की मां आशा शुक्ला के नेत्र भर आए। लेकिन, उनके ये आंसू खुशी के हैं। ...और हो भी क्यों न? उनका होनहार बेटा अंतरिक्ष की उड़ान भरने वाला दूसरा भारतीय जो बन बैठा है।

मां आशा की तरह ही पिता शंभू दयाल शुक्ला भी गर्व व रोमांच से भरे दिखे। वे बार-बार ईश्वर का धन्यवाद करते दिखे। बताया कि शुभांशु का अंतरिक्ष मिशन सफलता का कीर्तिमान गढ़ेगा। साथ ही वे अपने बेटे की सलामती की दुआ मांगते भी दिखे। बुधवार को 'व्योमोत्सव' में मौजूद लोगों में तो अलग ही उत्साह और रोमांच दिख रहा था। उधर, शुभांशु के अंतरिक्ष उड़ान के ऐतिहासिक क्षण का लाइव प्रसारण सिटी मांटेसरी स्कूल(सीएमएस) में किया गया। इस अवसर पर सीएमएस की सभी ब्रांच के छात्र और टीचर मौजूद रहे।

इस दौरान शुभांशु के परिजन भी रहे। सीएमएस में आयोजित 'व्योमोत्सव' के माध्यम से सभी ने यान का लाइव प्रसारण देखा। जैसे-जैसे यान के लांच होने का समय नजदीक आता जा रहा था लोगों का रोमांच आसमान छू रहा था। जैसे ही स्पेसएक्स फाल्कन-9 रॉकेट ने अमेरिका के फ्लोरिडा से भारतीय समयानुसार दोपहर 12:01 बजे आकाश की ओर उड़ान भरी वैसे ही स्कूल के वर्ल्ड यूनिटी कन्वेंशन सेंटर तालियों, अश्रुपूरित आंखों और हर्षोल्लास से गूंज उठा। हर किसी ने भारत माता की जय के नारे लगाने शुरू कर दिए।

शुभांशु का राकेट उड़ता देख भावुक मां आशा।

माता-पिता हुए भावुक

शुभांशु शुक्ल के पिता शंभू दयाल शुक्ला ने कहा कि बहुत अच्छा लग रहा है, बहुत खुशी है। मैं भगवान का धन्यवाद करता हूं और प्रार्थना करता हूं कि उसका मिशन सफल रहे, भगवान उसे आशीर्वाद दें। उनकी मां आशा शुक्ला की आंखें नम हो गईं। वह अपनी आंखें पोंछती हुई बोली यह देश के लिए गर्व की बात है, बेटे का मिशन कामयाब हो, वह सकुशल वापस लौट आए यही प्रार्थना है।

कपोला विंडो की प्रतिकृति प्रदर्शित

लाइव लॉन्च टेलीकास्ट कार्यक्रम के दौरान अंतरिक्ष स्टेशन की 'कपोला' विंडो की प्रतिकृति, डीफाई ग्रेविटी फोटो बूथ, टेलीस्कोप से आकाश दर्शन, सिम्युलेटेड मिशन कंट्रोल सेंटर को भी दिखा गया।

सीएमएस में लाइव लांचिंग देखने के बाद प्रसन्न मुद्रा में भारती गांधी, शुभांशु के पिता शंभू दयाल शुक्ल, मां आशा शुक्ला, बहनें शुचि मिश्रा, निधि और पीछे खड़े छात्र व छात्राएं। अमृत विचार

ईश्वर से प्रार्थना करतीं शुभांशु की छोटी बहन शुचि मिश्रा।

1985 में लखनऊ में जन्म

शुभांशु शुक्ल का जन्म 1985 में लखनऊ में हुआ और उन्होंने सीएमएस अलीगंज कैम्पस से मॉन्टेसरी से लेकर कक्षा 12वीं तक शिक्षा प्राप्त की। तत्पश्चात वे राष्ट्रीय रक्षा अकादमी से स्नातक होकर वर्ष 2006 में भारतीय वायुसेना में कमीशन प्राप्त कर फाइटर पायलट बने। 2000 से अधिक घंटे का उड़ान अनुभव रखने वाले शुभांशु को वर्ष 2019 में गगनयान मिशन के लिए चुना गया और बाद में अंतरिक्ष मिशन के लिए पायलट नियुक्त किया गया। अपने 14 दिवसीय अंतरिक्ष अभियान में वे नासा की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. पेगी व्हिटसन (मिशन कमांडर) तथा हंगरी व पोलैंड के अंतरिक्ष यात्रियों के साथ मिलकर मानव शरीर, पोषण और शून्य गुरुत्वाकर्षण में बीज अंकुरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर शोध करेंगे।

मिशन में होंगे 60 प्रयोग : डॉ. महीप सिंह

एकेटीयू में इनोवेशन हब के प्रभारी डॉ. महीप सिंह ने कहा कि इस मिशन में कुल 60 प्रयोग किए जाएंगे जिसमें भारत के 6 प्रयोग किया जाना है। धातुविज्ञान, सूक्ष्म जैवप्रौद्योगिकी, माईक्रो ग्रेविटी आदि पर प्रयोग किया जाना है। अंतरिक्ष यात्राओं में विभिन्न देश अपने शोध के विषय देते हैं जिनको नासा लिस्ट में डालकर सूची तैयार करता है। उनका यह मिशन देश के तेजी से बढ़ते विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्षेत्र की पहचान है। हम अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में पहले से बेहतर करते आ रहे हैं। अंतरिक्ष में भारत के दूसरे मिशन से वैश्विक स्तर पर हमारी साख बढेग़ी। इसके अलावा जिन विषयों पर भारत शोध करना चाहता है वह वैश्विक कल्याण के लिए है। जिन छह बिंदुओं पर प्रयोग किया जाना है उनमें कृषि, बायोटेक्नॉजी संबंधित विषय हैं जिससे नवाचार, शोध और नए प्रयोग के अनेक मार्ग खुलेंगे। भारत के दूसरे अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ल को मेरी शुभकामनाएं।

नमस्कार। मेरे प्यारे देशवासियों, क्या यात्रा है। हम 41 साल बाद एक बार फिर अंतरिक्ष में वापस आए हैं। यह एक अद्भुत सवारी है। हम 7.5 किलोमीटर प्रति सेकंड की गति से पृथ्वी के चारों ओर घूम रहे हैं। मेरे कंधों पर उभरा हुआ तिरंगा मुझे बताता है कि मैं आप सभी के साथ हूं। मेरी यह यात्रा अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की शुरुआत नहीं है, बल्कि भारत के मानव अंतरिक्ष कार्यक्रम की शुरुआत है। मैं चाहता हूं कि आप सभी इसका हिस्सा बनें। इस यात्रा पर आपका सीना भी गर्व से चौड़ा हो जाना चाहिए... आइए, मिलकर भारत के मानव अंतरिक्ष कार्यक्रम की शुरुआत करें। लखनऊ के शुभांशु ने जब यह संदेश भेजा तो उसे पढ़कर/देखकर मौजूद राजधानीवासी गर्व से अभिभूत हो गए। शुभांशु के अंतरिक्ष में रवाना होते ही समूचा सीएमएस कंपाउंड भारत माता की जय और वंदेमातरम का जयघोष गूंज उठा। शुभांशु ने सीएमएस से शिक्षा पाई है।

स्पेश शटल ने जैसे ही अंतिरक्ष के लिए उड़ान भरी, लखनऊ के सीएमएस में सीधा प्रसारण देख रहे लोग मारे खुशी थिरकने लगे। अमृत विचार

लांचिंग का पल-पल रहा रोमांच से भरपूर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: लखनऊ के शुभांशु शुक्ला एक्सियम मिशन-4 के तहत इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन के लिए रवाना हो गए। शुभांशु को उनके स्कूल सीएमएस ब्रांच से भी लोगों ने स्पेस स्टेशन में जाते हुए देखा। अंतरिक्ष यान लांचिंग का लाइव टेलीकास्ट देखने के लिए बड़ी स्क्रीन लगाई गई थी। बुधवार सुबह दस बजे ही कानपुर रोड स्थित स्कूल पर लोगों का पहुंचना शुरू हो गया था। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और सीएमएस की सभी शाखाओं के शिक्षक भी मौजूद रहे। स्क्रीन पर लाइव टेलीकास्ट के प्रसारण की व्यवस्था के साथ अंतरिक्ष के कृत्रिम मॉडल भी प्रदर्शन के लिए रखे गए थे। सीएमएस कानपुर रोड स्थित शाखा पर शुभांशु के माता पिता और उनकी दो बड़ी बहनें भी पहुंचीं। जिनका विद्यालय के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने जोरदार स्वागत किया। अंतरिक्ष यान के लांचिग का समय जैसे-जैसे नजदीक आ रहा था लोगों का रोमांच बढ़ता जा रहा था। यान को 12 बजकर एक मिनट पर उड़ान भरना था, इसका समय करीब आते ही लोगों का रोमांच चरम पर पहुंच गया और सीएमएस का आडिटोरियम भारत माता की जय और बंदेमातरत से गूंजने लगा।

छात्रों ने कहा, शुभांशु हमारे हमारे आदर्श

अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ल के बचपन के स्कूल के छात्र दक्षराज सिंह ने कहा कि शुभांशु शुक्ल मेरे आदर्श हैं, हम भी बडे होकर देश सेवा करेंगे और देश का नाम रौशन करेंगे। दक्षराज सिंह को अंतरराष्ट्रीय गणित ओलंपियाड में प्रथम स्थान हासिल हो चुका है।

-सीएसएस की छात्रा परी अग्रवाल जिनको अमेरिकी स्कॉलरशिप प्राप्त हो चुकी है उन्होंने कहा कि यह देश के लिए गर्व का विषय है। हमारे विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय विभूतियां हैं जिनसे हम सबको प्रेरणा मिलती है।

शुभांशु की यात्रा संभावना का प्रकाश स्तंभ

सीएमएस की संस्थापिका और निदेशिका डॉ. भारती गांधी ने कहा कि सीएमएस के अनेक छात्रों ने देश का नाम रोशन किया है। लेकिन शुभांशु की यह यात्रा प्रत्येक भारतीय बालक-बालिकाओं के लिए संभावना का प्रकाश स्तंभ बन गई है। शुभांशु के इस मिशन से सीएमएस सहित देश के अनेक छात्र-छात्राओं को प्रेरणा मिलेगी और वह जीवन में आगे चलकर देश के लिए सर्वश्रेष्ठ करने के लिए प्रेरित होंगे। प्रदेश और देश में छात्र-छात्राओं को विज्ञान व तकनीकि के अध्ययन के लिए प्रेरणा मिलेगी। इसके अलावा हमारे छात्र वैश्विक स्तर पर देश का नाम रोशन करने को प्रेरित होंगे।

शुभांशु के माता-पिता के साथ टीचर्स ने किया भांगड़ा

अमृत विचार, लखनऊ : शुभांशु शुक्ला ने जैसे ही अंतरिक्ष के लिए उड़ान भरी,उनके माता-पिता रोमांचित होकर ताली बजाने लगे। खुशी के मारे शुभांशु की मां की आंखों से आंसू छलक पड़े। हाथ जोड़कर उन्होंने बेटे की सलामती की दुआ की। मिशन की सफल लॉन्चिंग के बाद शुभांशु के माता-पिता, स्कूल के टीचर्स ने भांगड़ा किया। शुभांशु की मां आशा शुक्ला ने कहा कि इस पल का इंतजार लंबे अरसे से था। मेरी खुशी का कोई ठिकाना नहीं है। कभी नहीं सोचा था कि बेटा इतनी ऊंचाई पर जाएगा। बेटा 14 दिन के लिए अंतरिक्ष में गया है, उसका मिशन कामयाब हो और वह सकुशल वापस आए यही दुआ है।

शुभांशु की अंतरिक्ष उड़ान गौरव का क्षण : ब्रजेश पाठक

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने लखनऊ स्थित शुभांशु शुक्ला के आवास पर जाकर उनके माता-पिता और परिजनों को बधाई और मिशन सफल होने की शुभकामनाएं दीं शुभांशु की अंतरिक्ष उड़ान को उन्होंने देश एवं लखनऊ के लिए गौरव का क्षण भी बताया।

शुभांशु शुक्ल के माता-पिता और परिजनों को बधाई देते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक। अमृत विचार

महापौर ने भी दी बधाई

अमृत विचार लखनऊ : महापौर सुषमा खर्कवाल ने बुधवार को लखनऊ के गौरव भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की ऐतिहासिक उपलब्धि पर उनके निवास स्थान पर जाकर परिजनों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने इस उपलब्धि पर उनकी माता आशा शुक्ला एवं पिता शंभु दयाल शुक्ला से भेंट कर इस अद्भुत क्षण के लिए बधाई दी और कहा कि "यह उपलब्धि भारत के वैज्ञानिक और सामरिक सामर्थ्य को दर्शाती है। शुभांशु शुक्ला युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। इस अवसर पर पार्षद दल उपनेता सुशील तिवारी पम्मी सहित पार्षद मुन्ना मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

वर्ग पहेली-13

बाएं से दाएं

3.1. पानी गिरने की ध्वनि 2. ज़ोर से उछाला हुआ पानी का छींटा 3. धारा के किसी वस्तु से टकराने के बाद उत्पन्न होने वाला शब्द, छपाछप।

4.1. चुभना, पीड़ा देना, गड़ना 2. किसी दुखद घटना का बार-बार स्मरण होना 3. टीस उठना 4. किसी की याद में तड़पना।

5.1. कंघा, कंघी 2. कंधा, भुजबल।

6.1. ऐसे वर्ण या अक्षर जिनके उच्चारण में मुंह के अतिरिक्त नाक से अनुस्वरात्मक ध्वनि निकलती है 2. नाक के योग से बोलने या गाने वाला।

8.1. पत्रभाग 2. स्तंभ 3. पंक्ति 4. हाशिया।

ऊपर से नीचे

1.1. भोग करने वाला, भोगी 2. खाने वाला, भक्षक 3. भोजन पर आमंत्रित अतिथि।

2.1. किसी को दबाना 2. रस्सी या सूत के दो टुकड़ों को बटकर जोड़ना।

3.1. किसी भार या धक्के से वस्तु का वेग से दूर जाना 2. दूर या अलग रहना 3. बंधन से निकल जाना 4. कूदना, उछलना 5. किसी व्यक्ति या जंतु का अपने नमिता

5.1. साग-सब्ज़ी 2. हरी पत्तियों वाली छोटी वनस्पति से बनी सब्ज़ी 3. तरकारी।

7. ज्योतिष, तारे, सितारे।



वर्ग पहेली -12 का हल

1 पा	शी	■	2 आ	■	■	3 फ़े
■	■	4 म	न	ब	सि	या
5 ए	■	■	न	■	■	ज़ी
6 की	श	■	फा	■	7 फ	■
क	■	8 अ	न	भ	ला	■
9 र	ह	मा	न	■	दे	■
ण	■	न	■	10 सं	श	य

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 26 जून, गुरुवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा-13.24 तक तत्पश्चात द्वितीया।

आज का पंचांग



दिशाशूल- दक्षिण ऋतु- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-आर्द्रा 08.46 तक तत्पश्चात पुनर्वसु।

मेष — आज का दिन अत्यंत शुभ रहने वाला है। विशेष विषयों के अध्ययन में रुचि लेंगे। प्रेमी जन के साथ रोमान्टिक डेट पर जाने का विचार बना सकते हैं। कारोबारी यात्रा के योग बन रहे हैं। बेरोजगार लोगों को रोजगार के अवसर मिल सकते हैं।

वृष — आज लोग आपकी बातों का गलत मतलब निकाल सकते हैं। परिवार के साथ अच्छा समय बिताने का अवसर मिलेगा। इसके कारण कुछ मित्रों से संबंध भी प्रभावित हो सकते हैं। जीवनसाथी से सलाह लेना उत्तम रहेगा। फाइनेन्स संबंधी कार्यों में सफलता मिलेगी।

मिथुन — आज नया व्यापार शुरू करना चाह रहे हैं तो उसके लिए मैनेजमेन्ट सुनिश्चित कर लें। रुके हुए कार्यों में तीव्रता आयेगी। शोध कार्यों में अपेक्षित सफलता मिलने से मन प्रफुल्लित रहेगा। आपका व्यवहार लोगों के लिए प्रेरणादायक रहेगा। गले में दर्द की शिकायत हो सकती है।

कर्क — आज आपके ऊपर बेवजह के आरोप लग सकते हैं। नशे और व्यभिचार से दूरी बनाकर रखें। अनेक बाधाओं के साथ आपके काम आगे बढ़ेंगे। किसी मित्र को धन उधार देना पड़ सकता है। सहयोगी आपसे ईर्ष्या रख सकते हैं।

सिंह — आज समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। किसी वैवाहिक समारोह में सम्मिलित हो सकते हैं। मित्रों के सहयोग से रुका हुआ काम गतिशील हो जायेगा। इंटरनेट के माध्यम से कुछ महत्वपूर्ण जानकारियां मिल सकती हैं। भाई-बहनों के साथ संबंध मधुर रहेंगे।

कन्या — आज सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी। शरीर में थोड़ी थकावट हो सकती है, इसीलिए आराम पर्याप्त मात्रा में अवश्य लें। जल्दबाजी में काम पूरा करने से गलतियां हो सकती हैं। करियर को लेकर चिंता हो सकती है। धन-संपत्ति के मामलों में सफलता मिलेगी।

तुला — आज कार्यक्षेत्र में अपनी जिम्मेदारियों को अच्छी तरह निभायेंगे। छात्र प्रतियोगी परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। पारिवारिक मामलों को लेकर थोड़े परेशान हो सकते हैं। प्रेम संबंधों का तनाव दूर होगा। जीवनसाथी आपका काफी ध्यान रखेगा।

वृश्चिक — आज किसी सहकर्मी के साथ आपको विवाद का सामना करना पड़ेगा। अपने खर्चों को नियन्त्रित रखने का प्रयास करें। जीवनसाथी के साथ किसी कारणवश झगड़ा हो सकता है। इसके कारण आपका मन भी अशान्त हो सकता है। बहसबाजी के बजाय आज शांत होकर रहें।

धनु — आज जीवनसाथी आपसे पुरानी दबी हुई इच्छा को प्रकट कर सकता है। सरकारी कार्यों में महत्वपूर्ण सफलता मिल सकती है। व्यवसाय को लेकर नए विकल्प आज आपको मिलेंगे। भोगवादी वस्तुओं पर धन खर्च करेंगे। व्यवसाय में टैक्स आदि को लेकर परेशानियां दूर होंगी।

मकर — आज कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए अतिरिक्त श्रम करना पड़ेगा। गूढ़ विषयों के अध्ययन में आपकी रुचि जागृत होगी। मौसम में आ रहे बदलावों के कारण तेज बुखार और सिरदर्द की समस्या होने की आशंका है। सरकार की अच्छी योजनाओं का लाभ ले सकते हैं।

कुंभ — आज प्रेमी जन के साथ विवाह को लेकर चर्चा कर सकते हैं। बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। छात्रों को करियर को लेकर थोड़ी कन्फ्यूजन हो सकती है। नकारात्मक प्रवृत्ति के लोगों से संपर्क कम करना हितकर होगा। घर के खर्चे बढ़ने के कारण आपके ऊपर दबाव रहेगा।

मीन — आज वैवाहिक जीवन को आप पर्याप्त समय नहीं दे पायेंगे। जिसके कारण मन कुछ असन्तुष्ट रहेगा। नए बिजनेस रिलेशन को लेकर थोड़े परेशान हो सकते हैं। जोड़ों में दर्द और अकड़न जैसी समस्या हो सकती है। कानूनी मामलों में नुकसान हो सकता है।

सुडोकू-20

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	9			3			4	
2	8				5		6	7
		6	4			1		
	6	9	2		3		5	8
8		5			6	4		
	3		5				1	
6					2	9		1
9		3	7				8	
	5			6	9			4

सुडोकू - 19 का हल

6	7	1	2	8	9	4	3	5
3	9	2	5	7	4	6	1	8
4	5	8	1	3	6	9	7	2
2	4	9	8	1	3	5	6	7
7	1	6	4	2	5	3	8	9
5	8	3	6	9	7	2	4	1
8	3	7	9	6	2	1	5	4
9	6	5	7	4	1	8	2	3
1	2	4	3	5	8	7	9	6

राहत: अब 28 नहीं 22 दिन में पूरी होगी कैलाश मानसरोवर यात्रा

110 किमी का सफर धारचूला-लिपुलेख तक वाहन से करेंगे यात्री, 30 से शुरू होगी यात्रा

- 13 वाहनों की व्यवस्था करेगा केएमवीएन, 6 दिन की होगी बचत

विपिन गुप्ता, पिथौरागढ़

अमृत विचार : आखिरकार पांच साल के लंबे इंतजार के बाद 30 जून से कैलाश मानसरोवर यात्रा शुरू होगी। इस बार यह यात्रा बेहद सुगम होगी। लिपुलेख तक सड़क बनने से पूर्व में 28 दिन की यह यात्रा अब सिर्फ 22 दिन में पूरी होगी। यात्री धारचूला से लिपुलेख तक 110 किमी का सफर वाहन से करेंगे, इससे पैदल पड़ाव कम होंगे तो यात्रा पूरी करने में छह दिन की बचत होगी।

पर्यटन विभाग के मुताबिक, पूर्व में पैदल सफर करने से यात्रा पूरी करने में समय अधिक लगता था। अब लिपुलेख तक सड़क बनने से यात्रियों को खासी राहत मिलेगी। यात्रियों के लिए कुमाऊं मंडल विकास निगम (केएमवीएन) 13 वाहनों की व्यवस्था करेगा जबकि दो वाहन रिजर्व में रहेंगे। इस बार कैलाश मानसरोवर यात्री भी आदि कैलाश के दर्शन करेंगे। मानसरोवर यात्रा के दौरान यात्रियों का गुंजी में दो दिवसीय विश्राम होगा। इसी दौरान उन्हें आदि कैलाश के भी दर्शन कराए जाएंगे।



56 दिन में 22 हजार यात्रियों ने किए दर्शन

पिथौरागढ़ : एक मई से अक्तूबर और नवंबर महीने तक आदि कैलाश यात्रा का संचालन होता है। पर्यटन विभाग से मिले आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2023 में 10079 और वर्ष 2024 में 29423 यात्री अपने आराध्य भगवान शिव के वास स्थल आदि कैलाश पहुंचे। 12 अक्तूबर 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आदि कैलाश पहुंचने के बाद यहा श्रद्धालुओं की संख्या में उछाल आया है। जहां पिछले दो वर्षों में 39502 यात्री आदि कैलाश दर्शन के लिए पहुंचे, वहीं इस बार सिर्फ 56 दिन में ही 22307 यात्री शिव धाम पहुंचे हैं।

गुंजी में तैनात रहेंगे स्वास्थ्य कर्मी

पिथौरागढ़ : पर्यटन विभाग के मुताबिक पांच जुलाई को कैलाश मानसरोवर यात्री धारचूला से गुंजी को रवाना होंगे। गुंजी में यात्रियों का स्वास्थ्य परीक्षण होगा। इसके लिए यहां फिजिशियन सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी तैनात रहेंगे। यात्रा पूरी कर दिल्ली वापस लौटने के दौरान यात्रियों को पाताल भुवनेश्वर, हाट कालिका, जागेश्वर धाम और कैंचीधाम के भी दर्शन कराए जाएंगे।

हादसे में कार सवार व्यक्ति की हुई मौत

रानीखेत : जालली मोटर मार्ग में चिलियानौला स्थित शक्ति चौक पर आल्टो कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक के पीछे जा घुसी। आनन-फानन में स्थानीय नागरिकों द्वारा गंभीर अवस्था में घायल को नागरिक चिकित्सालय रानीखेत के जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों की सलाह पर घायल को हल्द्वानी रेफर किया गया। हल्द्वानी पहुंचने पर डाक्टरों द्वारा गंभीर अवस्था में घायल कुंदन सिंह खंपा को मृत घोषित कर दिया गया। 67 वर्षीय मृतक कुंदन सिंह खंपा उत्तराखंड परिवहन निगम रानीखेत के शाखा इंचार्ज से सेवानिवृत थे। मृतक अपने पीछे 2 पुत्रों और पत्नी को रोता बिलखता छोड़ गए। हादसे में वाहन चालक को गंभीर चोटें आई हैं। 67 वर्षीय चिलियनौला निवासी कुंदन सिंह खंपा सुबह 10.20 बजे अपनी आल्टो कार से हैड़ाख़ान की ओर से घर रहे थे। इसी बीच शक्ति चौक के पास एक ट्रक सड़क किनारे निर्माण सामग्री उतार रहा था। कार अनियंत्रित होकर सीधे ट्रक के पीछे जा घुसी। घायल कुंदन सिंह को स्थानीय लोगों ने वाहन से नागरिक चिकित्सालय पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने घायल को हल्द्वानी रेफर कर दिया।

नंदा राजजात यात्रा मार्गों पर करें आवश्यक सुधार: डीएम

अल्मोड़ा कलक्ट्रेट में नंदा देवी राजजात यात्रा के संबंध में बैठक लेते जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडेय। ● अमृत विचार

संवाददाता, अल्मोड़ा

- डीएम ने अगले साल अगस्त में यात्रा को लेकर तैयारियों की बैठक ली
- अधिकारियों को यात्रा मार्ग में पड़ने वाले मंदिरों के भी सौंदर्यीकरण के निर्देश दिए

अमृत विचार : नंदा देवी राजजात यात्रा को लेकर बुधवार को डीएम आलोक कुमार पांडेय ने तैयारी बैठक ली। इस दौरान डीएम ने अधिकारियों को यात्रा मार्गों पर आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए।

अगस्त 2026 में प्रस्तावित नंदा देवी राजजात यात्रा के सफल आयोजन को लेकर डीएम ने सभी विभागों को अपने-अपने कार्यक्षेत्र से संबंधित कार्यों का विस्तृत इस्टीमेट तैयार करने के निर्देश दिए ताकि उन्हें शीघ्र ही शासन को प्रेषित किया जा सके।

उन्होंने श्रद्धालुओं की अनुमानित संख्या को ध्यान में रखते हुए बुनियादी सुविधाओं की सुदृढ़ योजना बनाने के निर्देश भी दिए गए। इसके अलावा यात्रा मार्गों की वर्तमान स्थिति का आकलन करते हुए उनमें आवश्यक सुधार कार्यों की योजना बनाने, यात्रा मार्गों पर स्थित प्रमुख मंदिरों के सौंदर्यीकरण करने, स्ट्रीट लाइट्स की स्थापना करने, शौचालयों, टिन शेड एवं पेयजल आपूर्ति जैसी मूलभूत व्यवस्थाओं को प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान सीडीओ रामजीशरण शर्मा, एडीएम चंद्र सिंह मर्तोलिया, एसडीओ चैतन्य कांडपाल, जिला पर्यटन विकास अधिकारी प्रकाश खत्री, क्षेत्रीय पुरातत्व अधिकारी चंद्र सिंह चौहान, जनमेजय तिवारी समेत अन्य मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

टनकपुर को मिला आधुनिक मुक्तिधाम

टनकपुर : टनकपुर क्षेत्रवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण सौगात के रूप में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने टनकपुर नगर क्षेत्र में नए एवं आधुनिक मुक्तिधाम के निर्माण को स्वीकृति प्रदान की है। उप जिलाधिकारी आकाश जोशी ने बताया कि टनकपुर की बढ़ती जनसंख्या एवं वर्तमान में सीमित सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए इस नवीन मुक्तिधाम की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। मुख्यमंत्री की स्वीकृति से अब टनकपुर को एक ऐसा आधुनिक मुक्तिधाम प्राप्त होगा जिसमें सभी आवश्यक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इस आधुनिक मुक्तिधाम में जलापूर्ति की व्यवस्था, बैठने के लिए शेड, सुलभ शौचालय, तथा प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था की जाएगी। जिससे शोकाकुल परिवारों को सम्मानजनक व सुविधाजनक वातावरण मिल सके।

हाय ककड़ी झिलमां नूण पिसौ सिल मां....

अल्मोड़ा : नगर के जीआईसी खेल मैदान में चल रहे दस दिवसीय कुमाऊ महोत्सव में मंगलवार देर रात विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। जिसमें लोक गायिका माया उपाध्याय ने कुमाऊनी-गढ़वाली लोक गीतों की शानदार प्रस्तुतियां देकर मंत्रमुग्ध कर दिया। कुमाऊ महोत्सव में विभिन्न सांस्कृतिक टीमों ने कुमाऊं-गढ़वाली नृत्यों और गीतों की शानदार प्रस्तुति देकर लोगों को झूमने में मजबूर कर दिया। लोक कलाकार माया उपाध्याय ने क्रीम पडोरा...., हिट दीपा म्यर दगड़ा....., हाय ककड़ी झिलमां नूण पिसौ सिल मां...., हे पूजा तिले धारू बोला...., अल्मोड़ा बाजार कमला ना मार लटका...., और बेडू पाको बारामासा ओ नरेणि काफल पाको चैता मेरी छैला..... आदि कुमाऊनी-गढ़वाली गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। वहीं, महोत्सव के दौरान रूद्रवंशी बिष्ट की ओर से आर्टिस्टिक योग की प्रस्तुति दी गई। यहां होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष अरूण वर्मा, समिति के अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी, अमरनाथ सिंह नेगी, हरीश आदि मौजूद थे।

प्रस्तुति देतीं माया उपाध्याय।

अल्मोड़ा में फुटबॉल प्रतियोगिता के विजेता ट्रॉफी के साथ।

बागेश्वर का 9-ए साइड फुटबॉल ट्राफी पर कब्जा

अल्मोड़ा : अल्मोड़ा में नाइन-ए साइड फुटबॉल प्रतियोगिता समापन हो गया है। फाइनल प्रतियोगिता में बागेश्वर की टीम ने शानदार जीत दर्ज कर ट्राफी पर अपना कब्जा जमाया। हेमवती नंदन बहुगुणा स्टेडियम में जिला फुटबॉल एसोसिएशन की ओर से आयोजित फाइनल प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर निगम मेयर अजय वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष महेश नयाल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इसके बाद बागेश्वर और मुनस्यारी के बीच मुकाबला गया। शानदार मुकाबले में बागेश्वर की टीम ने मुनस्यारी की टीम को 3-0 के अंतर से परास्त कर ट्राफी पर अपना कब्जा जमाया। इस मौके पर यहां फुटबॉल एसोसिएशन जिलाध्यक्ष हरीश कनवाल, भूपेश बिष्ट, रवि रौतेला, पूर्व दर्जा मंत्री बिट्टू कर्नाटक, विनीत बिष्ट, धमेंद्र बिष्ट, किशन गुरुरानी, अमित साह, अर्जुन बिष्ट आदि मौजूद रहे।

दो शिक्षिकाओं और दो छात्रों पर मुकदमा दर्ज

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : एसएसजे परिसर के विधि संकाय की एक छात्रा का शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पीड़ित छात्रा की तहरीर पर पुलिस ने परिसर की दो शिक्षिकाओं और दो छात्रों पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

विधि संकाय की एक छात्रा ने अल्मोड़ा कोतवाली में तहरीर सौंपी। छात्रा ने आरोप लगाते हुए बताया कि बीते दिनों वह कॉलेज गई थी। इस दौरान दो शिक्षिकाओं और दो छात्रों ने उसे कमरे में बंद कर दिया। शिक्षिकाओं के खिलाफ कॉलेज में चल रहे आंदोलन के खिलाफ जबरन माफीनामा लिखवाया गया जबकि उस पर शारीरिक हमला कर धमकियां दी गई। कोतवाल योगेश चंद्र उपाध्याय ने बताया कि छात्रा की तहरीर पर दो शिक्षिकाओं और दो छात्रों पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

दस जुलाई तक चालू करें क्षतिग्रस्त पुल

संवाददाता, पिथौरागढ़

अमृत विचार : जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मुनस्यारी-मिलम मोटर मार्ग की वर्तमान स्थिति को लेकर बैठक हुई।

इसमें बीआरओ, आईटीबीपी, राजस्व विभाग, लोनिवि डीडीहाट और पीएमजेएसवाई के अधिकारी शामिल हुए। उपजिलाधिकारी मुनस्यारी ने अवगत कराया कि सड़क पर आया भारी बोल्डर हटाने का कार्य प्रगति पर है और मार्ग को कल शाम तक खोल दिया जाएगा। सभी पर्यटक सुरक्षित हैं और उनकी गाड़ियां बीआरओ कार्यालय में खड़ी हैं। जिलाधिकारी ने लीलम में सड़क किनारे आईटीबीपी चौकी स्थापित करने और गाड़ियों की आवाजाही पर रोक लगाने के निर्देश दिए। बीआरओ कमांडर उदयनाथ सिंह ने बताया कि धापा-मिलम मार्ग निर्माणाधीन है और डीपीआर मंत्रालय को भेजी जा चुकी है। बोगडियार और गोंखा गाड़ पुल निर्माण कार्य भी प्रगति पर है। जिलाधिकारी ने गोंखागाड़ नदी में क्षतिग्रस्त पुल को 10 जुलाई तक चालू करने के निर्देश दिए और सभी विभागों को सामंजस्य से कार्य करने पर बल दिया। उन्होंने सभी निर्माण स्थलों पर मशीनरी की उपलब्धता सुनिश्चित करने और आपात स्थिति में तत्परता बनाए रखने के निर्देश दिए। बैठक में एडीएम, आईटीबीपी, जल निगम व बीआरओ के अफसर मौजूद थे।

अधिकारियों के साथ बैठक करते पिथौरागढ़ के जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी।

- जिलाधिकारी ने दिए निर्देश मुन्सयारी-मिलम मोटर की वर्तमान स्थिति को लेकर की बैठक

खतरनाक पुश्तों को दो दिन के भीतर काटा जाए: जिलाधिकारी

- डीएम ने एनएच व पूर्णागिरि मार्ग का किया निरीक्षण

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार : जिलाधिकारी मनीष कुमार ने बुधवार को चम्पावत से टनकपुर तक के राष्ट्रीय राजमार्ग का स्थलीय निरीक्षण कर स्वाला, अमोड़ी, चल्थी जैसे क्रॉनिक भूस्खलन और सुरक्षात्मक दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों की स्थिति का जायजा लिया।

उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि राजमार्ग किनारे स्थित खतरनाक पुश्तों को अविलंब दो दिनों के भीतर काटा जाए। उन्होंने कहा कि राजमार्ग पर चलने वाले प्रत्येक वाहन की सुरक्षा सुनिश्चित करना एनएच विभाग की जिम्मेदारी है। स्वाला क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान डीएम ने कहा कि मानसून स्वाला में चट्टान में भूस्खलन और चट्टान गिरने का खतरा रहता है, जिसके कारण राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात बाधित होने की भी संभावना रहती है। उन्होंने कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया, ताकि यात्रियों की सुरक्षा बनी रहे और आवागमन सुचारु रहे। उन्होंने सभी संवेदनशील एवं दुर्घटनाप्रवण स्थलो में रिफ्लेक्टेड टेप लगाने, आवश्यक सूचनाओं सहित चेतावनी बोर्ड लगाने तथा सड़क पर आए हुए पत्थरों और खतरनाक स्थानों को लाल चिन्हों द्वारा चिह्नित करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी जयवर्धन शर्मा, उप जिलाधिकारी अलकेश नौडियाल, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी देवेन्द्र पटवाल, ईई राष्ट्रीय राजमार्ग अशोक चौधरी, ईई लोनिवि एम सी पलड़िया आदि मौजूद रहे। उन्होंने किरोड़ा पुल से किरोड़ा नाले तक हो रहे चैनलाइजेशन कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने बूम घाट क्षेत्र में हो रहे कार्यों की भी समीक्षा की, साथ ही उन्होंने बाटनागाड़ व शारदा नदी के किनारे हो रहे भू कटाव, जल भराव तथा सुरक्षात्मक कार्यों की जानकारी ली।

टनकपुर-चम्पावत राष्ट्रीय राजमार्ग का निरीक्षण करते डीएम मनीष कुमार।

आपातकाल पर गोष्ठी का आयोजन

बागेश्वर : भाजपा द्वारा आपातकाल दिवस के अवसर पर गोष्ठी का आयोजित की गई जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में पिथौरागढ़ जिला प्रभारी एडवोकेट कुंदन सिंह परिहार ने कहा कि तत्कालीन सरकार द्वारा सत्ता बचाने के लिए लोकतंत्र की हत्या व संविधान को कुचलने का प्रयास था। पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष प्रभा गड़िया की अध्यक्षता में आयोजित गोष्ठी में मुख्य वक्ता एडवोकेट परिहार ने कहा कि आपातकाल लगाना लोकतंत्र की हत्या थी। कपकोट के विधायक सुरेश गड़िया ने कहा कि भाजपा लोकतंत्र की रक्षा के लिए कृत संकल्प है। इस दौरान संयोजक जिला महामंत्री संजय परिहार, राजेंद्र राठौड़, अध्यक्ष दीपक सिंह गस्याल, जिला पंचायत अध्यक्ष विक्रम सिंह शाही आदि मौजूद रहे।

ट्रक फंसने से डेढ़ घंटे ठप रहा यातायात

अल्मोड़ा : अल्मोड़ा-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग के क्वारब के पास बदहाल सड़क से आवगमन को लेकर दिक्कतें कम होने का नाम नहीं ले रही है। बुधवार को ट्रक के फंसने से हाइवे में करीब डेढ़ घंटा यातायात बाधित रहा। इससे यात्रियों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। दरअसल, क्वारब की दरकती पहाड़ी और बदहाल सड़क की समस्या से निजात नहीं मिल पा रही है। इससे आए दिन लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार को बीच सड़क में ट्रक फंसने से हाइवे में डेढ़ घंटा जाम लगा रहा। इस दौरान मार्ग के दोनों ओर वाहनों की कतारें लग गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची प्रशासन की जेसीबी ने सड़क में फंसे ट्रक को कड़ी मशक्कत के बाद निकाला। जिसके बाद यातायात सुचारू हो सका।

वर्ग पहेली-13

बाएं से दाएं

3.1. पानी गिरने की ध्वनि 2. ज़ोर से उछाला हुआ पानी का छींटा 3. धारा के किसी वस्तु से टकराने के बाद उत्पन्न होने वाला शब्द, छपाछप।

4.1. चुभना, पीड़ा देना, गड़ना 2. किसी दुखद घटना का बार-बार स्मरण होना 3. टीस उठना 4. किसी की याद में तड़पना।

5.1. कंधा, कंघी 2. कंधा, भुजबल।

6.1. ऐसे वर्ण या अक्षर जिनके उच्चारण में मुंह के अतिरिक्त नाक से अनुस्वरात्मक ध्वनि निकलती है 2. नाक के योग से बोलने या गाने वाला।

8.1. पत्रभाग 2. स्तंभ 3. पंक्ति 4. हाशिया।

ऊपर से नीचे

1.1. भोग करने वाला, भोगी 2. खाने वाला, भक्षक 3. भोजन पर आमंत्रित अतिथि।

2.1. किसी को दबाना 2. रस्सी या सूत के दो टुकड़ों को बटकर जोड़ना।

3.1. किसी भार या धक्के से वस्तु का वेग से दूर जाना 2. दूर या अलग रहना 3. बंधन से निकल जाना 4. कूदना, उछलना 5. किसी व्यक्ति या जंतु का अपने नमिता

5.1. साग-सब्ज़ी 2. हरी पत्तियों वाली छोटी वनस्पति से बनी सब्ज़ी 3. तरकारी।

7. ज्योतिष, तारे, सितारे।



वर्ग पहेली -12 का हल

1 पा	शी	■	2 आ	■	■	3 फ़े
■	■	4 म	न	ब	सि	या
5 ए	■	■	न	■	■	ज़ी
6 की	श	■	फा	■	7 फ	■
क	■	8 अ	न	भ	ला	■
9 र	ह	मा	न	■	दे	■
ण	■	न	■	10 सं	श	य

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 26 जून, गुरुवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा-13 .24 तक तत्पश्चात द्वितीया।

आज का पंचांग



दिशाशूल- दक्षिण **ऋतु**- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-आर्द्रा 08 .46 तक तत्पश्चात पुनर्वसु।

मेष — आज का दिन अत्यंत शुभ रहने वाला है। विशेष विषयों के अध्ययन में रुचि लेंगे। प्रेमी जन के साथ रोमान्टिक डेट पर जाने का विचार बना सकते हैं। कारोबारी यात्रा के योग बन रहे हैं। बेरोजगार लोगों को रोजगार के अवसर मिल सकते हैं।

वृष — आज लोग आपकी बातों का गलत मतलब निकाल सकते हैं। परिवार के साथ अच्छा समय बिताने का अवसर मिलेगा। इसके कारण कुछ मित्रों से संबंध भी प्रभावित हो सकते हैं। जीवनसाथी से सलाह लेना उत्तम रहेगा। फाइनेन्स संबंधी कार्यों में सफलता मिलेगी।

मिथुन — आज नया व्यापार शुरू करना चाह रहे हैं तो उसके लिए मैनेजमेन्ट सुनिश्चित कर लें। रुके हुए कार्यों में तीव्रता आयेगी। शोध कार्यों में अपेक्षित सफलता मिलने से मन प्रफुल्लित रहेगा। आपका व्यवहार लोगों के लिए प्रेरणादायक रहेगा। गले में दर्द की शिकायत हो सकती है।

कर्क — आज आपके ऊपर बेवजह के आरोप लग सकते हैं। नशे और व्यभिचार से दूरी बनाकर रखें। अनेक बाधाओं के साथ आपके काम आगे बढ़ेंगे। किसी मित्र को धन उधार देना पड़ सकता है। सहयोगी आपसे ईर्ष्या रख सकते हैं।

सिंह — आज समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। किसी वैवाहिक समारोह में सम्मिलित हो सकते हैं। मित्रों के सहयोग से रुका हुआ काम गतिशील हो जायेगा। इंटरनेट के माध्यम से कुछ महत्वपूर्ण जानकारियां मिल सकती हैं। भाई-बहनों के साथ संबंध मधुर रहेंगे।

कन्या — आज सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी। शरीर में थोड़ी थकावट हो सकती है, इसीलिए आराम पर्याप्त मात्रा में अवश्य लें। जल्दबाजी में काम पूरा करने से गलतियां हो सकती हैं। करियर को लेकर चिंता हो सकती है। धन-संपति के मामलों में सफलता मिलेगी।

तुला — आज कार्यक्षेत्र में अपनी जिम्मेदारियों को अच्छी तरह निभायेंगे। छात्र प्रतियोगी परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। पारिवारिक मामलों को लेकर थोड़े परेशान हो सकते हैं। प्रेम संबंधों का तनाव दूर होगा। जीवनसाथी आपका काफी ध्यान रखेगा।

वृश्चिक — आज किसी सहकर्मी के साथ आपको विवाद का सामना करना पड़ेगा। अपने खर्चों को नियन्त्रित रखने का प्रयास करें। जीवनसाथी के साथ किसी कारणवश झगड़ा हो सकता है। इसके कारण आपका मन भी अशान्त हो सकता है। बहसबाजी के बजाय आज शांत होकर रहें।

धनु — आज जीवनसाथी आपसे पुरानी दबी हुई इच्छा को प्रकट कर सकता है। सरकारी कार्यों में महत्वपूर्ण सफलता मिल सकती है। व्यवसाय को लेकर नए विकल्प आज आपको मिलेंगे। भोगवादी वस्तुओं पर धन खर्च करेंगे। व्यवसाय में टैक्स आदि को लेकर परेशानियां दूर होंगी।

मकर — आज कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए अतिरिक्त श्रम करना पड़ेगा। गूढ़ विषयों के अध्ययन में आपकी रुचि जागृत होगी। मौसम में आ रहे बदलावों के कारण तेज बुखार और सिरदर्द की समस्या होने की आशंका है। सरकार की अच्छी योजनाओं का लाभ ले सकते हैं।

कुंभ — आज प्रेमी जन के साथ विवाह को लेकर चर्चा कर सकते हैं। बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। छात्रों को करियर को लेकर थोड़ी कन्फ्यूजन हो सकती है। नकारात्मक प्रवृत्ति के लोगों से संपर्क कम करना हितकर होगा। घर के खर्चे बढ़ने के कारण आपके ऊपर दबाव रहेगा।

मीन — आज वैवाहिक जीवन को आप पर्याप्त समय नहीं दे पायेंगे। जिसके कारण मन कुछ असन्तुष्ट रहेगा। नए बिजनेस रिलेशन को लेकर थोड़े परेशान हो सकते हैं। जोड़ों में दर्द और अकड़न जैसी समस्या हो सकती है। कानूनी मामलों में नुकसान हो सकता है।

सुडोकू-20

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	9			3			4	
2	8				5		6	7
		6	4			1		
	6	9	2		3		5	8
8		5			6	4		
	3		5				1	
6					2	9		1
9		3	7				8	
	5			6	9			4

सुडोकू - 19 का हल

6	7	1	2	8	9	4	3	5
3	9	2	5	7	4	6	1	8
4	5	8	1	3	6	9	7	2
2	4	9	8	1	3	5	6	7
7	1	6	4	2	5	3	8	9
5	8	3	6	9	7	2	4	1
8	3	7	9	6	2	1	5	4
9	6	5	7	4	1	8	2	3
1	2	4	3	5	8	7	9	6

युद्धविराम के बाद बाजार में आया उछाल

पश्चिम एशिया में तनाव कम होने से सेंसेक्स 700 तो निफ्टी ने 200 अंक की दर्ज की बढ़त

- एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस और रिलायंस इंडस्ट्रीज में लिवाली से भी निवेशक धारणा को मिला समर्थन

मुंबई, एजेंसी

ईरान और इजराइल के बीच युद्धविराम के बाद पश्चिम एशिया में तनाव कम होने के बीच बुधवार को स्थानीय शेयर बाजार में तेजी दर्ज की गई और सेंसेक्स 700 अंक चढ़ गया। निफ्टी भी 200 अंक की बढ़त के साथ बंद हुआ।

विश्लेषकों ने कहा कि पश्चिम एशिया संकट टलने की उम्मीद में कच्चे तेल के कीमतों में नरमी देखी गई। इसके अलावा एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस और रिलायंस इंडस्ट्रीज में लिवाली से भी निवेशक धारणा को समर्थन मिला। बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स 700.40 अंक चढ़कर 82,755.51 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 760.8 अंक चढ़कर 82,815.91 अंक पर पहुंच गया था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी 200.40 अंक चढ़कर 25,244.75 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इन्फोसिस, पावर ग्रिड, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और भारती एयरटेल के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी तरफ, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, कोटक महिंद्रा बैंक और एक्सिस बैंक के शेयरों में गिरावट का रुख देखने को मिला।

जियोजीत इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव कम होने और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से भारतीय शेयर बाजारों में मजबूती आई। हालांकि, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भारतीय बाजार से पूंजी निकासी जारी रखी है लेकिन सकारात्मक वैश्विक संकेतों से घरेलू बाजार की गति को बनाए रखने में मदद मिल रही है। घरेलू स्तर पर मानसूनी बारिश अनुकूल रहने के पूर्वानुमान और खुदरा मुद्रास्फीति में नरमी से भी आशावाद को बल मिल रहा है।

स्मालकैप-मिडकैप ने भी बढ़ोत्तरी

व्यापक बाजार में बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक ने 1.59 प्रतिशत की छलांग लगाई, जबकि मिडकैप में 0.63 प्रतिशत की तेजी रही। क्षेत्रवार सूचकांकों में प्रौद्योगिकी खंड ने 1.69 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की जबकि आईटी खंड में 1.68 प्रतिशत और दूरसंचार खंड में 1.42 प्रतिशत की तेजी रही। बजाज ब्रोकिंग ने शेयर बाजार पर जारी एक टिप्पणी में कहा कि मानक सूचकांक ने लगातार दूसरे दिन अपनी तेजी बरकरार रखी। ईरान-इजराइल संघर्ष खत्म होने से भू-राजनीतिक तनाव कम होने की उम्मीदें जगी हैं और निवेशक धारणा को बल मिला है।

सूचीबद्ध 2821 कंपनियों के शेयरों में रही तेजी

बीएसई पर सूचीबद्ध 2,821 कंपनियों के शेयरों में तेजी रही जबकि 1,207 शेयर गिरकर बंद हुए और 134 अन्य अपरिवर्तित रहे। वैश्विक बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 1.21 प्रतिशत बढ़कर 67.95 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग बढ़त के साथ बंद हुए। यूरोपीय बाजार दोपहर के सत्र में मिले-जुले रुख के साथ कारोबार कर रहे थे। मंगलवार को अमेरिकी बाजारों में खासी तेजी देखी गई थी। शेयर बाजार के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने 5,266.01 करोड़ के शेयरों की बिकवाली की। वहीं, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 5,209.60 करोड़ के शेयर खरीदे।

भारत में आर्थिक गतिविधियां मजबूत

मुंबई, एजेंसी

वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच अर्थव्यवस्था से जुड़े विभिन्न आंकड़े भारत में औद्योगिक और सेवा क्षेत्रों में मजबूत आर्थिक गतिविधियों की ओर इशारा करते हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के बुलेटिन में बुधवार को यह बात कही गई।

आरबीआई के जून बुलेटिन में प्रकाशित 'अर्थव्यवस्था की स्थिति' शीर्षक वाले लेख में कहा गया कि व्यापार नीति अनिश्चितताओं और भू-राजनीतिक तनाव में वृद्धि के दोहरे झटके के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था उथल-पुथल की स्थिति में है। इसमें कहा गया, बढ़ी हुई वैश्विक अनिश्चितता की इस स्थिति में मई, 2025 के लिए विभिन्न उच्च आवृत्ति संकेतक भारत में औद्योगिक और सेवा क्षेत्रों में मजबूत आर्थिक गतिविधियों की ओर इशारा करते हैं। लेख में कहा गया कि 2024-25 के दौरान कृषि में अधिकतर प्रमुख फसलों के उत्पादन में व्यापक वृद्धि देखी गई है। साथ ही, घरेलू मूल्य स्थिति भी अनुकूल बनी हुई है। मई में लगातार चौथे महीने कुल मुद्रास्फीति लक्ष्य से नीचे रही।

'कुल मुद्रास्फीति' में ऊर्जा और खाद्य वस्तुओं का मूल्य प्रभाव शामिल होता है। इसमें कहा गया कि वित्तीय परिस्थितियां भी ब्याज दरों में कटौती का लाभ ऋण बाजार तक प्रभावी तरीके से पहुंचाने के लिए अनुकूल बनी हुई हैं। केंद्रीय बैंक ने स्पष्ट रूप से कहा है कि बुलेटिन में प्रकाशित लेख में व्यक्त विचार लेखकों के हैं और भारतीय रिजर्व बैंक के विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं।

आरबीआई बुलेटिन में किया गया खुलासा

कॉल मनी के लिए बाजार समय 1 जुलाई से दो घंटे बढ़ा

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को कहा कि तात्कालिक वित्तीय जरूरतों के लिए इस्तेमाल होने वाले कर्ज यानी 'कॉल मनी' का बाजार समय 1 जुलाई से दो घंटे बढ़ाकर शाम 7 बजे तक कर दिया जाएगा। जब कोई बैंक अचानक नकदी की जरूरत आने पर किसी दूसरे बैंक से बहुत कम समय (अमूमन एक दिन) के लिए उधार लेता है तो उसे 'कॉल मनी' कहते हैं। आरबीआई ने यह फैसला राधा श्याम राठो की अध्यक्षता में गठित कार्यसमूह की सिफारिशों के आधार पर किया है। यह समूह विनियमित वित्तीय बाजारों के व्यापार एवं निपटान के समय की व्यापक समीक्षा करने के लिए बनाया गया था। केंद्रीय बैंक ने कहा, अब कॉल मनी का संशोधित बाजार समय सुबह नौ बजे से शाम सात बजे तक होगा। साथ ही मार्केट रेपो और त्रिपक्षीय रेपो (टीआरईपी) के कारोबारी घंटे भी एक अगस्त, 2025 से शाम चार बजे तक बढ़ा दिए जाएंगे। संशोधित कारोबारी घंटे सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक होंगे।

आगरा में बनेगा 111.5 करोड़ में अंतर्राष्ट्रीय आलू केंद्र

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र सरकार ने आगरा में अंतरराष्ट्रीय आलू केंद्र (सीआईपी) के दक्षिण एशिया क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र की स्थापना के प्रस्ताव को बुधवार को मंजूरी दे दी। इसके लिए 111.5 करोड़ की वित्तीय सहायता दी जाएगी। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया।

आधिकारिक बयान के अनुसार, इस निवेश का मुख्य उद्देश्य आलू तथा शकरकंद की उत्पादकता, कटाई के बाद प्रबंधन एवं मूल्य संवर्धन में सुधार करके खाद्य तथा पोषण सुरक्षा, किसानों की आय और रोजगार सृजन को बढ़ाना है। आलू क्षेत्र में उत्पादन, प्रसंस्करण, पैकेजिंग, परिवहन, विपणन और मूल्य श्रृंखला में रोजगार के महत्वपूर्ण अवसर उत्पन्न करने की क्षमता है। सीआईपी का दक्षिण एशिया क्षेत्रीय केंद्र उत्तर प्रदेश के आगरा के सिंगना में स्थापित हो रहा है।

- केंद्र सरकार ने दक्षिण एशिया क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र की स्थापना के प्रस्ताव को दी मंजूरी

गौतमबुद्ध नगर में 417 करोड़ में स्थापित होगा इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण क्लस्टर

लखनऊ, अमृत विचार। उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर में केन्द्र सरकार ने 417 करोड़ रूपये की लागत से इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण क्लस्टर (ईएमसी 2.0) की स्थापना को स्वीकृति दे दी है। इसका उद्देश्य स्थानीय विनिर्माण और नवाचार को बढ़ावा देना है। केंद्रीय आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव और राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने बुधवार को इस परियोजना की समीक्षा की। परियोजना के क्रियान्वयन में राज्य सरकार की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसे ध्यान में रखते हुए अधिकारियों को परियोजना के तेजी से क्रियान्वयन के लिए राज्य के साथ मिलकर काम करने के निर्देश दिए गए हैं। स्वीकृत ईएमसी 2.0 परियोजना को यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (वाईईआईडीए) द्वारा विकसित किया जाएगा। यह क्लस्टर 200 एकड़ में फैला होगा और इसमें 2,500 करोड़ रुपये का निवेश होने की उम्मीद है और 15,000 रोजगार के अवसर तैयार होंगे।

वित्तीय प्रौद्योगिकी में शीर्ष प्रदर्शनकर्ता देशों में भारत शामिल

नई दिल्ली। विश्व आर्थिक मंच (डबल्यूईएफ) के अध्ययन में वित्तीय प्रौद्योगिकी के लिहाज से शीर्ष प्रदर्शन करने वाले देशों की सूची में अमेरिका और ब्रिटेन के साथ भारत को भी शामिल किया गया हे। चीन के तियानजिन में आयोजित न्यू चैंपियंस की वार्षिक बैठक में जारी विश्व आर्थिक मंच के अध्ययन में कहा गया कि लाभप्रदता और समावेशन में मजबूती के बीच वित्तीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र की वृद्धि स्थिर हो रही है। इनमें ब्रिटेन, भारत, अमेरिका, सिंगापुर, ब्राजील और इंडोनेशिया हैं।

देश जल्द बनेगा 5000 अबर डॉलर की अर्थव्यवस्था

कोलकाता, एजेंसी

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि वैश्विक उथल-पुथल के बावजूद भारत 2027 तक पांच हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की राह पर मजबूती से आगे बढ़ रहा है और यह सब सामूहिक राष्ट्रीय प्रयास एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मजबूत नेतृत्व के कारण संभव हो पाया है।

'मर्चेंट्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री' (एमसीसीआई) द्वारा आयोजित ऑनलाइन सत्र में गोयल ने सरकार के दशक भर के आर्थिक सुधारों को वृद्धिशील के बजाय परिवर्तनकारी करार दिया। गोयल ने मंगलवार को कहा कि हम अगले तीन वर्ष में पांच हजार अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य हासिल करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। यह 2047 तक 'विकसित भारत' बनने के सफर में हमारी पहली उपलब्धि होगा। वैश्विक आर्थिक अस्थिरता और भू-राजनीतिक चुनौतियों पर मंत्री ने कहा कि भारत को एकता और दृढ़ संकल्प के साथ अशांत माहौल में आगे बढ़ना चाहिए।

उन्होंने कहा कि बड़ी अर्थव्यवस्थाएं शांत स्थिति मे नहीं बनती। यह भारत का समय है। हमें इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए और दुनिया के अग्रणी देशों के बीच अपना उचित स्थान पाने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। गोयल ने सरकार के वृद्धि मॉडल को समावेशी, टिकाऊ और ईमानदार विकास पर केंद्रित बताया जिसमें सेवा, सुशासन और नवाचार पर जोर दिया गया है। उन्होंने नागरिक कल्याण के प्रति प्रधानमंत्री मोदी की व्यक्तिगत प्रतिबद्धता की प्रशंसा की। साथ ही ईरान तथा यूक्रेन जैसे वैश्विक संघर्ष क्षेत्रों में सरकार के निकासी प्रयासों का भी उल्लेख किया।

- केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा- वैश्विक उथल-पुथल के बावजूद मजबूती से आगे बढ़ रहा देश

राष्ट्रीय

एक नजर

बम की धमकी पर पालघर का स्कूल कराया खाली

पालघर। महाराष्ट्र के पालघर जिले के निजी स्कूल को बुधवार सुबह ईमेल के जरिए बम की धमकी मिली, जिसके बाद छात्रों, शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों को स्कूल परिसर से बाहर निकाला गया। मीरा-भायंदर वसई-विरार (एमबीवीवी) पुलिस के अधिकारी ने बताया कि बम की धमकी अफवाह निकली क्योंकि नालासोपारा स्थित स्कूल के परिसर में जांच के दौरान कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

अमरनाथ यात्रा के लिए बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था

श्रीनगर। कश्मीर पुलिस प्रमुख वीके बिरदी ने बुधवार को कहा कि अमरनाथ यात्रा सुरक्षित और निर्बाध रूप से संपन्न हो, इसके लिए बहुस्तरीय और गहन सुरक्षा व्यवस्था की गई है। कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) ने अनंतनाग में बताया, अगले सप्ताह से श्री अमरनाथ यात्रा शुरू होने जा रही है। जम्मू कश्मीर पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों ने यात्रा के लिए सभी सुरक्षा प्रबंध कर लिए हैं।

7 करोड़ की धोखाधड़ी का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में 7.14 करोड़ निवेश के धोखाधड़ी के मुख्य आरोपी को तीन साल बाद उत्तराखंड से गिरफ्तार किया गया है। बुधवार को पुलिस उपायुक्त (आर्थिक अपराध शाखा) पराग मनेरे ने बताया कि आरोपी अजय उसारे (38) ने अपने साथियों के साथ मिलकर ठाणे के वागले एस्टेट इलाके में विदेशी मुद्रा कारोबार कंपनी खोली और भोले-भाले निवेशकों को चपत लगाई। मनेरे के अनुसार, उसारे को गिरफ्तार किए जाने के साथ अब तक इस मामले में छह लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

आपातकाल की यादें जीवित रखनी होंगी : शाह

आपातकाल की 50वीं बरसी पर हुए 'संविधान हत्या दिवस' कार्यक्रम को केंद्रीय गृहमंत्री ने किया संबोधित

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि आपातकाल की यादों को जीवित रखा जाना चाहिए ताकि देश पर तानाशाही विचार न थोप सके। शाह ने आपातकाल की 50वीं बरसी पर हुए कार्यक्रम में कहा कि जब बात सामाजिक और राष्ट्रीय जीवन की होती है, तो ऐसे घटनाक्रमों को याद रखा जाना चाहिए, ताकि युवा अन्याय के खिलाफ जागरूक और तैयार रह सकें।

शाह ने कहा कि देश 50 साल पहले आज के दिन घोषित आपातकाल के दौरान कांग्रेस द्वारा किए अन्याय और अत्याचारों को कभी नहीं भूलेगा और इसलिए प्रधानमंत्री मोदी ने इस दिन को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाने का सही निर्णय लिया है। इंदिरा गांधी सरकार ने 25 जून 1975 को आपातकाल लगाया था। शाह ने एक पुस्तक 'द इमरजेंसी डायरीज: इयर्स दैट फोर्ज्ड ए लीडर' का विमोचन किया, जो आपातकाल के दौरान युवा नरेन्द्र मोदी के साथ काम कर चुके सहयोगियों के व्यक्तिगत अनुभवों और अन्य संग्रहित दस्तावेजों पर आधारित है। कार्यक्रम को केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, अश्विनी वैष्णव, दिल्ली के उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा,

नई दिल्ली में 'संविधान हत्या दिवस' पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, गजेंद्र सिंह शेखावत, अश्विनी वैष्णव, उपराज्यपाल वीके सक्सेना और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता।

निरंकुश शासक ने परिवारवादी शासन को बनाए रखने के लिए आपातकाल लगाया

अमित शाह ने कहा कि 50 साल पहले एक निरंकुश शासक द्वारा लगाया गया आपातकाल जिसका उद्देश्य अपने परिवारवादी शासन को बनाए रखना था, इतिहास के सबसे काले अध्यायों में से एक था। शाह ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का परोक्ष उल्लेख करते हुए कहा कि आपातकाल कोई राष्ट्रीय आवश्यकता नहीं था, बल्कि यह कांग्रेस और केवल एक व्यक्ति की अलोकतांत्रिक मानसिकता का प्रतिबिंब था। गृह मंत्री ने एक्स पर कहा, यह दिवस बताता है कि जब सत्ता तानाशाही बन जाती है तो जनता उसे उखाड़ फेंकने की ताकत रखती है। आपातकाल कोई राष्ट्रीय आवश्यकता नहीं, बल्कि कांग्रेस और एक व्यक्ति की लोकतंत्र विरोधी मानसिकता का परिचायक था। प्रेस की स्वतंत्रता कुचली गई, न्यायपालिका के हाथ बांधे गए और सामाजिक कार्यकर्ताओं को जेल में डाला गया। शाह ने कहा, देशवासियों ने सिंहासन खाली करो का शंखनाद किया और तानाशाह कांग्रेस को उखाड़ फेंका। इस संघर्ष में बलिदान देने वाले सभी वीरों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि।

पिछले 11 साल से देश में लगा है अघोषित आपातकाल: खरगे

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को आपातकाल की 50वीं बरसी पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हमले को लेकर उन पर पलटवार किया और आरोप लगाया कि पिछले 11 साल से देश में अघोषित आपातकाल है तथा भाजपा मोदी सरकार की विफलताओं को छिपाने के लिए 'संविधान हत्या दिवस' मनाने का नाटक कर रही है।

उन्होंने महाराष्ट्र विस चुनाव का हवाला देते हुए दावा किया कि निर्वाचन आयोग मोदी सरकार की कठपुतली बन गया है। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कारण ही आज संविधान संकट में है। खरगे ने कहा, जिनका देश की आजादी के आंदोलन और संविधान निर्माण में कोई योगदान नहीं रहा। जो संविधान के खिलाफ बात करते रहे, वे आज तरह-तरह की बातें कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया, जिस संविधान को बाबा साहेब आंबेडकर, जवाहर लाल नेहरू, महात्मा गांधी और संविधान सभा ने तैयार किया था, उसे भी आरएसएस ने रामलीला मैदान में जलाया था। यही नहीं, आरएसएस ने बाबा साहेब आंबेडकर, नेहरू और गांधी का पुतला भी जलाया था।

- कांग्रेस अध्यक्ष बोले- विफलता छिपाने को संविधान हत्या दिवस मनाने का नाटक

दिल्ली के रसायन फैक्टरी में आग लगने से चार की मौत, तीन घायल

नई दिल्ली, एजेंसी

- रोहिणी के रिठाला इलाके की पांच मंजिला इमारत की आग बुझाने पहूंची दमकल की 16 गाड़ियां

दिल्ली में रोहिणी के रिठाला इलाके में रसायन फैक्टरी में आग लगने से चार लोगों की मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए। दमकल विभाग ने बुधवार को बताया कि आग मंगलवार को रोहिणी सेक्टर-5 में पांच मंजिला इमारत में लगी, जिसे बुझाने के लिए दमकल की 16 गाड़ियों को भेजा गया।

दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के प्रमुख अतुल गर्ग ने कहा कि घटना रिठाला मेट्रो स्टेशन के पास परिसर में होने की सूचना मिली थी। आग लगने का कारण अभी ज्ञात नहीं है और जांच जारी है। मलबे में दबे लोगों का पता लगाने के लिए अभियान जारी है। पुलिस ने अब तक आग में झुलसे चार लोगों के शव बरामद किए हैं। तीन घायल लोगों को बाबा साहब अम्बेडकर (बीएसए) अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनकी पहचान नितिन बंसल (31), राकेश (30) और विरेंद्र (25) के रूप में हुई है। नितिन और राकेश राम मनोहर लोहिया अस्पताल भेज दिया गया।

आपदा प्रबंधन

एसडीआरएफ की टीम ने बहादुरी दिखाते हुए बुधवार को तवी नदी में अचानक आई बाढ़ के बीच फंसे व्यक्ति को सुरक्षित निकाला। भारी बारिश के चलते नदी का जलस्तर तेज़ी से बढ़ गया था। एजेंसी

मेघालय पुलिस ने इंदौर में नाले से देसी तमंचा किया बरामद

राजा रघुवंशी हत्याकांड

शिलांग। राजा रघुवंशी हत्याकांड की जांच कर रही मेघालय पुलिस की विशेष जांच टीम ने बुधवार को इंदौर के पलासिया इलाके में एक नाले से देसी तमंचा बरामद किया। पूर्वी खासी पर्वतीय जिले के पुलिस अधीक्षक विवेक सिम ने बताया, हमने इंदौर में नदी से देशी तमंचा और दो मैगजीन बरामद की हैं। इससे पहले इंदौर में एक कार में रखे बक्से से 50,000 नकद मिले थे। इंदौर में पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस हथियार को अन्य सामान के साथ इंदौर के उस फ्लैट से गायब किए जाने का संदेह है, जिसमें सोनम वारदात को अंजाम देने के बाद कई दिन तक रुकी थी। सोनम, उसके प्रेमी राज कुशवाह और उसके दोस्तों विशाल चौहान, आकाश राजपूत और आनंद कुर्मी को व्यापारी की हत्या की साजिश रचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

रिहाई में देरी पर जेल अफसरों को सुप्रीम फटकार

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने धर्मांतरण रोधी कानून के तहत दर्ज मामले में 29 अप्रैल को जमानत पाने वाले आरोपी को रिहा करने में देरी पर बुधवार को उत्तर प्रदेश के जेल अफसरों को फटकार लगाई। न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन और एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह 24 जून को जिला जेल गाजियाबाद से रिहा किए आरोपी को पांच लाख का मुआवजा दे।

वीडियो कांफ्रेंस के जरिए उत्तर प्रदेश के जेल महानिदेशक पीठ के समक्ष पेश हुए। राज्य के वकील ने कहा कि आरोपी को मंगलवार को जेल से रिहा किया गया और देर का पता लगाया जा है। पीठ ने गाजियाबाद के प्रधान जिला एवं सत्र जज को जांच रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। आरोपी का दावा था कि उसे इस आधार पर रिहा नहीं किया गया कि जमानत आदेश में धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम के की उपधारा का उल्लेख नहीं किया गया था।

- राज्य सरकार को निर्देश, पीड़ित को दें पांच लाख रुपये मुआवजा

नीतीश कटारा हत्याकांड में सुखदेव को 3 माह का फरलो

सुप्रीम कोर्ट ने 2002 के नीतीश कटारा हत्याकांड में सुखदेव यादव को बुधवार को तीन महीने का फरलो दिया। न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां और के विनोद चंद्रन ने कहा कि यादव ने बिना किसी छूट के 20 साल जेल की सजा काटी है। शीर्ष न्यायालय ने निर्देश दिया कि यादव को सात दिन में निचली अदालत में पेश किया जाए और उसे फरलो दिए जाने से पहले निचली अदालत उस पर उचित शर्तें लगाए। फरलो का मतलब जेल से अस्थायी रिहाई है, न कि सजा का निलंबन या छूट।

वकीलों को तलब करने की अनुमति न्याय के लिए खतरा

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मुवक्किलों को सलाह देने के लिए वकीलों को पुलिस या जांच एजेंसियों द्वारा तलब करने की अनुमति देना न्याय की स्वतंत्रता के लिए प्रत्यक्ष खतरा है। न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन और एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि कानूनी पेशा न्याय प्रशासन की प्रक्रिया का अभिन्न अंग है। जांच एजेंसियों/पुलिस को पक्षकारों को सलाह देने वाले बचाव पक्ष के वकील या अधिवक्ताओं को तलब करने की अनुमति देना कानूनी पेशे की स्वायत्तता को गंभीर रूप से कमजोर करेगा और न्याय प्रशासन की स्वतंत्रता के लिए भी प्रत्यक्ष खतरा पैदा करेगा। पीठ ने मामले में कुछ प्रश्न भी खड़े किये।

रथ यात्रा : पुरी की निगरानी करेंगे एआई कैमरे और एनएसजी

पुरी। समुद्र तटीय तीर्थ नगरी पुरी में 27 जून को भगवान जगन्नाथ की वार्षिक रथ यात्रा के मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करते हुए 10 हजार सुरक्षाकर्मी तैनात हैं। बुधवार को पुलिस अधिकारी ने बताया कि इसके अलावा, निगरानी के लिए विभिन्न स्थानों पर 250 से अधिक एआई युक्त कैमरे लगाए गए हैं और आसपास के मकानों की छत पर एनएसजी के निशानेबाजों की तैनाती भी की गई है। श्रद्धालुओं को संभालने तथा खुद को तैयार करने के लिए केंद्रीय सशस्त्र बलों ने रिहर्सल में भाग लिया।

उपचुनावों के इंडेक्स कार्ड 72 घंटे में जारी

नई दिल्ली, एजेंसी

निर्वाचन आयोग (ईसी) ने बुधवार को बताया कि उसने हाल में हुए विस उपचुनाव के लिए इंडेक्स कार्ड अपने नए डिजिटल मंच की मदद से 72 घंटे में जारी कर दिए। इंडेक्स कार्ड गैर-वैधानिक, चुनाव-पश्चात सांख्यिकीय रिपोर्टिंग होती है जो विभिन्न हितधारकों को मतदान संबंधी रुझान समझने में मदद करती है।

ईसी ने कहा कि उसने केरल, गुजरात, पंजाब और प. बंगाल में पांच विस क्षेत्रों के लिए 19 जून को हुए उपचुनाव के दौरान नए डिजिटल मंच ईसीआईएनईटी का संचालन शुरू किया। नतीजे 23 जून को घोषित हुए। सुव्यवस्थित, प्रौद्योगिकी-संचालित प्रणाली उपचुनाव के दौरान अनुमानित मतदान प्रतिशत के रुझान पर समय पर अद्यतन जानकारी देने में सक्षम थी। नयी प्रणाली के तहत, इंडेक्स कार्ड में अधिकांश डेटा ईसीआईएनईटी इनपुट का उपयोग करके स्वतः भरे जाते हैं।

ईसी पांच और राज्यों में मतदाता सूची की करेगा समीक्षा

नई दिल्ली। बिहार के बाद, निर्वाचन आयोग इस वर्ष के अंत तक उन पांच राज्यों में मतदाता सूचियों की गहन समीक्षा करेगा जहां 2026 में चुनाव होने हैं। अंततः, निर्वाचन आयोग देशभर में विशेष गहन पुनरीक्षण शुरू करेगा, ताकि मतदाता सूचियों की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के अपने संवैधानिक दायित्व का निर्वहन किया जा सके। गहन समीक्षा के तहत, चुनाव अधिकारी त्रुटिरहित मतदाता सूची सुनिश्चित करने के लिए घर-घर जाकर सत्यापन करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल की विस का कार्यकाल अगले वर्ष मई-जून में समाप्त हो रहा है और इन राज्यों में मतदाता सूचियों की गहन समीक्षा वर्ष के अंत तक शुरू हो जाएगी। हालांकि, चूंकि बिहार में इस वर्ष के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं, इसलिए निर्वाचन आयोग ने वहां तत्काल विशेष गहन पुनरीक्षण करने का निर्णय लिया है।

शार्दुल के स्थान पर कुलदीप को मिल सकती है जगह

भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के पहले मैच में शार्दुल ठाकुर से कम गेंदबाजी कराने के कप्तान शुभमन गिल के फैसले का बचाव किया है, लेकिन दो जुलाई से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में उनके चयन को सही ठहराना मुश्किल होगा। दिसंबर 2023 के बाद से अपना पहला टेस्ट खेल रहे शार्दुल का तेज गेंदबाजी में अच्छा उपयोग नहीं हुआ और उन्होंने अपनी बल्लेबाजी से भी टीम को निराश किया। उन्होंने दो पारियों में 20 गेंदों पर कुल पांच रन बनाए। शार्दुल ने मैच की पहली पारी में सिर्फ छह ओवर और दूसरी पारी में 10 ओवर गेंदबाजी की। ऐसे में विशेषज्ञ गेंदबाज की जगह उन्हें तरजीह देने पर सवाल उठ रहे हैं।

नई दिल्ली, एजेंसी

शार्दुल ने मैच के पांचवें दिन हालांकि लगातार दो विकेट लेकर भारत की जीत की उम्मीदें जगा दी थी, लेकिन उनकी गेंदबाजी में धार और पैनापन नहीं था। उन्होंने और प्रसिद्ध कृष्णा ने बहुत सारी कमजोर गेंदें फेंकी, जिससे इंग्लैंड के बल्लेबाजों पर दबाव नहीं बना। भारत को इस पांच दिवसीय मैच में ज्यादातर समय तक दबदबा बनाये रखने के बावजूद हार का सामना करना पड़ा। इस हार के बावजूद टीम को ज्यादा परेशान होने की जरूरत नहीं है। एजबेस्टन टेस्ट के लिए हालांकि अंतिम एकादश में कुछ बदलाव तय हैं। विशेषज्ञों ने श्रृंखला के पहले मैच में कुलदीप यादव को शामिल करने की मांग की थी और अब बर्मिंघम में स्पिनरों की मदद करने वाली पिच पर शार्दुल की जगह उन्हें शामिल किए जाने की संभावना है।

पूर्व भारतीय बल्लेबाज संजय मांजरेकर ने 'जियोस्टार' से कहा, कुलदीप यादव को वापस आना होगा। मुझे यह कहते हुए दुख हो रहा है, लेकिन शार्दुल ठाकुर को बाहर जाना होगा। उन्होंने कहा यह एक बदलाव है जो भारत को करना होगा। जहां तक नीतीश कुमार रेड्डी का सवाल है तो मैंने पहले टेस्ट के लिए उनका समर्थन इस आधार पर किया था कि उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में शानदार प्रदर्शन किया था। मांजरेकर ने कहा लेकिन वह पर्याप्त विकल्प प्रदान नहीं करता है। वह टीम में चौथे तेज गेंदबाज की भूमिका में पूरी तरह से खरा नहीं उतर पाएगा इसलिए भारतीय टीम प्रबंधन को कड़ा फैसला लेना होगा। हमें यहां की परिस्थितियों में अपने सर्वश्रेष्ठ आक्रमण के साथ करना होगा और इसके लिए मैं एक तेज गेंदबाज कम रखूंगा और कुलदीप को अंतिम एकादश में शामिल करूंगा। उसे खेलना ही होगा। हेडिंग्ले में इंग्लैंड के 371 रन के रिकार्ड लक्ष्य का पीछा करने के बाद गंभीर से शार्दुल के कम उपयोग के बारे में पूछा गया तो उन्होंने इस मामले में कप्तान का समर्थन किया। उन्होंने कहा कप्तान कभी-कभी अपनी अंतरात्मा की सोच के अनुसार काम करता है और जडेजा ने पहली पारी में हमें नियंत्रण (रन गति को कम कर) दिया था। इससे हम दूसरे छोर पर अपने तीन तेज गेंदबाजों से गेंदबाजी करा सकते थे। उन्होंने कहा हम जानते हैं कि शार्दुल का कौशल क्या है और इसलिए वह भारत के लिए खेल रहे हैं। वह चौथे तेज गेंदबाज हैं, इसका मतलब यह नहीं है कि उन्हें स्पिनर से पहले गेंदबाजी का मौका दिया जाना चाहिए। एक कप्तान अपनी सोच के अनुसार फैसले लेता है और यह फैसला काफी हद तक पिच की स्थिति पर आधारित होता है। गेंदबाजी विभाग में किसी और बदलाव की संभावना कम है क्योकि पहले और दूसरे टेस्ट मैच के बीच एक सप्ताह का अंतराल है और ऐसे में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के अंतिम एकादश में बने रहने की उम्मीद है। अर्शदीप सिंह के फिर से बाहर बैठने की संभावना है क्योंकि टीम प्रबंधन प्रसिद्ध को और मौका देना चाहेगा।

चार तेज गेंदबाजों के साथ खेलने का कोई मतलब नहीं

पूर्व भारतीय कप्तान दिलीप वेंगसरकर ने 'पीटीआई' से कहा कुलदीप को टीम में होना चाहिए। चार तेज गेंदबाजों के साथ खेलने का कोई मतलब नहीं है। शार्दुल या प्रसिद्ध में से कोई भी उनके लिए जगह बना सकता है। इंग्लैंड में टीमें अकसर चार तेज गेंदबाजों के साथ मैदान पर उतरते रहीं हैं लेकिन मौजूदा समय में शुष्क मौसम को देखते हुए कुलदीप और रविंद्र जडेजा दोनों अंतिम एकादश में जगह बना सकते हैं। जडेजा की गेंदबाजी पर भी सवाल उठ रहे हैं क्योंकि वह स्पिनरों की मददगार पांचवें दिन की पिच पर ज्यादा प्रभाव नहीं छोड़ सके।

शार्दुल ठाकुर। ● एजेंसी

कुलदीप यादव।

हमें कैच छोड़ना महंगा पड़ा : शुभमन गिल

लीड्स, एजेंसी

भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि हमारे पास टेस्ट जीतने का मौका था, लेकिन कैच छोड़ना हमें महंगा पड़ा। इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में पांच विकेट से मिली हार के बाद भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि टेस्ट मैच शानदार रहा। हम इंग्लैंड की टीम को 430 रनों का लक्ष्य देने के बारे में सोच रहे थे, लेकिन हमने 31 रन जोड़कर अपने आखिरी पांच विकेट गवां दिये। उन्होंने कहा कि हमारे पास मैच जीतने का मौका था। कैच छोड़ना हमें महंगा पड़ा। उन्होंने कहा कि आज भी, मुझे लगा कि पहले विकेट के बाद हमारे पास मौके थे। हमने पहली पारी में खराब प्रदर्शन के बारे में बात की, हमें आगे बढ़ते हुए इसमें सुधार करना होगा। इस तरह के विकेट पर मौके आसानी से नहीं मिलते, लेकिन हमारी टीम युवा है, टीम में सीखने का जज्बा है। उम्मीद है कि इसमें सुधार होगा। उन्होंने कहा कि पहले सत्र में हमने शानदार गेंदबाजी की और रनों पर अंकुश लगाया, लेकिन एक बार गेंद पुरानी हो जाने के बाद रन रोकना मुश्किल होता है। जब गेंद नरम हो जाए तो विकेट लेते रहना चाहिए। जाडेजा ने शानदार गेंदबाजी की, उन्होंने मौके बनाए।

बुमराह कौन से गेम खेलेंगे इस सवाल पर उन्होंने कहा कि यह मैच दर मैच तय होता है। एक बार जब हम लंबे ब्रेक के बाद अगले मैच के करीब होंगे तब देखा जायेगा। गौरतलब है कि लीड्स के मैदान पर भारतीय खिलाड़ियों ने कई कैच छोड़े, जिससे उन्हें मैच गवाना पड़ा। अकेले यशस्वी जायसवाल ने चार कैच छोड़े। इससे इंग्लैंड के बल्लेबाजों को और रन बनाने का मौका मिला और उन्होंने जीत हासिल की।


शुभमन गिल।

यशस्वी जायसवाल से मैच के दौरान बेन डकेट का महत्वपूर्ण कैच छूट गया। इसके साथ ही मैच जीतने का सुनहरा अवसर भी छूट गया। ● एजेंसी

हर्षित राणा को भारतीय टीम से रिलीज किया गया

बर्मिंघम, एजेंसी

इंग्लैंड के खिलाफ लीड्स में खेले गये पहले टेस्ट के लिए भारतीय टीम में कवर के तौर पर शामिल किए गए युवा तेज गेंदबाज हर्षित राणा को टीम प्रबंधन ने बुधवार को रिलीज (टीम से अलग करना) कर दिया। राणा ने इससे पहले ऑस्ट्रेलिया दौरे पर दो टेस्ट मैच खेले थे।

वह इंग्लैंड दौरे पर भारत ए टीम का हिस्सा थे लेकिन कैंटरबरी में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ अनौपचारिक टेस्ट में ज्यादा प्रभाव नहीं डाल पाए। उन्होंने 27 ओवर में 99 रन देकर सिर्फ एक विकेट लिया। बीसीसीआई के एक सूत्र ने नाम न बताने की शर्त पर 'पीटीआई' को बताया, हर्षित राणा को टीम से रिलीज कर दिया गया है। वह दो जुलाई से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए भारतीय टीम के साथ बर्मिंघम नहीं आये हैं। दिल्ली के 23 साल के हर्षित को मुख्य कोच गौतम गंभीर का शिष्य माना जाता है। वह गेंद को पिच पर पूरी ताकत के साथ टप्पा खिलाने के लिए जाने जाते है।

उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में पर्थ के मैदान पर अपनी ऑफ कटर गेंद से ट्रेविस हेड को चकमा देकर सुर्खियां बटोरी थी। समय के साथ हालांकि यह स्पष्ट हो गया है कि शीर्ष स्तर पर लाल गेंद के मैचों को खेलने के लिए उन्हें अपनी गेंदबाजी में और सुधार करना होगा। इंग्लैंड की परिस्थितियों में मुकेश कुमार और अंशुल कंबोज को हर्षित से बेहतर गेंदबाज माना जा रहा है लेकिन इन दोनों की जगह कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के इस गेंदबाज को तरजीह मिलने पर सवाल भी उठे थे। गंभीर ने मंगलवार को पहले टेस्ट मैच में भारत की हार के बाद कहा था हर्षित राणा को लेकर मैं चयन समिति के अध्यक्ष से चर्चा करूंगा। कुछ छोटी-मोटी परेशानियों के कारण उन्हें रोका गया था। अब सब कुछ ठीक है। मैं चर्चा करूंगा और फिर हम उस पर निर्णय लेंगे।

एक नजर

भारत के नौ वर्षीय खिलाड़ी ने कार्लसन को ड्रॉ पर रोका

नई दिल्ली : दिल्ली के नौ वर्षीय आरित कपिल एक प्रमुख ऑनलाइन मंच पर आयोजित 'अर्ली टाइटल्ड ट्यूजडे' शतरंज टूर्नामेंट में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराने के करीब पहुंच गए थे लेकिन आखिर में उन्हें ड्रॉ पर संतोष करना पड़ा। हाल ही में अंडर-नौ राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में उपविजेता रहे आरित ने पांच बार के विश्व चैम्पियन कार्लसन को हार के कगार पर पहुंचा दिया था, लेकिन समय समाप्त होने और घड़ी में केवल कुछ सेकंड बचे होने के कारण यह युवा भारतीय खिलाड़ी अपनी बढ़त को भुनाने में असमर्थ रहा और उसे ड्रॉ पर मजबूर होना पड़ा। आरित ने जॉर्जिया के अपने होटल से इस प्रतियोगिता में भाग लिया, जहां वह वर्तमान में अंडर-10 विश्व चैंपियनशिप में खेल रहे हैं। इस बीच भारत के वी प्रणव ने 11 में से 10 अंक लेकर 'अर्ली टाइटल्ड ट्यूजडे' का खिताब जीत लिया। अमेरिकी ग्रैंडमास्टर हैंस मोके नीमन और कार्लसन दोनों ने 9.5 अंक हासिल किए, लेकिन नीमन ने टाईब्रेक में दूसरा स्थान हासिल किया।

भारतीय निशानेबाजी लीग के लिए 400 से अधिक पंजीकरण

नई दिल्ली : आगामी भारतीय निशानेबाजी लीग (एसएलआई) में भाग लेने के लिए अभी तक दुनिया भर के 400 से अधिक खिलाड़ी पंजीकरण करा चुके हैं। इस प्रतियोगिता के आयोजक भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने बुधवार को यह जानकारी दी। भारत, कजाकिस्तान, रूस, ईरान, हंगरी, क्रोएशिया, अजरबैजान, यूनाइटेड किंगडम, ऑस्ट्रेलिया, ग्रेनेडा, इटली, ऑस्ट्रेलिया, ऑस्ट्रिया, सर्बिया, अमेरिका, स्पेन, थाईलैंड, जर्मनी, चेक गणराज्य, नॉर्वे, सैन मैरिनो और रोमानिया के निशानेबाजों ने लीग के लिए पंजीकरण कराया है। एनआरएआई के अध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंह देव ने कहा हमें पहली भारतीय निशानेबाजी लीग को लेकर जिस तरह की प्रतिक्रिया मिल रही है उससे वास्तव में हम उत्साहित हैं। पहली भारतीय निशानेबाजी लीग का आयोजन इस साल के आखिर में 20 नवंबर से दो दिसंबर तक किया जाएगा। इसमें पिस्टल (10 मीटर, 25 मीटर), राइफल (10 मीटर, 50 मीटर 3 पोजीशन) और शॉटगन (ट्रैप और स्कीट) में मिश्रित टीम स्पर्धाएं शामिल होंगी।

भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से हराया

बर्लिन : भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने बुधवार को चार देशों के टूर्नामेंट में तीसरे और चौथे स्थान के लिए खेले गये मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से हरा दिया। आज यहां खेले गये मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के टोबी मैलन ने दूसरे हाफ में 40वें मिनट में मैदानी गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलायी। इसके बाद भारत के रोहित ने (45वें) मिनट में गोलकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। चौथे क्वार्टर में भारत के अजीत यादव ने (52वें) मिनट में गोल कर अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की। पहले हाफ में दोनों टीमें के बीच संघर्षपूर्ण मुकाबला हुआ।

पंत टेस्ट रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ सातवें स्थान पर

दुबई : भारत के आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के पहले टेस्ट में दो शतक की बदौलत बुधवार को जारी नवीनतम आईसीसी टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ सातवें स्थान पर पहुंच गए।

पहले टेस्ट में पांच विकेट की हार के दौरान पहली पारी में शतक जड़ने वाले भारत के नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल भी पांच स्थान के फायदे से 20वें पायदान पर हैं। एक ही टेस्ट में दो शतक जड़ने वाले केवल दूसरे विकेटकीपर बने पंत को एक स्थान का फायदा हुआ है। पंत से पहले जिंबाब्वे के एंडी फ्लावर एकमात्र विकेटकीपर थे जिन्होंने एक ही टेस्ट में दो शतक जड़ने की उपलब्धि हासिल की थी। भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जसप्रीत बुमराह पहले टेस्ट की पहली पारी में पांच विकेट चटकाने के बाद शीर्ष पर बने हुए हैं। इंग्लैंड की जीत के दौरान 62 और 149 रन की पारी खेलकर मैन ऑफ द मैच बने बेन डकेट पांच स्थान की छलांग के साथ रैंकिंग में आठवें स्थान पर पहुंच गए। डकेट के टीम के साथियों ओली पोप (तीन स्थान के फायदे से 19वें स्थान पर) और जेमी स्मिथ (आठ स्थान के फायदे से 27वें स्थान पर) को भी रैंकिंग में फायदा हुआ है। इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट दुनिया के नंबर एक टेस्ट बल्लेबाज हैं जबकि टीम के उनके साथी हैरी ब्रूक दूसरे स्थान पर हैं। पहले टेस्ट में प्रभावशाली प्रदर्शन करने वाले इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स टेस्ट ऑलराउंडर की सूची में तीन स्थान के फायदे से पांचवें स्थान पर पहुंच गए।

कमजोर गेंदबाजी पर गंभीर ने कहा, हमें उन्हें समय देना होगा

लीड्स, एजेंसी

इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में हार के दौरान भारतीय आक्रमण की अनुभवहीनता खुलकर उजागर हो गई, लेकिन मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा कि टीम के अधिकतर तेज गेंदबाज अभी अपने करियर की शुरुआत कर रहे हैं। उन्हें कुछ और समय देने की जरूरत है। इंग्लैंड की पहली पारी में पांच विकेट लेने वाले जसप्रीत बुमराह को छोड़कर कोई भी अन्य गेंदबाज प्रभावशाली नहीं दिखा।

मेजबान टीम ने मंगलवार को मैच के पांचवें और अंतिम दिन 371 रन का लक्ष्य बिना किसी परेशानी के हासिल कर लिया। प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज और शार्दुल ठाकुर की तेज गेंदबाजी तिकड़ी की लाइन और लेंथ में निरंतरता का अभाव दिखा। गंभीर में भारत की पांच विकेट से हार के बाद संवाददाताओं से कहा हमें उन्हें समय देना होगा। पहले हमारी टीम में चार तेज गेंदबाज होते थे, जिन्हें 40 से अधिक टेस्ट मैचों का अनुभव था। एकदिवसीय या टी20 मैचों में इसका इतना बड़ा प्रभाव नहीं पड़ता, लेकिन जब आप टेस्ट मैच खेलने के लिए ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड या दक्षिण अफ्रीका का दौरा करते हैं तो अनुभव काफी मायने रखता है।

उन्होंने कहा उनके करियर के अभी शुरुआती दिन हैं। अगर हम प्रत्येक टेस्ट मैच के बाद अपने गेंदबाजों का मूल्यांकन करना शुरू कर देंगे, तो हम अच्छा गेंदबाजी आक्रमण कैसे तैयार कर पाएंगे। बुमराह और सिराज के अलावा हमारे पास तेज गेंदबाजी में उतना अनुभव नहीं है, लेकिन उनमें (अन्य में) गुणवत्ता है और यही वजह है कि वे इस भारतीय टीम में हैं। गंभीर ने कहा लेकिन हमें उनका समर्थन करते रहना होगा, क्योंकि यह एक दौरे की बात नहीं है। यह एक मजबूत तेज गेंदबाजी आक्रमण तैयार करने से जुड़ा है, जो टेस्ट क्रिकेट में लंबे समय तक भारत की सेवा कर सके। भारतीय टीम में शामिल अन्य तेज गेंदबाजों में अर्शदीप सिंह ने अभी तक कोई टेस्ट नहीं खेला है जबकि हर्षित राणा ने केवल दो मैच खेले हैं। प्रसिद्ध ने मैच में पांच विकेट लिए लेकिन उन्होंने काफी रन भी लुटाए।

गंभीर को हालांकि लगता है कि प्रसिद्ध में एक बहुत अच्छा टेस्ट गेंदबाज बनने के सभी गुण मौजूद हैं। उन्होंने शार्दुल ठाकुर का भी बचाव किया, जिन्होंने पहली पारी में केवल छह और पूरे मैच में 16 ओवर ही फेंके। गंभीर ने कहा कप्तान परिस्थितियों के अनुसार फैसला करता है। रविंद्र जडेजा ने पहली पारी में हमें संतुलन प्रदान किया जिससे हम दूसरे छोर पर अपने तीन तेज गेंदबाजों में अदला बदली कर सकते थे।

● मुख्य कोच गौतम गंभीर ने भारतीय कमजोर आक्रमण पर गेंदबाजों का लिया पक्ष

तीन और शतक लगे थे, पंत के दो शतक के बारे में पूछने पर बोले गंभीर

लीड्स, एजेंसी : भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ऋषभ पंत के दो शतक जैसी व्यक्तिगत उपलब्धियों की तारीफ करने के मूड में नहीं दिखे और जब उनसे इंग्लैंड के हाथों पहले टेस्ट में मिली हार के सकारात्मक पहलुओं के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि सबसे अहम नतीजा होता है जो टीम हासिल नहीं कर सकी। गंभीर से जब पंत के दो शतकों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा तीन और शतक बने थे। ये सब सकारात्मक बातें हैं। शुक्रिया। मैच के सकारात्मक पहलुओं के बारे में पूछने पर गंभीर ने कहा अगर आप कहते कि यशस्वी (जायसवाल) ने शतक जमाया और शुभमन गिल ने बतौर कप्तान पदार्पण में शतक जड़ा तो मुझे अच्छा लगता। केएल राहुल ने भी शतक लगाया और ऋषभ ने दो शतक लगाये। एक टेस्ट में पांच शतक बड़ी बात है। यह सवाल बेहतर हो सकता था। कोच ने कहा कि अगर टीम हारती है तो व्यक्तिगत उपलब्धियां मायने नहीं रखती। भारत को इंग्लैंड ने पांच विकेट से हराया। उन्होंने कहा ये सब सकारात्मक पहलु हैं। जसप्रीत बुमराह ने पांच विकेट लिए। लेकिन आखिर में सब कुछ इसी पर आता है कि हम मैच जीत नहीं सके। उन्होंने कहा व्यक्तिगत प्रदर्शन अच्छी बात है। हमें शीर्ष छह से बड़ी पारियां चाहिए थी लेकिन आखिर में तो हम टेस्ट मैच जीत नहीं सके।

पहले टेस्ट में हार के बावजूद बुमराह को लेकर योजना में कोई बदलाव नहीं

लीड्स : भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा है कि टीम प्रबंधन पहले टेस्ट में हार के बावजूद तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ तीन से अधिक टेस्ट मैच खेलने के लिए नहीं कहेगा। बुमराह एकमात्र भारतीय गेंदबाज थे जिन्होंने हेडिंग्ले में खेले गए पहले टेस्ट मैच में इंग्लैंड के बल्लेबाजों के सामने लगातार चुनौती पेश की। बुमराह अपने करियर के दौरान चोटों से जूझते रहे हैं और यही वजह है कि उनके कार्यभार प्रबंधन के तहत टीम प्रबंधन ने उन्हें पांच में से तीन टेस्ट मैचों में खिलाने का फैसला किया था। चार मैच शेष रहने के बावजूद यह योजना नहीं बदली है। गंभीर ने मंगलवार को संवाददाताओं से कहा नहीं, हम अपनी योजना में कोई बदलाव नहीं करेंगे। हमारे लिए उनके कार्यभार का प्रबंधन करना महत्वपूर्ण है, क्योंकि आगे काफी क्रिकेट खेलना है और हम जानते हैं वह क्या कर सकते हैं। श्रृंखला शुरू होने से पहले ही तय कर दिया गया था कि वह तीन टेस्ट मैच खेलेंगे।

भारतीय क्रिकेट ने जब कामयाबी की नींव रखी

नई दिल्ली, एजेंसी

पिछले चार साल में जब भी 25 जून आता है तो '83' वाट्सअप ग्रुप के सबसे जिंदादिल सदस्य की यादें बाकी 13 सदस्यों को कचोटती हैं। चार साल पहले यशपाल शर्मा ने आखिरी सांसें ली थी लेकिन ऐसा एक भी दिन नहीं गया होगा जब कपिल देव की 1983 विश्व कप विजेता टीम के सदस्यों ने 'यश पाजी' को याद नहीं किया हो।

कोरोना महामारी से पहले पंजाब के तत्कालीन चयनकर्ता यशपाल दिल्ली में रणजी मैच देखने आये थे। उन्होंने कुछ पत्रकारों को उलाहना भी दिया था कि ओल्ड टैफर्ड में वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले मैच की रिकॉर्डिंग उनके पास नहीं है जिसमें उनकी 89 रन की पारी की मदद से भारत ने 34 रन से जीत दर्ज की थी।

टूर्नामेंट में सर्वाधिक 240 रन बनाने वाले यशपाल ने कहा था जिसके पास भी रिकॉर्डिंग है, मैं उसे 5000 पाउंड देने के लिये तैयार हूं। मेरे पास रिकॉर्डिंग नहीं है। वह मेरी सर्वश्रेष्ठ वनडे पारी थी। ऐसा लगता था कि मैको (मैल्कम मार्शल) का मुझसे अलिखित करार था। मेरे आते ही दो गेंद छाती पर मारता था।

महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने उनके बारे में कहा था वह टीम का बहुत ही लोकप्रिय सदस्य था और हम सभी उसे याद करते हैं। द 83 वाट्सअप ग्रुप में टीम के 14 सदस्य और प्रशासनिक प्रबंधक पीआर मान सिंह हैं। भारतीय टीम ने जब रवि शास्त्री के कोच रहते बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी जीती या रोजर बिन्नी बीसीसीआई अध्यक्ष बने या कीर्ति आजाद ने लोकसभा चुनाव जीता, इस ग्रुप पर चर्चा का दौर चला है।

गावस्कर ने कहा हम लगभग हर रोज संपर्क में रहते हैं और आज तो बिल्कुल ही। विजय माल्या के यूबी समूह ने 2008 में विश्व कप जीत की 25वीं सालगिरह पर लार्डस पर टीम के सभी सदस्यों के लिये समारोह का आयोजन किया था। फिर 2023 में अडाणी समूह ने 40वीं सालगिरह पर सदस्यों को सम्मानित किया। इस बार गावस्कर और शास्त्री एंडरसन तेंदुलकर ट्रॉफी के लिये अपनी मीडिया व्यस्तताओं के कारण बाहर हैं और दिलीप वेंगसरकर भी देश में नहीं है तो जश्न नहीं हो सका। गावस्कर ने कहा हमने इस साल भी जश्न का सोचा था लेकिन सीरीज चालू होने के कारण स्थगित करना पड़ा।

विश्व कप जीत के 42 साल

काश ! मैने अच्छा प्रदर्शन किया होताः नीरज

ओस्ट्रावा, एजेंसी

भारत के भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने भले ही पदार्पण के साथ गोल्डन स्पाइक खिताब जीत लिया हो लेकिन पूर्व ओलंपिक चैम्पियन अपने प्रदर्शन से खुश नहीं हैं।

चोपड़ा ने 85.29 मीटर के थ्रो के साथ नौ खिलाड़ियों के बीच खिताब जीता। जीत के बाद उन्होंने कहा मैं आज अपने प्रदर्शन से खुश नहीं हूं लेकिन इस बात की खुशी है कि खिताब जीता। उन्होंने कहा मैं बचपन में यह टूर्नामेंट देखा करता था। मैने जान जेलेंजी और उसेन बोल्ट जैसे दिग्गजों को गोल्डन स्पाइक जीतते देखा और मुझे लगता था कि मैं भी एक दिन जीतूंगा।

आज वह सपना सच हो गया है। उन्होंने हालांकि कहा मुझे पता है कि चेक गणराज्य में भालाफेंक काफी लोकप्रिय है। दर्शकों से हमें अपार समर्थन मिला। काश कि मैं बेहतर प्रदर्शन कर पाता। दूसरे दौर के बाद चोपड़ा तीसरे स्थान पर थे जिनकी शुरूआत फाउल से हुई लेकिन उसके बाद 83.45 मीटर का थ्रो फेंका। तीसरे दौर में 85.29 मीटर के थ्रो के साथ वह शीर्ष पर आये। उनके अगले दो थ्रो 82.17 मीटर और 81.01 मीटर के रहे जबकि आखिरी थ्रो फाउल रहा। पिछले दो सत्र में वह यहां फिटनेस कारणों से खेल नहीं सके थे। उनके कोच जान जेलेंजी ने यहां नौ बार खिताब जीता है।

27 वर्ष के चोपड़ा ने इस सत्र में मई में दोहा डायमंड लीग में 90 मीटर की बाधा पार करके दूसरा स्थान हासिल किया। इसके बाद पेरिस डायमंड लीग खिताब जीता। चोपड़ा यहां 2018 में आईएएएफ कांटिनेंटल कप में एशिया प्रशांत टीम का हिस्सा थे और 80.24 मीटर के थ्रो के साथ छठे स्थान पर रहे थे। अब वह बेंगलुरु में पांच जुलाई को नीरज चोपड़ा क्लासिक में भाग लेंगे जिसमें पीटर्स और रोहलेर भी खेल रहे हैं।

● गोल्डन स्पाइक जीतने के बावजूद खुश नहीं हैं भारत के भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा

नीरज चोपड़ा।

अमरनाथ यात्रा

अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू होने वाली है, देश भर से श्रद्धालुओं और साधु-संतों ने जम्मू पहुंचना शुरू कर दिया है। यात्रा शुरू होने तक यहां साधु-संत राम मंदिर बेस कैंप में ठहरे हुए हैं। बुधवार को साधुओं के नारों की वजह से यहां अलग ही माहौल नजर आया। अमरनाथ यात्रा के दौरान सुरक्षा के भी कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। एजेंसी

अंतरिक्ष यात्राओं की उपलब्धियां
जब मंगल पर रहेगा मानव

अंतरिक्ष यात्राओं का इतिहास रोमांचक और जोखिम भरा रहा है। अंतरिक्ष यात्राओं से बेहद महत्वपूर्ण तकनीकी उपलब्धियां हासिल हुई हैं तो नाकामियां भी मिली हैं। ऐतिहासिक सफलताओं ने भविष्य की अपार संभावनाओं के द्वार खोले हैं। एक तरह से

संभावनाओं भरा इतिहास

कहा जाए तो अंतरिक्ष यात्राएं मानव की तकनीकी प्रगति के साथ विज्ञान और वैश्विक सहयोग का भी प्रतीक हैं। इनमें जोखिम जरूर रहे हैं लेकिन इन यात्राओं से मिली सीखों ने अंतरिक्ष विज्ञान को नई ऊंचाइयों तक भी पहुंचाया है। भविष्य में चंद्रमा और मंगल ग्रह पर मानव बस्तियों की कल्पना भी धीरे-धीरे वास्तविकता की ओर बढ़ने लगी है। भारत दुनिया के चुनिंदा देशों में शामिल है जो अंतरिक्ष विज्ञान की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहा है। उसके कई सफल अंतरिक्ष अभियानों ने दुनिया को अचरज में भी डाला है।

अंतरिक्ष यात्रा की शुरुआत और प्रगति

अंतरिक्ष यात्रा का प्रारंभिक युग सन् 1950 से 1970 तक माना जा सकता है। सन् 1957 में सोवियत संघ ने स्पुतनिक-1 लॉन्च किया था जो पहला कृत्रिम उपग्रह था। सन् 1961 में यूरी गागरिन अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले पहले इंसान थे। इसके बाद सन् 1969 में अपोलो 11 मिशन के तहत अमेरिका के नील आर्मस्ट्रॉन्ग और बज एल्ड्रिन चंद्रमा पर उतरने वाले पहले इंसान बने।सन् 1970 से सोवियत संघ और अमेरिका के बीच स्पेस रेस शुरू हुई जो 1990 तक चरम पर पहुंच गई। इसी दौरान पहले मीर और उसके बाद इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) जैसे स्पेस स्टेशनों की शुरुआत हुई। सन् 1975 में भारत ने भी अपना पहला उपग्रह आर्यभट्ट लांच किया। वर्ष 1984 में राकेश शर्मा अंतरिक्ष में जाने वाले पहले भारतीय बने।

नई तकनीक और निजीकरण

सन् 1990 से 2020 के बीच हबल टेलिस्कोप से ब्रह्मांड में झांकने की शुरुआत हुई। 1998 में आईएसएस कई देशों की साक्षा परियोजना था जो अब भी कार्यरत है। इसी बीच स्पेस एक्स और ब्लू ओरिजिन जैसी निजी कंपनियां आईं।

प्रमुख सफलता

- नासा का चंद्रमा अभियान अपोलो शृंखला
- स्पेस एक्स का फाल्कन 9 और रियुजेबल रॉकेट्स- 1
- इसरो का मंगलयान।
- चीन का चांग मिशन, टियांगॉन्ग एसएस।

असफलता

- नासा के 1986 में चैलेंजर और 2003 कोलंबिया स्पेस शटल हादसे में सभी अंतरिक्ष यात्री मारे गए।
- यूएस का नाडेज्दा मिशन कई बार असफल मानव रहित प्रयास रहा।
- 2019 में चंद्रयान-2 लैंडर विक्रम चांद पर लैंडिंग में विफल हुआ।

भविष्य की योजनाएं

नासा

- आर्टिमिस मिशन : 2025 तक फिर चंद्रमा पर इंसान भेजने की योजना।
- मार्स मिशन : 2030 के दशक में मानव को मंगल ग्रह पर भेजने की योजना।

इसरो

- गगनयान : 2025 तक भारत का पहला मानव अंतरिक्ष मिशन।
- चंद्रयान-3 : चांद की सफल सॉफ्ट लैंडिंग 2023 में पूरी हुई।
- शुक्रयान : भविष्य में शुक्र ग्रह के अध्ययन का मिशन।

स्पेस एक्स और निजी क्षेत्र

- स्टारशिप : इंटरप्लैनेटरी ट्रैवल के लिए डिज़ाइन किया गया।
- मार्स कोलोनाइजेशन : एलन मस्क की दीर्घकालिक योजना।
- अंतरिक्ष पर्यटन : अब धीरे-धीरे आम लोगों के लिए खुल रहा है।

एक नजर

थाईलैंड के प्रौद्योगिकी तंत्र को बेहतर बनाएगा भारत

बैंकाक। भारतीय प्रौद्योगिकीविद् इस साल की शुरुआत में प्रधानमंत्री की बैंकॉक यात्रा के दौरान हस्ताक्षरित एक समझौते के तहत प्रौद्योगिकी तंत्र को बेहतर बनाने में थाईलैंड की मदद करेंगे। डिजिटल अर्थव्यवस्था और सोसाइटी मंत्रालय के स्थायी सचिव प्रोफेसर विसित विसितसोरा-एटी ने कहा, हम फिलहाल दोनों देशों के बीच प्रौद्योगिकी समझौते पर आगे बढ़ने के तरीके पर चर्चा कर रहे हैं, जिसके तहत भारत की मदद से थाईलैंड में प्रौद्योगिकी पेशेवरों को कुशल बनाया जाएगा।

कोलंबिया में भूस्खलन में आठ लोगों की मौत

बोगोटा। उत्तर पश्चिमी कोलंबिया में एंटिओक्विया विभाग के बेलो नगरपालिका में मंगलवार को भूस्खलन में कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई और पांच घायल हो गए। मेयर लोरेना गोंजालेज ने कहा, सुबह करीब 3 :25 बजे ग्रैनिज़ल सेक्टर में भूस्खलन हुआ। अब तक हमने आठ लोगों की मौत और पांच लोगों के घायल होने की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि ला नेग्रा धारा के ज्यादा प्रवाह से शुरू हुए भूस्खलन ने एल पिनार पड़ोस के 10 घरों को प्रभावित किया। एंटिओक्विया के गवर्नर एंड्रेस जूलियन ने कहा कि आपातकाल का निपटने के लिए विभाग के सभी संसाधन जुटाए गए हैं। बचाव दल लापता लोगों की तलाश जारी रखे हुए हैं।

जिनपिंग ब्रिक्स सम्मेलन में नहीं होंगे शामिल

बीजिंग। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ब्राजील में छह-सात जुलाई को होने वाले 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेंगे। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट अखबार ने बुधवार को सूत्रों के हवाले से यह रिपोर्ट दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीनी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व प्रधानमंत्री ली कियांग कर सकते हैं। राष्ट्रपति जिनपिंग ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में होने वाले 17वें शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेंगे। चीन के शीर्ष नेता एक वर्ष से भी कम समय में ब्राजील के राष्ट्रपति लुईस इनासियो लूला दा सिल्वा से दो बार मिल चुके हैं।

विस्फोटक फटने से सात इजराइली सैनिकों की मौत

यरुशलम। दक्षिणी गाजा के खान यूनिस शहर में मंगलवार को एक इजराइली बख्तरबंद वाहन में लगे विस्फोटक उपकरण में विस्फोट होने से इजराइल के सात सैनिकों की मौत हो गयी। सात अक्टूबर 2023 को हमास के हमले के बाद शुरू हुए युद्ध में अब तक इजराइल के 860 से अधिक सैनिक मारे गए हैं। सेना ने बताया कि खान यूनिस इलाके में ही गोलीबारी में मंगलवार को एक सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गया।

ईरान का परमाणु कार्यक्रम पूरा तबाह नहीं
अमेरिकी खुफिया एजेंसियों की नई रिपोर्ट, पर ईरान ने कहा- हमारे ठिकानों पर भारी नुकसान

वाशिंगटन/दुबई, एजेंसी

अमेरिका की एक नई खुफिया रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी हमले के बाद ईरान का परमाणु कार्यक्रम कुछ महीने पीछे चला गया है लेकिन पूरी तरह तबाह नहीं हुआ है, जैसा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है। रक्षा खुफिया एजेंसी की ओर से सोमवार को जारी यह रिपोर्ट ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों की स्थिति को लेकर ट्रंप और इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बयानों के विपरीत है। हालांकि खुद ईरान ने कहा है कि अमेरिकी हमले में उसके परमाणु ठिकानों को भारी नुकसान पहुंचा है।

शुरुआती आकलन से अवगत दो व्यक्तियों ने नाम सार्वजनिक न करने की शर्त पर बताया कि रिपोर्ट में पता चला है कि ईरान के फोर्दो, नतांज और इस्फहान परमाणु स्थलों पर शनिवार को हुए हमलों से अच्छा खासा नुकसान हुआ है, लेकिन वे पूरी तरह नष्ट नहीं हुए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका के हमलों से पहले ही ईरान के अत्यंत संवर्धित यूरेनियम के एक हिस्से को दूसरी जगहों पर स्थानांतरित कर दिया गया था। फोर्दो में बहुत अंदर स्थित यूरेनियम संवर्धन संयंत्र का प्रवेश भाग ढह गया है और अवसंरचना को भी नुकसान हुआ है, लेकिन भूमिगत ढांचा क्षतिग्रस्त नहीं हुआ है।

मंगलवार को सीएनएन ने इस आकलन के बारे में सबसे पहले खबर दी लेकिन व्हाइट हाउस ने इसे गलत बताकर खारिज कर दिया है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलीन लेविट ने एक बयान में कहा, इस आकलन को उजागर करना राष्ट्रपति ट्रंप को नीचा दिखाने और ईरान के परमाणु कार्यक्रम को नष्ट करने के लिए एक बेहतरीन मिशन को अंजाम देने वाले बहादुर लड़ाकू पायलटों को बदनाम करने का प्रयास है। उन्होंने कहा, हर कोई जानता है कि जब आप 30,000 पाउंड के 14 बम लक्ष्य पर सटीक रूप से गिराते हैं तो क्या होता है: संपूर्ण विनाश। ट्रंप कई बार कह चुके हैं कि हमलों के कारण ईरान में परमाणु स्थल पूरी तरह से नष्ट हो गए हैं और ईरान कभी अपने परमाणु प्रतिष्ठानों का पुनर्निर्माण नहीं कर पाएगा।

उधर, ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई ने बुधवार को पुष्टि की कि अमेरिकी हमलों से देश के परमाणु प्रतिष्ठान बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुए हैं। 'अल जजीरा' से बात करते हुए बाघेई ने यह टिप्पणी की, हालांकि उन्होंने विस्तार से बताने से इनकार कर दिया। बाघेई ने स्वीकार किया कि रविवार को अमेरिकी बी-2 बमवर्षकों द्वारा बंकर-बस्टर बम गिराए जाने से काफी नुकसान हुआ है।

तेहरान में अमेरिका और इजराइल के खिलाफ महिलाओं ने किया प्रदर्शन।

इजराइल के लिए जासूसी के आरोप में तीन और को फांसी

दुबई। ईरान ने इजराइल के लिए जासूसी करने के आरोप में बुधवार को तीन और कैदियों को फांसी दे दी। ईरान की सरकारी इरना समाचार एजेंसी ने खबर में ईरान की न्यायपालिका का हवाला देते हुए कहा कि इन व्यक्तियों पर देश में हथियार लाने का आरोप था। ईरान ने इजराइल के साथ अपने युद्ध के दौरान कई लोगों को फांसी की सजा दी है। मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने आशंका जताई है कि संघर्ष समाप्त होने के बाद कई और लोगों को फांसी पर लटकाया जा सकता है।

अमेरिका-ईरान के अधिकारी अगले सप्ताह वार्ता करेंगे

द हेग। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका और ईरान के अधिकारी अगले सप्ताह बातचीत करेंगे, जिससे इजराइल और तेहरान के बीच हालिया संघर्ष के कारण बाधित हुई वार्ता बहाल होगी। नीदरलैंड में नाटो शिखर सम्मेलन के दौरान प्रेस वार्ता में ट्रंप ने कहा, मैं आपको बता दूं कि हम अगले सप्ताह ईरान के साथ बातचीत करने जा रहे हैं। हम किसी समझौते पर हस्ताक्षर भी कर सकते हैं। ट्रंप ने कहा कि उन्हें ईरान के साथ बातचीत फिर से शुरू करने में कोई खास दिलचस्पी नहीं है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अमेरिकी हमलों ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को नष्ट कर दिया है।

ट्रंप के खिलाफ पेश महाभियोग प्रस्ताव खारिज

वाशिंगटन। संसदीय मंजूरी के बगैर ईरान के विरुद्ध सैन्य कार्रवाई को लेकर राष्ट्रपति ट्रंप पर महाभियोग चलाने के प्रयासों के खिलाफ अमेरिकी संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा ने बढ़-चढ़कर मतदान किया। इस संबंध में पेश प्रस्ताव के विरोध में 344 और पक्ष में 79 वोट पड़े। टेक्सास से डेमोक्रेटिक सांसद एल ग्रीन ने यह प्रस्ताव पेश किया, जिसपर उनकी पार्टी में ही विभाजन हो गया। ग्रीन ने मतदान से पहले कहा, मैं ऐसा इसलिए कर रहा हूं क्योंकि किसी भी व्यक्ति को अमेरिकी संसद से परामर्श किए बिना 30 करोड़ लोगों को युद्ध में झोंकने का अधिकार नहीं होनी चाहिए। मैं समझता हूं कि या तो संविधान सार्थक साबित होगा या निरर्थक बन जाएगा। ट्रंप पर महाभियोग की यह पहली कोशिश नहीं है, लेकिन यह दिखाता है कि डेमोक्रेटिक पार्टी के कई सदस्य विशेष रूप से ईरान के परमाणु केंद्रों पर अचानक हमले के बाद से उनके प्रशासन से असहज हैं, जो पश्चिम एशिया के मामलों में एक जोखिम भरा हस्तक्षेप है।

साइबर धोखाधड़ी: गुजरात महाराष्ट्र में ईडी के छापे

अहमदाबाद, एजेंसी

- ऋण धोखाधड़ी में एनसीआर, पंजाब में भी छापेमारी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने साइबर अपराध से जुड़े 100 करोड़ रुपये से अधिक के धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में बुधवार को गुजरात और महाराष्ट्र में छापेमारी की। इन साइबर अपराधियों पर 'डिजिटल अरेस्ट' जैसे साइबर अपराध करने और विदेश में 100 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि स्थानांतरित करने का आरोप है।

एजेंसी के सूरत उप-क्षेत्रीय कार्यालय ने पीएमएलए के तहत गुजरात के सूरत और अहमदाबाद तथा मुंबई में यह छापेमारी की। सूत्रों ने बताया कि धन शोधन का यह मामला 2024 में मकबूल डॉक्टर, काशिफ डॉक्टर, बासम डॉक्टर, महेश मफतलाल देसाई, माज अब्दुल रहीम नाडा और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ गुजरात पुलिस की एक प्राथमिकी से सामने आया है। उन्होंने कहा कि आरोप है कि साइबर अपराधी विभिन्न साइबर धोखाधड़ी जैसे कि नकली यूएसडीटी ट्रेडिंग (क्रिप्टो मुद्रा), डिजिटल अरेस्ट, कानून प्रवर्तन एजेंसियों आदि के नकली नोटिस भेजकर लोगों को धमकी देने जैसी साइबर धोखाधड़ी करते थे।

ईडी ने इसके अलावा दिल्ली में पंजीकृत दिवालिया कंपनी के पूर्व प्रवर्तकों के खिलाफ 989 करोड़ रुपये की बैंक ऋण धोखाधड़ी से जुड़े मामले में बुधवार को एनसीआर और पंजाब में कई जगहों पर छापेमारी की। ऑटोमोबाइल और टेलीकॉम क्षेत्र के लिए बिजली के तार और केबल का डिजाइन एवं निर्माण करने वाली दिल्ली स्थित शिल्पी केबल्स टेक्नोलॉजीज लिमिटेड कंपनी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया हैं कंपनी के खिलाफ 2017 में दिवालिया की कार्रवाई शुरू की गई थी।

कर्नाटक: इंजीनियरिंग सीट से जुड़े घोटाले में छापे

बेंगलुरु। ईडी ने कुछ निजी कॉलेजों में इंजीनियरिंग सीट ब्लॉकिंग घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के तहत बुधवार को शहर में कई स्थानों पर छापे मारे। कुल 18 परिसरों पर छापे मारे गए, जिनमें बीएमएस कॉलेज, आकाश इंस्टीट्यूट और न्यू होराइजन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, बीएमएस के ट्रस्टियों और उनके मुख्य सहयोगियों, कुछ शिक्षा सलाहकारों और एजेंटों के ठिकाने शामिल हैं।

बांग्लादेश: हसीना के बचाव को नियुक्त वकील हटाया

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश के अपराध न्यायाधिकरण ने बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के बचाव के लिए सरकार द्वारा नियुक्त उस अधिवक्ता को हटा दिया है जिन्होंने पहले उन्हें फांसी देने की मांग की थी।

बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी-बीडी) हसीना के खिलाफ मुकदमा चला रही है। हसीना की करीब 16 साल पुरानी सरकार पिछले साल पांच अगस्त को छात्रों के एक आंदोलन के बाद गिर गई थी। बांग्लादेश के अधिकारियों के अनुसार आईसीटी-बीडी ने हसीना के लिए बचाव पक्ष के वकील के तौर पर नियुक्त अमीनुल गनी टीटू को कार्यमुक्त कर दिया है।

एक दिन पहले ही न्यायाधिकरण ने पूर्व प्रधानमंत्री के बचाव के लिए उनकी नियुक्ति की थी। हसीना पर जुलाई से अगस्त 2024 के दौरान देश में नरसंहार का आरोप है। न्यायाधिकरण ने संबंधित घटनाक्रम में आमिर हुसैन को हसीना तथा उनकी कैबिनेट में गृह मंत्री रहे असदुज्जमां खान कमाल के लिए बचाव पक्ष का वकील नियुक्त किया। टीटू ने पिछले साल फेसबुक पर एक टिप्पणी की थी जिस पर हाल में मीडिया में विवाद उठा।

- अपराध न्यायाधिकरण चला रहा है हसीना पर मुकदमा

भारतीय पायलट अभिनंदन को पकड़ने वाला पाकिस्तानी सैन्य अफसर मारा गया

इस्लामाबाद। पाकिस्तानी सेना के विशेष सेवा समूह का एक अधिकारी तालिबानी उग्रवादियों के साथ झड़प में मारा गया, जिसने 2019 में विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद भारतीय वायुसेना के पायलट अभिनंदन वर्धमान को पकड़ने का दावा किया था।

- अफगानिस्तान की सीमा के पास तालिबानी उग्रवादियों से मुठभेड़ में हुई मौत

सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के बयान के अनुसार, 37 वर्षीय मेजर सैयद मुईज अब्बास शाह मंगलवार को अफगानिस्तान की सीमा के पास दक्षिण वजीरिस्तान के सरारोगा इलाके में तालिबानी उग्रवादियों के साथ झड़प में मारे गए। बयान में कहा गया कि 27 वर्षीय लांस नायक जिब्रानउल्ला की भी इस हमले में मौत हो गई। इसमें कहा गया कि सेना के जवानों ने तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के 11 आतंकवादियों को मार गिराया और सात अन्य घायल हो गए। मुईज के जनाजे की नमाज रावलपिंडी के चकलाला गैरीसन में पढ़ी गई और सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर भी इसमें शामिल हुए।

कुल्लू जिले में बादल फटने के बाद मची तबाही
तीन लोग लापता, कई घर, स्कूल, सड़कें और पुलों को पहुंचा भारी नुकसान

शिमला, एजेंसी

हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में बुधवार को बादल फटने से अचानक आई बाढ़ में तीन लोग बह गए तथा कई घर, एक स्कूल भवन, संपर्क सड़कें और छोटे पुल क्षतिग्रस्त हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। कुल्लू जिले के सैंज में जीवा नाला और रेहला बिहाल तथा गड़सा क्षेत्र के शिलागढ़ में बादल फटने की तीन घटनाएं हुईं।

अधिकारियों ने बताया कि रेहला बिहाल में अपने घरों से सामान निकालने की कोशिश कर रहे तीन लोग बाढ़ में बह गए और लापता हैं। कुल्लू के अतिरिक्त जिला आयुक्त (एडीसी) अश्विनी कुमार ने बताया कि जिले के मनाली और बंजार में भी अचानक बाढ़ आ गई। टीम मौके पर मौजूद है और तलाश अभियान जारी है।

मणिकरण घाटी में ब्रह्म गंगा नाले में अचानक बाढ़ आने की भी सूचना मिली है। पानी का स्तर कई घरों तक पहुंच गया है और अगर यह जल्दी कम नहीं हुआ तो इससे नुकसान हो सकता है। कुल्लू में कई जगहों पर भारी बाढ़ के कई वीडियो में तबाही के निशान दिखे हैं। एक वीडियो में एक वाहन कीचड़ भरे पानी में बहता हुआ दिखाई दे रहा है।

बंजार के विधायक सुरिंदर शौरी ने कहा, सुबह से भारी बारिश हो रही है और मुझे कई कॉल आए हैं कि बारिश के कारण सैंज, तीर्थन और गड़सा में नुकसान हुआ है। मैंने प्रशासन से त्वरित कार्रवाई करने को कहा है क्योंकि लोग परेशान हैं। ब्यास और सतलुज नदियों का जलस्तर बढ़ गया है। इसके अलावा, लाहौल और स्पीति पुलिस ने कहा कि काजा से समदोह तक सड़क भूस्खलन, मलबा गिरने और नालों के उफान पर होने के कारण कई स्थानों पर अवरूद्ध हो गई है।

कुल्लू में बादल फटने के बाद ब्रह्म गंगा नाले में बाढ़ आ गई जिसने आबादी में भारी नुकसान पहुंचाया।

गाजा में इजराइली हमलों से 70 फिलिस्तीनियों की मौत

गाजा, एजेंसी

गाजा पट्टी में मंगलवार को इजरायली गोलीबारी और हवाई हमलों में कम से कम 70 फिलिस्तीनी मारे गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने संवाद एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि इजरायली बलों ने दक्षिणी गाजा पट्टी में राफा के उत्तर में शाकौश क्षेत्र में एक अमेरिकी समर्थित सहायता वितरण केंद्र के पास जुटे फिलिस्तीनियों की भीड़ पर गोलीबारी की।

गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों के एक चिकित्सा स्रोत ने बताया कि शाकौश में हुई इस गोलीबारी में कम से कम 25 लोग मारे गए और दर्जनों अन्य घायल हो गए। सूत्र ने कहा,सुरक्षा स्थितियों और क्षेत्र की दूरस्थता के कारण घायलों को पास के फील्ड अस्पतालों में ले जाने के लिए जानवरों द्वारा खींची जाने वाली गाड़ियों का इस्तेमाल किया गया। इस बीच एक अन्य घटना में इजरायली सेना ने पर वाडी गाजा के दक्षिण में सलाह अल-दीन स्ट्रीट पर खाद्यान्न लेने एकत्र हुए फिलिस्तीनियों को निशाना बनाया। मध्य गाजा पट्टी के नुसेरात में अल-अवदा अस्पताल ने कहा कि उसे 19 शव और 146 घायल व्यक्ति मिले हैं।

गाजा में खाने के पैकेट ले जाते लोग।

- सहायता वितरण केंद्र से राशन और खाने के पैकेट ले जा रहे लोगों पर की गोलीबारी

अनुदान कटौती के ट्रंप प्रशासन के फैसले के खिलाफ मुकदमा

बोस्टन। अमेरिका में 20 से अधिक राज्यों और वाशिंगटन डीसी के अटॉर्नी जनरलों ने ट्रंप प्रशासन की ओर से अनुदान में अरबों डॉलर की कटौती को चुनौती देते हुए संघीय अदालत में एक वाद दायर किया। मुकदमे में न्यायाधीश से ट्रंप प्रशासन को अनुदान में कटौती करने से रोकने का अनुरोध किया गया है।

मुकदमे में कहा गया है कि प्रशासन ने जनवरी से संघीय नियमन की एक अस्पष्ट धारा का उपयोग करके विभिन्न कार्यक्रमों और हजारों अनुदानों को रद्द किया है, जो पहले राज्यों व अनुदान प्राप्तकर्ताओं को प्रदान किए गए थे। वादियों ने तर्क दिया कि, बदली प्राथमिकताओं को आधार बनाकर अनुदान समाप्त करने के लिए धारा का इस्तेमाल करने का निर्णय गैरकानूनी है।

शिखर सम्मेलन | सामूहिक सुरक्षा गारंटी के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता को किया रेखांकित

ट्रंप के दबाव में नाटो सदस्य रक्षा खर्च में भारी वृद्धि पर सहमत

द हेग, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दबाव के बाद नाटो नेताओं ने बुधवार को रक्षा खर्च में भारी वृद्धि पर सहमति व्यक्त की तथा हमला होने पर एक-दूसरे की सहायता करने की अपनी 'दृढ़ प्रतिबद्धता' दोहराई। हालांकि रक्षा खर्च बढ़ाने पर सहमति के लिए यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को दरकिनार कर दिया गया।

शिखर सम्मेलन के एक वक्तव्य में उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) में शामिल 32 नेताओं ने कहा, सहयोगी देश अपने व्यक्तिगत और सामूहिक दायित्वों को सुनिश्चित करने के लिए 2035 तक मुख्य रक्षा आवश्यकताओं के साथ-साथ रक्षा एवं सुरक्षा संबंधी व्यय पर प्रतिवर्ष सकल घरेलू उत्पाद का पांच प्रतिशत खर्च करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। नेताओं ने नाटो की सामूहिक सुरक्षा गारंटी के प्रति अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता को भी रेखांकित किया कि एक देश पर हमला सभी पर हमला है। शिखर सम्मेलन से पहले, ट्रंप ने अमेरिका द्वारा अपने सहयोगियों की रक्षा को लेकर फिर से संदेह जताया था।

रक्षा खर्च में उल्लेखनीय वृद्धि पर सहमति के दौरान यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की दरकिनार दिखाई दिए। वर्ष 2022 से रूस के साथ युद्ध में उलझा यूक्रेन हमेशा नाटो शिखर सम्मेलन में चर्चा के केंद्र में रहा है, लेकिन जब गठबंधन के नेताओं की वार्षिक बैठक हेग में शुरू हुई, तो वोलोदिमीर जेलेंस्की कमरे में नहीं थे।

इसके बजाय, जेलेंस्की ने शिखर सम्मेलन स्थल पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सहित नेताओं के साथ आमने-सामने की बैठकों की एक श्रृंखला निर्धारित की। इस वर्ष के शुरू में अमेरिका में ओवल ऑफिस में ट्रंप और जेलेंस्की की झड़प हुई थी। ट्रंप ने सम्मेलन में शामिल होने से पहले संवाददाताओं से कहा, ठीक है, हम स्पष्ट बातों पर चर्चा करेंगे।

बैठक में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को किया गया दरकिनार

शिखर सम्मेलन में नाटो महासचिव मार्क रूट के साथ अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप।

जापान और अमेरिका में तनाव के संकेत उभरे

तोक्यो। जापानी प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा ने अमेरिका के ट्रंप प्रशासन को स्पष्ट संकेत दिया है : जापान-अमेरिका संबंध बहुत गंभीर स्थिति में हैं। कुछ दिन पहले ही उन्होंने कहा था कि वह इस सप्ताह हेग में होने वाले नाटो शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे, लेकिन अंतिम समय में उन्होंने अचानक नाम वापस ले लिया। जापानी मीडिया के मुताबिक, इशिबा ने अपनी यात्रा इसलिए रद्द की क्योंकि उनकी अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप से मुलाकात की उम्मीद नहीं थी और इंडो-पैसिफिक फोर (आईपी4) साझेदार की बैठक भी शायद नहीं होती। इशिबा के इस बैठक में शामिल नहीं होने से यह भी पता चलता है कि वाशिंगटन द्वारा जापान पर भारी शुल्क लगाने के बाद जापान ट्रंप प्रशासन के साथ अपने संबंधों को किस तरह देखता है।